You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-329 ❒ शनिवार, 03 जनवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

पोखरण परीक्षण, स्वर्ण चतुर्भुज योजना जैसी उपलब्धियां अटल सरकार के सुशासन की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि वाजपेयी सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के अनुरूप अंतिम पायदान पर मौजूद ।



सूर्य प्रताप शाही

आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों से पानी साझा नहीं कर सकता भारतः एस. जयशंकर 11

न्याय संहिता के क्रियान्वयन में दिल्ली पुलिस का दबदबा 12

इंदौर दूषित पानी मामले में दो अधिकारियों पर बड़ा एक्शन, सीएम मोहन ने लिया कड़ा फैसला

# इंदौर में दूषित जल पीने से अब तक 15 की मौत

## 16 बच्चों समेत 201 लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती

एजेंसी

इंदौर । मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां आज एक और मरीज की मौत हो गई। एक 60 वर्षीय महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शहर में दूषित पानी से यह 15वीं मौत है। मामले में शुक्रवार को राज्य सरकार ने अपनी स्टेटस रिपोर्ट भी उच्च न्यायालय में पेश कर दी है। स्टेटस रिपोर्ट में बताया गया है कि गंदे पानी से अब तक सिर्फ चार मौतें हुई हैं। जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने 6 जनवरी को सुनवाई की अगली तारीख तय की है। इधर मामले को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि इंदौर में पानी नहीं, जहर बांटा गया है। वहीं, उमा भारती ने कहा है कि इस पाप का घोष प्रायश्चित करना होगा।

इंदौर के भागीरथपुरा में आपूर्ति हुए दूषित पानी पीने से बीमार हुई 68 वर्षीय गीताबाई को गत 24 दिसंबर को एमवाई अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार को सुबह उनकी मौत हो गई। शहर में दूषित पानी से यह 15वीं मौत है। मृतका के पति राजू ने कि दूषित पानी पीने के कारण जब लोग लगातार बीमार होने लगे तो स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके घर पर पहुंची। इस दौरान गीताबाई, उनके बेटे और भतीजे उल्टी-दस्त से पीड़ित मिले। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान गीताबाई की मौत हो गई। गीताबाई को भी उल्टी-दस्त लगातार हो रहे थे। उन पर किसी दवा का कोई असर नहीं हुआ। इस पर ● शेष पेज 11 पर



**इंदौर में दूषित पानी**

- इंदौर में दूषित पानी के मामले में दो अधिकारियों पर कार्रवाई हुई है
- नगर निगम के अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया का ट्रांसफर कर दिया गया है। वहीं निगम आयुक्त, अपर आयुक्त को कारण बताओ नोटिस भी जारी हुए हैं
- सरकार ने हाई कोर्ट में पेश की स्टेटस रिपोर्ट, बताया-केवल चार मौते हुईं
- राहुल गांधी ने सरकार पर साधा निशाना, बोले- शहर में जहर बांटा
- इंदौर सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि दूषित पानी पीने से ही लोग बीमार पड़े और उनकी जान गई।

### जिंदगी की कीमत 2 लाख रुपये नहीं होतीः उमा भारती

इंदौर में दूषित पानी से मौतों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने भी बड़े सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स लिखा है कि इंदौर दूषित पानी के मामले में यह कौन कह रहा है कि हमारी चली ● शेष पेज 11 पर

### मायावती ने इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों पर दुख जताया, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि आम नागरिकों की जान खतरे में डालने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मध्य प्रदेश राज्य के इंदौर शहर में प्रदूषित पानी ● शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री आज पिपरावा के पवित्र अवशेषों की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को नई दिल्ली के राय पिथोरा सांस्कृतिक परिसर में पिपरावा के पवित्र अवशेषों की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। संस्कृति मंत्रालय ‘द लाइट एंड द लोटसः रेलिक्स ऑफ द अवेकन्ड वनक्क विषयक ऐतिहासिक सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। इस प्रदर्शनी में पूजनीय पिपरावा के पवित्र अवशेषों के साथ उनसे जुड़ी महत्वपूर्ण प्राचीन वस्तुओं को प्रदर्शित किया जाएगा। यह प्रदर्शनी भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से भारत के अटूट सभ्यतागत संबंधों और देश की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण व प्रस्तुति के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि कल, 3 जनवरी इतिहास, संस्कृति और भगवान बुद्ध के आदर्शों में रुचि रखने वालों के लिए बहुत खास दिन है। सुबह 11 बजे, दिल्ली के राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरावा अवशेषों की भव्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी, ‘द लाइट एंड द लोटसः रेलिक्स ऑफ द अवेकन्ड वन’ का उद्घाटन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में एक सदी से भी ज़्यादा समय बाद वापस लाए गए पिपरावा के अवशेष शामिल हैं। इसके अलावा पिपरावा के असली अवशेष और पुरातात्विक सामग्री जो नेशनल म्यूज़ियम, नई दिल्ली और इंडियन म्यूज़ियम, कोलकाता के कलेक्शन में सुरक्षित हैं। प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि यह प्रदर्शनी भगवान बुद्ध के विचारों को और .● शेष पेज 11 पर

# भाजपा विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल का आकस्मिक निधन

एजेंसी

बरेली। फरीदपुर से भाजपा विधायक प्रोफ़ेसर डॉ. श्याम बिहारी लाल का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। बरेली सर्किट हाउस में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मेडिसिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके निधन की खबर से राजनीतिक और शैक्षणिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार दोपहर को यहां सर्किट हाउस में राज्य के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की एसआईआर को लेकर बैठक चल रही थी। इसी दौरान डॉ. श्याम बिहारी लाल को अचानक सीने में तेज और असहनीय दर्द उठा। हालत बिगड़ते देख अफसरों और सहयोगियों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में उन्हें मेडिसिटी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने सीपीआर सहित तमाम प्रयास किए, ● शेष पेज 11 पर



- सर्किट हाउस में बैठक के दौरान बिगड़ गई थी तबियत

### फिल्म निर्माता अमित जानी ने कहा– शाहरुख का बांग्लादेशी क्रिकेटर खरीदना हिंदू-विरोधी

संभल । उत्तर प्रदेश के संभल में आज फिल्म निर्माता अमित जानी ने अभिनेता शाहरुख खान पर निशाना साधते हुए खरी खोटी सुनाई है। जानी संभल दंगों पर आधारित फिल्म ‘कल्कि संभल फाइल्स’ बना रहे हैं। उन्होंने शाहरुख खान पर एक बांग्लादेशी खिलाड़ी को करोड़ों रुपये देकर खरीद कर सम्मानित करने का आरोप लगाया, जिसे उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या से जोड़ा। अमित जानी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की निर्मम हत्या और दीपू चंद दास को जलाकर मारने जैसी घटनाओं के बाद पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा था। ऐसे में शाहरुख खान ने, जिन्होंने इस देश से सम्मान, प्यार और स्टारडम हासिल किया, एक बांग्लादेशी खिलाड़ी को 9 ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### लाल किला विस्फोट : एनआईए ने शोपियां और पुलवामा में चलाया तलाशी अभियान

श्रीनगर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के शोपियां और पुलवामा जिलों में दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए बम विस्फोट की जांच के तहत तलाशी अभियान चलाया है। एनआईए के अधिकारियों ने पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से आरोपितों में से एक यासिर अहमद डार को तलाशी अभियान में शामिल किया। अहमद को ‘व्हाइट कॉलर’ आतंकी मॉड्यूल के संबंध में गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान दक्षिण कश्मीर के शोपियां के पदपावां इलाके और पुलवामा के पंपोर इलाके में जारी है। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान मामले के नौवें आरोपी डार की सूचना पर चलाया गया, जिसने जांचकर्ताओं को इन इलाकों में कुछ गुप्त ठिकानों के बारे में बताया था। आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है।

### दिल्ली-एनसीआर के लोगों को वायु प्रदूषण से मिली राहत, एक्यूआई 236 दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को लंबे समय बाद प्रदूषण की मात्रा कम होने से यहां के लोगों ने राहत की सांस ली। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) आज 236 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के जारी आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को दिल्ली का एक्यूआई 236 दर्ज किया गया है जबकि नोएडा का 229, ग्रेटर नोएडा 238 और गुरुग्राम का एक्यूआई 187 दर्ज किया गया है, जो ‘खराब’ तथा ‘मध्यम’ श्रेणी को दर्शाते हैं। आज राजधानी के अधिकतर इलाकों का एक्यूआई 300 से कम दर्ज किया गया है। इनमें नजफगढ़ का 291, अशोक विहार का 284, पंजाबी बाग का 279, सोनिया विहार का 274, आईआईटी का 268, आईटीओ का 261, अलीपुर का 260, नरेला का 255, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम का 254, श्री अरबिंदों मार्ग का 251, मंदिर मार्ग का 228, बुराड़ी का 224, लोधी रोड आईएमडी का 222 पाया गया है, जबकि अया नगर का एक्यूआई 196 रहा। इसके अलावा आनंद विहार का एक्यूआई 318, जहांगीरपुरी का 305, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम का 305, सिरीफोर्ट का 317 और चांदनी चौक का 312 दर्ज किया गया है, जो बेहद गंभीर श्रेणी में है।

# हमारी संस्कृति और स्वभाव की जड़ें हमेशा मजबूत रहनी चाहिएः रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि विकास और प्रगति हमारी प्राथमिकता है, लेकिन हमारी संस्कृति और स्वभाव की जड़ें हमेशा मजबूत रहनी चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में रेखा गुप्ता ने यह बात आज दिल्ली स्थित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में तीन दिवसीय ‘दिल्ली ‘शब्दोत्सव‘ 2026‘ के उद्घाटन के दौरान कही। यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग और सुरुचि प्रकाशन द्वारा आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य भारतीयता, संस्कृति और साहित्य का समागम करना है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रेखा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर, दिल्ली शब्दोत्सव के संयोजक हर्ष वर्धन त्रिपाठी और सुरुचि प्रकाशन के अध्यक्ष राजीव तुली सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह मंच भारतीय इतिहास के तीनों कालों, अतीत, वर्तमान और भविष्य, के बीच संवाद स्थापित करेगा, जो वैदिक युग से लेकर आज के डिजिटल युग तक भारत की प्रगति को दर्शाएगा।दिल्ली संस्कृति मंत्री कपिल ● शेष पेज 11 पर




- यह मंच भारतीय इतिहास के तीनों कालों, अतीत, वर्तमान और भविष्य, के बीच संवाद स्थापित करेगा, जो वैदिक युग से लेकर आज के डिजिटल युग तक भारत की प्रगति को दर्शाएगा

### मौसम के बिगड़े मिजाज को देख किसानों की उड़ी नींद, आलू और सरसों की फसल को हो सकता नुकसान

फर्रुखाबाद । घने कोहरे के बजह से बढ़ी सर्दी और शुक्रवार को हुई बूंदाबांदी से किसानों के माथे पर चिंता की रेखाएं उभर आई हैं। इस बूंदाबांदी का बुरा असर सरसो और आलू की फसल पर पड़ेगा। पिछले दो सप्ताह से जिले में लगातार सर्दी का प्रभाव देखा जा रहा है। जिसमें कभी कोहरा छाया तो कभी पाला गिरने की घटनाएं सामने आईं। शुक्रवार सुबह कोहरा हल्का रहा और विजिबिलिटी 50 मीटर से अधिक दर्ज की गई। इटावा-बरेली हाईवे समेत जिले के अन्य प्रमुख मार्गों पर वाहन चालक लाइटें जलाकर सावधानीपूर्वक निकलते दिखाई दिए। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आर्द्रता 29 प्रतिशत रही। मौसम विभाग ने अगले एक-दो दिनों में बारिश होने की संभावना जताई है, जिससे सर्दी और बढ़ने का अनुमान है। यह मौसम किसानों के लिए चिंता का विषय बन गया है। ● शेष पेज 11 पर

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को मिली जमानत

एजेंसी

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मामले में विगत पांच माह से जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को आज उच्च न्यायालय बिलासपुर ने जमानत दे दी। चैतन्य बघेल को धन शोधन रोधी अधिनियम (मनी लॉन्ड्रिंग) की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया गया था।

उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधीश अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच ने यह निर्णय सुनाया है। फिलहाल, उन्हें ईओडब्ल्यू और ईडी मामले में जमानत मिली है। अन्य मामलों में जांच जारी है।

उनकी जमानत याचिका पर बहस पूरी होने के बाद उच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा था। अदालत ने आज शुक्रवार को चैतन्य बघेल की जमानत को लेकर आदेश जारी कर दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) के वकील सौरभ पांडे ने बताया कि छत्तीसगढ़ उच्च ने न्यायालय ने चैतन्य को शराब घोटाले से जुड़े दो मामलों में जमानत दी है। वे लगभग 168 दिनों के बाद जेल से रिहा होंगे।



गौरतलब है कि शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार चैतन्य बघेल 18 जुलाई 2025 से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। उन्हें उनके जन्मदिन पर उनके भिलाई स्थित घर से प्रिवेंशन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के ईडी तहत गिरफ्तार किया गया था। जबकि भ्रष्टाचार के मामले में सितंबर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने उन्हें तब गिरफ्तार किया, जब वे पहले से ही जेल में थे। ईडी ने शराब घोटाले की जांच आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा/एसीबी, रायपुर ने इंडियन पीनल कोड और प्रिवेंशन ऑफ़ करप्शन एक्ट, 1988 की अलग-अलग धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की है। यह राहत उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और छत्तीसगढ़ एंटी-करप्शन ब्यूरो की ओर से दर्ज केसों में मिली है।

जांच एजेंसियों के अनुसार यह घोटाला 2019 से 2022 के बीच हुआ, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचा। ईडी का आरोप है कि चैतन्य बघेल इस पूरे शराब सिंडिकेट के संरक्षक थे और उन्होंने करीब 1,000 करोड़ रुपये का लेन-देन व्यक्तिगत रूप से संभाला। वहीं, एसीबी का दावा है कि चैतन्य बघेल को हिस्से के तौर पर 200 से 250 करोड़ रुपये मिले । इस पूरे घोटाले की कुल रकम 3,200 करोड़ रुपये से ज्यादा हो सकती है। इस घोटाले में राजनेता, आबकारी विभाग के अधिकारी, कारोबारी सहित कई लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज है। बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने बताया था कि पप्पू बंसल ● शेष पेज 11 पर

## योगी सरकार का मॉडल ले रहा आकार

# जीरो पावर्टी की ओर बढ़ रहा उत्तर प्रदेश : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में गरीबी उन्मूलन अब महज नीतिगत घोषणा नहीं रह गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा संचालित ‘जीरो पावर्टी‘ मिशन ने प्रशासनिक इच्छाशक्ति, तकनीक और जमीनी सत्यापन को जोड़ते हुए एक सशक्त मॉडल प्रस्तुत किया है। इस अभियान का उद्देश्य स्पष्ट है, हर पात्र परिवार को योजनाओं से जोड़ा जाए। दो चरणों में किए गए इस व्यापक अभ्यास से यह साफ हो गया है कि योगी सरकार संख्या से अधिक पात्रता, पारदर्शिता और परिणाम पर ध्यान केंद्रित कर रही है। लखनऊ के गोसाईगंज में रहने वाले रामसागर, उर्मिला और रामू इसी का जीता जगता उदाहरण हैं, जिन्हें योजना के तहत मकान, पानी, सड़क, बिजली, राशन समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं से लैस किया गया है। समावेशी विकास की ओर निर्णायक कदमप्रदेश सरकार द्वारा जीरो पावर्टी अभियान के तहत लखनऊ के गोसाईगंज में रहने वाले रामसागर, उर्मिला और रामू को मकान, पानी, सड़क, बिजली, राशन समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश को समावेशी विकास और सामाजिक सुरक्षा के राष्ट्रीय मॉडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक पहल है। पहला चरणः 8 मूलभूत योजनाओं में डीबीटी पर फोकसजीरो पावर्टी अभियान के प्रथम चरण में 8 प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत पात्र परिवारों को शत-प्रतिशत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया। जिला स्तरीय रिपोर्ट के अनुसार राशन योजना में 97 प्रतिशत पात्र परिवारों तक लाभ पहुंच चुका है, जो खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। निराश्रित महिला पेंशन योजना में 87 प्रतिशत और दिव्यांग पेंशन में 62 प्रतिशत लाभार्थियों को आच्छादित किया गया है। वहीं पीएम/सीएम जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 63 प्रतिशत पात्र परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच मिला है। दूसरा चरणः वंचित परिवारों का घर-घर ● शेष पेज 11 पर



- योगी सरकार संख्या से अधिक पात्रता, पारदर्शिता और परिणाम पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

# श्रीगंगानगर जिले में पाकिस्तानी ड्रोन ड्रग्स गिराते समय क्रैश

एजेंसी

श्रीगंगानगर। पाकिस्तान की ओर से इंटरनेशनल बॉर्डर के जरिए ड्रोन से की जा रही नशे की तस्करी का एक बड़ा मामला श्रीगंगानगर जिले में सामने आया है। नए साल की रात एक जनवरी को पाकिस्तानी तस्करों ने ड्रोन के माध्यम से करीब 20 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन भारत भेजी, लेकिन ड्रग्स गिराते समय ड्रोन क्रैश हो गया। रावला थाना पुलिस ने मौके से 4.88 किलो हेरोइन, एक ड्रोन सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। श्रीगंगानगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहान ने शुक्रवार को घड़साना पुलिस थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे मामले का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि हेरोइन की खेप सीमा पार पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भेजी गई थी। जिस स्थान पर हेरोइन गिराई गई, वहीं ड्रोन भी तकनीकी कारणों से क्रैश हो गया। रावला थाना पुलिस एक जनवरी की रात गश्त पर थी। इसी दौरान थाना क्षेत्र में 15 केएनडी पुलिया के पास नहर किनारे तीन युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए, जिनके पास एक प्लास्टिक का कट्टा था। पुलिस वाहन देखकर तीनों भागने लगे, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। रावला थाना प्रभारी बलवंत कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान तीनों युवक घबराए हुए थे। तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 4 किलो 88 ग्राम हेरोइन और एक डीजेआई ड्रोन बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जगनदीप सिंह उर्फ लब्बू सिंह (26) निवासी ● शेष पेज 11 पर



- 4.88 किलो हेरोइन बरामद, ड्रोन के माध्यम से करीब 20 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन भेजी, तीन गिरफ्तार

# नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए. के. शर्मा ने गरीबों को वितरित किये चार हजार कम्बल

**ऊर्ज़ा मंत्री लोकसभा क्षेत्र डुमरियागंज (सिद्धार्थनगर) में सांसद जगदंबिका पाल के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित अभिनंदन समारोह में प्रतिभाग किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए. के. शर्मा ने लोकसभा क्षेत्र डुमरियागंज (सिद्धार्थनगर) के सांसद जगदंबिका पाल के जन्मदिवस के अवसर पर तुलसियापुर में आयोजित जन्मदिवस अभिनंदन समारोह में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर जनसेवा और सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए लगभग चार हजार गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए। मंत्री शर्मा ने स्वयं कई गरीब परिवारों को अपने हाथों से कंबल प्रदान कर सेवा भाव का संदेश दिया। अपने संबोधन में नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए. के. शर्मा ने सांसद जगदंबिका पाल को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जगदंबिका पाल जनता के प्रति पूर्णतः समर्पित ऐसे जन नेता हैं, जिनकी बात दिल्ली से लेकर लखनऊ तक गंभीरता से सुनी जाती है। उन्होंने कहा कि सांसद पाल की प्राथमिकता हमेशा क्षेत्र का विकास और आमजन की भलाई रही है। मंत्री शर्मा ने बताया कि नगर विकास विभाग द्वारा सिद्धार्थनगर जनपद में लगभग 2000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य कराए गए हैं, जिनमें से आधे से अधिक कार्य सांसद जगदंबिका पाल की अनुशंसा पर स्वीकृत और पूर्ण हुए हैं। इसके साथ ही विद्युतीकरण के क्षेत्र में भी उनके सतत प्रयासों से अनेक मजरों और गांवों में बिजली पहुंचाई गई, जिससे ग्रामीण जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि नए साल और जन्मदिवस जैसे अवसरों पर विदेश या पर्यटन स्थलों पर न जाकर जनता के बीच रहकर उत्सव मनाना, उनके जनसेवक होने का प्रमाण है। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत आज तेजी से उभरती हुई महाशक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा कि जब माननीय नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने थे, तब भारत विश्व की ग्यारहवीं अर्थव्यवस्था था, जबकि आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि उन्होंने राजनीति को कभी सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं माना, बल्कि इसे जिम्मेदारी, सेवा और कर्तव्य के रूप में स्वीकार किया है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना चौहान, चेयरमैन श्री गोविंद माधव, जिलाध्यक्ष श्री कन्हैया पासवान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# मोदी व योगी करेंगे 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल महाकुंभ का उदघाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। धर्म और संस्कृति की नगरी काशी अब खेल की दुनिया में नया इतिहास रचने को तैयार है। सिगरा स्थित नवनिर्मित डॉ संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 4 जनवरी से 11 जनवरी तक 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का भव्य आयोजन होने जा रहा है।काशी के इतिहास में यह पहली बार है जब इतने बड़े स्तर की नेशनल चैंपियनशिप आयोजित हो रही है। इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता का वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भौतिक रूप से उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे।उद्घाटन सत्र में उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति की उच्चस्तरीय बैठकों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं महापौर अशोक कुमार तिवारी स्वयं व्यवस्थाओं की कमान संभालकर निगरानी कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने पार्षदों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाकर तैयारियों की समीक्षा की।आयोजन को भव्य रूप देने के लिए पार्षदों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बैठक में आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र 'दयालु', भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, एमएलसी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरी, जगदीश तिवारी सहित अन्य लोग शामिल थे।दूसरी ओर, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल सहित नगर निगम, जिला एवं पुलिस प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने मौका मुआयना कर तैयारियों का जायजा लिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं महापौर की देखरेख में स्टेडियम को अभूतपूर्व रूप दिया जा रहा है।

## शंकरगढ़ में सघन चेकिंग, अवैध पार्किंग व ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई



प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले के शंकरगढ़ क्षेत्र में बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज मार्ग पर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। एसीपी बारा निकिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुए इस अभियान में अवैध पार्किंग और ओवरलोड वाहनों पर सख्ती बरती गई। प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह तोमर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सड़क पर खड़ी गाड़ियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई के दौरान मुख्य मार्ग से अतिक्रमण भी हटवाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। पुलिस ने आगे भी नियमित चेकिंग जारी रखने की बात कही है।

## माघ मेला शुरू होने से पहले साधु-संतों ने किया धरना अव्यवस्थाओं पर फूटा गुस्सा, 3 से मेला शुरू

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता । संगम की रेती पर 3 जनवरी से मेला शुरू होगा, माघ मेले से पहले से अव्यवस्थाएं सामने आने लगी हैं। मेले की तैयारियों से नाराज़ साधु-संत और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि सेक्टर कार्यालयों के चक्कर काटते नजर आए। सुविधाओं के अभाव को लेकर आक्रोशित साधु-संतों ने सेक्टर कार्यालय के सामने धरना देकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। साधु-संतों का आरोप है कि शिविरों में अब तक बिजली, नल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। इससे संत समाज को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धरने की सूचना पर प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर संतों से बातचीत की। काफी मान-मनौव्वल के बाद साधु-संत धरने से उठे, लेकिन व्यवस्थाएं दुरुस्त न होने पर दोबारा आंदोलन की चेतावनी दी है।

## एम्स रायबरेली ब्लड सेंटर को मिली एनएबीएच की मान्यता



रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता । अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायबरेली के रक्त केंद्र (ब्लड बैंक) को ब्लड बैंकिंग और ट्रांसफ्यूजन सेवाओं में राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (गइउक्ठ) द्वारा मान्यता दी गई है। कार्यकारी निदेशक डॉ. अमिता जैन ने टीम को बधाई दी और कहा कि यह मान्यता संस्थान की गुणवत्ता और मरीज़ों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। डीन (एकेडमिक्स) और पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज कुमारी ने क्लिनिकल सेवाओं और एकेडमिक ट्रेनिंग को मज़बूत करने में इसके महत्व पर ज़ोर दिया।रक्त बैंक की प्रभारी डॉ. अरुणप्रीत कौर ने इस उपलब्धि का श्रेय टीम वर्क और लगातार गुणवत्तापूर्ण प्रयासों को दिया। एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. ज्ञानेश्वर पटाले, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. तृप्ति लोखंडे और एडिशनल मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. नीरज श्रीवास्तव ने भी क्लिनिकल और प्रशासनिक टीमों के समन्वित प्रयासों की सराहना की।

## पांच दिवसीय सेवारत परिषदीय सहायक शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न



गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता । ब्लॉक संसाधन केंद्र भटहट पर समावेशी शिक्षा हेतु शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक अध्यापकों का ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण के अंतर्गत पांच दिवसीय परिषदीय सहायक शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न हो गया। ब्लॉक संसाधन केंद्र भटहट के खंड शिक्षा अधिकारी श्री विजय गुप्त और प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री जितेंद्र कुमार मिश्र की अध्यक्षता में परिषदीय विद्यालयों के सहायक अध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समावेशी शिक्षा के प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों की जागरूकता और शीघ्र पहचान स्पेशल एजुकेटर श्रीमती कुसुम यादव द्वारा बताया गया और दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षण तकनीकी एवं जागरूकता के बारे में श्री मनीष सहानी द्वारा चर्चा की गई। वॉक श्रवण दिव्यांगता से ग्रसित बच्चों को सांकेतिक माध्यम से पढ़ने के विषय में श्रीमती शशि त्रिपाठी जी द्वारा जानकारी दी गई। ठक्क्रक्रएथन्द से सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण में दिव्यांगता के प्रकार व रोकथाम जिससे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना व पुनर्वास संबंधी सुविधाओं पर चर्चा किया गया। सभी प्रशिक्षुओं को खंड शिक्षा अधिकारी विजय गुप्त जी के द्वारा प्रमाण पत्र देकर प्रशिक्षण का समापन किया गया।

## नगर निगम मे आयोजित 'संपूर्ण समाधान दिवस', 76 शिकायतों का किया गया निस्तारण

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता । शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ द्वारा शुक्रवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को आयोजित किए जाने की परंपरा के तहत नगर निगम मुख्यालय, लालबाग स्थित त्रिलोकनाथ सभागार में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संपन्न हुआ। समाधान दिवस की अध्यक्षता माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी ने की।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान नगर निगम के विभिन्न जोनों से गृहकर एवं जलकर से संबंधित कुल 76 आपत्तियाँ प्राप्त हुईं। इनमें गृहकर से संबंधित 60 तथा जलकल से संबंधित 16 आपत्तियाँ शामिल रहीं। जोनवार प्राप्त आपत्तियों का विवरण इस प्रकार रहा—जोन-1 से 25, जोन-2 से 5, जोन-3 से 5, जोन-4 से 1, जोन-5 से कोई आपत्ति नहीं, जोन-6 से 11, जोन-7 से 11 तथा जोन-8 से 2 आपत्तियाँ प्राप्त हुईं।क्क्रह्ट सर्वेक्षण के उपरांत कर निर्धारण से संबंधित आपत्तियों पर मौके पर ही सुनवाई की गई और कई मामलों में राहत प्रदान की गई। आपत्तिकर्ता श्री अनिल कुमार गोबिल, जानकीपुरम सेक्टर-एफ का क्क्रह्ट के अनुसार वार्षिक मूल्य 44,280 रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे निस्तारण के पश्चात घटाकर 21,262 रुपये कर दिया गया। इसी प्रकार हुसैनाबाद निवासी श्री गजन्फर नवाब के मामले में वार्षिक मूल्य 14,625 रुपये से घटाकर 11,025 रुपये निर्धारित किया गया।इसके अतिरिक्त पीर बुखारा क्षेत्र के श्री मोहम्मद हारून रिजवी का वार्षिक मूल्य 36,000 रुपये से घटाकर 21,600 रुपये किया गया।

# अलीगंज पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओ को अधिकारों को लेकर किया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत थाना अलीगंज पुलिस टीम द्वारा पुरनिया चौराहे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य महिलाओ व बालिकाओं को उनके अधिकारो के लिए जागरूक करना व साइबर ठगी से बचाव था। इस कार्यक्रम मे सजग,सतर्क व सशक्त नारी,सुरक्षित परिवार और मज़बूत समाज की भी बात कही गई। जागरूकता कार्यक्रम मे पुलिस द्वारा छात्र व छात्रओ को उनके अधिकार के प्रति सजग किया गया इस दौरान उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक करने वाले पम्पलेट भी वितरित किये गये साथ ही ये भी बताया गया कि मिशन शक्ति महिलाओं पर हो रहे हर तरह के अपराध से निपटने को तत्पर है लेकिन इसके लिए सभी को अपने ऊपर हो रहे उत्पीड़न के विरुद्ध आगे आना चाहिए ताकि ऐसा करने से रोका जा सके।

# नववर्ष के अवसर पर ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल (चौहान गुट) की हुई बैठक

**बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जी.सी. सिंह चौहान, सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं संगठन के साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। नववर्ष के अवसर पर महात्मा गांधी सभागार, विकास भवन, रायबरेली में ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल (चौहान गुट) की एक गरिमामय बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जी.सी. सिंह चौहान, सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं संगठन के साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बैठक का प्रमुख केंद्रबिंदु कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह रहीं, जिन्हें संगठन द्वारा प्रदेश महिला अध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने की औपचारिक घोषणा की गई। इस अवसर पर संगठन के नेतृत्व और उपस्थित सदस्यों ने पूनम सिंह के सामाजिक एवं संगठनात्मक अनुभव की सराहना करते हुए उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया।पदभार ग्रहण करते हुए पूनम सिंह ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जी.सी. सिंह चौहान, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सभी साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ निभाएंगी तथा नारी सशक्तिकरण को मजबूती देने, व्यापारी हितों की प्रभावी पैरवी करने और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगी।बैठक में नववर्ष के अवसर पर संगठन की आगामी कार्ययोजना, व्यापारियों की समस्याओं और महिला सहभागिता को बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनों ने संगठन की एकजुटता और जनहित में सकारात्मक भूमिका निभाने के संकल्प को दोहराया।

# संगम में प्रवाहित हो रही संयम, साधना और भक्ति की त्रिवेणी

**गंगा की रेती पर बस गया तंबुओं का अस्थायी शहर, पौष पूर्णिमा से शुरू होगा माघमेला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । प्रयागराज के संगम तट में लगे आस्था के सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक समागम माघ मेले में पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ ही माघ मेला क्षेत्र में तप, साधना और संयम की त्रिवेणी प्रवाहित होने लगेगी ।

भक्ति साधना और संयम की यह त्रिधारा है कल्पवास जिसकी शुरुआत पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ शनिवार को होगी। इस बार कल्पवासियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि की वजह से योगी सरकार ने कल्पवासियों के लिए भी विशेष इंतजाम किए हैं। माघमेला 3 जनवरी को पौष पूर्णिमा से प्रारंभ होकर 15 फरवरी महाशिवरात्रि तक चलेगा।

**12 लाख से अधिक कल्पवासियों की भक्ति और साधना से प्रकाशमान होंगे गंगा के तट**

प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित होने वाला माघ मेला धर्म, अध्यात्म और संस्कृति का देश का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है। पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ ही ज्ञान , भक्ति और साधना की विविध धाराएं यहां प्रवाहित होने लगेंगीं। माघ मेला क्षेत्र में एक तरफ दंड धारण करने वाले दंडी संतों और रामानंदी आचार्य संतो और मुकाम धारी खालसा के संतों की दुनिया होगी तो वहीं होगा चतुष्पीठ के शंकराचार्यों का वैभव। अध्यात्म के इस सागर में यहां कल्पवासियों के जप, तप और संयम की त्रिवेणी अभी से प्रवाहित होने लगी है। पौष पूर्णिमा से पूरे एक महीने तक गंगा और यमुना की रेत पर तंबुओं के शिविर बनाकर ठिठुरती ठंड में साधना करने वाले इन कल्पवासियों की संख्या में इस साल अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। मेला प्रशासन का अनुमान है कि इस बार 12 से 15 लाख कल्पवासी माघ मेले में कल्पवास करेंगे।

**पहली बार कल्पवासियों के लिए बनाया गया प्रयागवाल नगर**

कल्पवासियों को माघ मेले का प्रथम साधक माना जाता है जिनके बिना माघ मेले के आयोजन की कल्पना भी नहीं संभव है। माघ मेला क्षेत्र में इन्हें बसाना मेला प्रशासन की प्राथमिकता होती है। एडीएम माघ मेला दयानन्द प्रसाद बताते हैं कि इस बार महाकुंभ 2025 के भव्य और दिव्य आयोजन की स्मृति और 12 साल बाद कल्पवास के संकल्प लेने की परम्परा के चलते कल्पवासियों की संख्या बढ़ गई है। इसे देखते हुए पहली बार माघ मेला क्षेत्र में कल्पवासियों के लिए एक अलग से भी 950 बीघे में एक नगर बसाया गया है जिसे प्रयागवाल नाम दिया गया है। नागवासुकी मंदिर के सामने गंगा नदी के पार इसे बसाया गया है। तीर्थ पुरोहितों और मेला प्रशासन के साथ आपसी विचार विमर्श के बाद यह फैसला लिया गया है। वैसे तीर्थ पुरोहितों की मांग और सहूलियत को देखते हुए विभिन्न सेक्टरों में भी कल्पवासियों के लिए तंबू लगाए गए हैं। कल्पवासी की उम्र और अवस्था को देखते हुए इन्हें बसाया जा रहा है। मेला क्षेत्र में मूल रूप से कल्पवास करने वाले इन श्रद्धालुओं को गंगा के तटों के पास ही तंबुओं की व्यवस्था की गई थी ताकि सुबह प्रतिदिन इन्हें गंगा स्नान के लिए दूर तक न चलना पड़े।

# कोरांव महोत्सव में भाजपा प्रत्याशी दूसरे दिन पहुंचे नीरज त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। शुक्रवार को भी नगर पंचायत कोरांव के विश्वनाथ संस्कृत पाठशाला में 1 जनवरी से चल रहा तीन दिवसीय कोरांव महोत्सव दूसरे दिन भी दूर दूर से आए कवियों की भजन, गजल सुनकर झूम उठे और तालिया बजाते हुए खुशी से झूम उठे कोरांव महोत्सव के दूसरे दिन के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व लोकसभा भाजपा पार्टी से रहे प्रत्याशी व अपर महाअधिवक्ता उच्चन्यायालय इलाहाबाद नीरज त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख कोरांव मुकेश कोल , व जिलाध्यक्ष भाजपा पार्टी जमुनापार राजेश शुक्ल रहे इसके साथ साथ क्षेत्र से कई सम्मानित लोग कार्यक्रम में पहुंचकर हिस्सा भाग लिया कार्यक्रम में आए दूर दूर से कवि अशोक सिंह बेशरम , बबलू सिंह बहियारी , प्रीति पांडे , संजय सावरा , अमित कवि, प्रशांत बजरंगी , आदि कवियों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया साथ क्षेत्र के सम्मानित लोग जैसे तुलसी दास राणा, मुन्ना सिंह राजेश त्रिपाठी , भोला प्रसाद तिवारी, अवध नारायण तिवारी , , सोनू पाठक, वागेश पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे साथ छात्र छात्राओं को पुरस्कार भी वितरण किया गया


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 20413-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 14241-SLR-F1-PYGS-SRE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 20415-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 22130-SLR-F1-AYC-LTT-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 12:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 12:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 19402-SLR-F1-LKO-SBIB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 22178-22177-VP-1-BSB-CSMT-25-6 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 12:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No.: C/SLR Leasing contract-2019/KS/SJK Date: 01.01.2026 16/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राम आसरे वर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं जननेता स्व. राम आसरे वर्मा की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके आवास ई1, लॉरेंस टैरेस कॉलोनी, हजरतगंज में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई।स्व. वर्मा आजीवन गरीब, मजदूर, किसान और आम जनता के हितों के लिए संघर्षरत रहे। वे मल्लावां, बिलग्राम विधानसभा क्षेत्र से पांच बार निर्दलीय विधायक चुने गए तथा कई बार राज्य मंत्री का दर्ज़ा प्राप्त किया। वर्ष 1992 में सर्वसम्मति से उन्हें उत्तर प्रदेश विधानसभा का उपाध्यक्ष बनाया गया। इससे पूर्व वे जनता पार्टी और जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। सिद्धांतों की राजनीति के प्रतीक वर्मा जी ने 1992 में मुख्यमंत्री पद का अवसर भी राजनीतिक कारणों से ठुकरा दिया।जनता दल के बाद उन्होंने समता पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल में प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए संगठन को मजबूत किया। उनका निधन 2 जनवरी 2012 को हुआ।पुण्यतिथि कार्यक्रम में डॉ. संदीप पटेल, रविन्द्र सिंह एडवोकेट, सहजाद सिद्दीकी, रंजीत आर्य, रॉबिन वर्मा, अनिल कुमार सहित अनेक समाजसेवियों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को याद किया।

# मेट्रो कास्टिंग यार्ड के लिए एलडीए देगा 12.5 हेक्टेयर जमीन

**बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि बसंतकुंज योजना के सेक्टर-के में 6 हेक्टेयर जमीन और राष्ट्र प्रेरणा स्थल के उद्घाटन के समय बनाई गई अस्थायी पार्किंग की 6.5 एकड़ जमीन कास्टिंग यार्ड के लिए चुनी गई है**

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । लखनऊ मेट्रो के ईस्टऽवेस्ट कॉरिडोर के निर्माण को लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण 12.5 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध कराएगा। इस जमीन पर मेट्रो का अस्थायी कास्टिंग यार्ड बनाया जाएगा, जहां मेट्रो के पिलर और अन्य ढांचे तैयार किए जाएंगे।

इस संबंध में शुक्रवार को एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मेट्रो अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मेट्रो परियोजना के लिए दी जाने वाली एलडीए और नजूल भूमि पर चर्चा की गई। एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि बसंतकुंज योजना के सेक्टर-के में 6 हेक्टेयर जमीन और राष्ट्र प्रेरणा स्थल के उद्घाटन के समय बनाई गई अस्थायी पार्किंग की 6.5 एकड़ जमीन कास्टिंग यार्ड के लिए चुनी गई है। मेट्रो से सहमति बनने के बाद यह जमीन हस्तांतरित कर दी जाएगी। इसके अलावा मेट्रो डिपो के निर्माण के लिए बसंतकुंज योजना के सेक्टर-ए के दक्षिणी हिस्से में करीब 18 हेक्टेयर जमीन चिन्हित की गई है। इसमें दुबग्गा मछली मंडी की जमीन भी शामिल है। इसके बदले आगरा एक्सप्रेस-वे पर प्रस्तावित वरुण विहार योजना में मछली मंडी के लिए उतनी ही जमीन दी जाएगी। बैठक के दौरान मेट्रो अधिकारियों ने चौक, चारबाग, गौतम बुद्ध मार्ग सहित कुछ अन्य जगहों पर भी जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस पर एलडीए उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को जल्द सर्वे कर एनओसी जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम की जमीन से जुड़े प्रस्तावों के रिकॉर्ड एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने को कहा गया। बैठक में अपर सचिव सी.पी. त्रिपाठी, मुख्य नगर नियोजक के.के. गौतम, मुख्य अभियंता मानवेन्द्र कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा सहित एलडीए और मेट्रो के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# नगराम के अमरेन्द्र भारद्वाज बने श्रद्धालुओं के सहायक

**सैकड़ों भक्तों को मेहंदीपुर बालाजी के कराए दर्शन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ। नगराम क्षेत्र के अनैया खरगापुर निवासी जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने नववर्ष के पावन अवसर पर धार्मिक आस्था और जनसेवा की अनुकरणीय मिसाल पेश की। उन्होंने क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं को राजस्थान स्थित विश्वप्रसिद्ध तीर्थ स्थल मेहंदीपुर बालाजी महाराज के दर्शन कराए, जिससे भक्तों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।

इस धार्मिक यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। यात्रा के दौरान बसों की व्यवस्था, ठहरने एवं भोजन सहित सभी आवश्यक प्रबंध अमरेन्द्र भारद्वाज द्वारा स्वयं सुनिश्चित किए गए, ताकि किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न हो। व्यवस्थित और सुरक्षित यात्रा के चलते श्रद्धालुओं ने सहजता से बालाजी महाराज के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। दर्शन उपरांत श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज से सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और परिवार की खुशहाली की कामना की। अमरेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि वे विगत कई वर्षों से नववर्ष के मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं को मेहंदीपुर बालाजी महाराज के दर्शन कराने की परंपरा निभाते आ रहे हैं, ताकि नववर्ष की शुरुआत आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक भावनाओं के साथ हो। इस पुण्य कार्य के लिए श्रद्धालुओं ने अमरेन्द्र भारद्वाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक जनप्रतिनिधि द्वारा किया गया ऐसा प्रयास न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करता है, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और सकारात्मकता का संदेश भी देता है।

# कड़ाके की ठंड में मानवता की मिसाल

**छतौनी के समाजसेवी सुभाष गुप्ता ने सैकड़ों गरीब-असहायों को बांटे कंबल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र के छतौनी निवासी समाजसेवी सुभाष गुप्ता ने अपनी धर्मपत्नी निर्मला गुप्ता के साथ भीषण ठंड को देखते हुए मानवता और सामाजिक सरोकार की अनुकरणीय मिसाल पेश की। उन्होंने शुक्रवार को अपनी ग्राम पंचायत के सैकड़ों गरीब एवं असहाय लोगों को कंबल वितरित कर उन्हें ठंड से राहत दिलाई। इस पुनीत कार्य से जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत और मुस्कान साफ दिखाई दी।

कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों, महिलाओं , विकलांग और जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता दी गई। सुभाष गुप्ता ने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर कंबल वितरित किए और यह सुनिश्चित किया कि सहायता वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड में असहाय लोगों की मदद करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। कंबल पाकर लाभार्थियों ने समाजसेवी सुभाष गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सर्द मौसम में यह सहायता उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। क्षेत्रवासियों ने भी इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए इसे समाज में सेवा और संवेदनशीलता का प्रेरणादायक उदाहरण बताया। कार्यक्रम में गांव के दर्जनों संभ्रांत लोगों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान रामसुंदर रावत, रामसागर, समेत हार्दिक गुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# जैकेट खरीदने को लेकर बाजार में युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के कुढ़ा बाजार में जैकेट खरीदने को लेकर हुई कहासुनी ने देखते ही देखते मारपीट का रूप ले लिया। घटना में एक युवक के साथ लात-घूंसे से मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मोहनलालगंज थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के डाडा सिकन्दरपुर, निवासी दीपक पुत्र सत्यनारायण बीते मंगलवार की शाम कुढ़ा बाजार गए थे। इसी दौरान बाजार में नीरज पुत्र राम सुचित से जैकेट खरीदने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि बात बढ़ने पर नीरज पुत्र राम सुचित, राम अचल पुत्र राम सुचित तथा अभिषेक पुत्र अज्ञात, निवासीगण ग्राम कुढ़ा, एक राय होकर दीपक के साथ गाली-गलौज करने लगे।पीड़ित का आरोप है कि तीनों ने मिलकर उसे मां-बहन की गालियां दीं और लात-घूंसे से मारपीट की। घटना के दौरान बाजार में अफरा-तफरी मच गई। शोरगुल सुनकर मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। इसके बाद आरोपित युवक दीपक को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।घटना के बाद से पीड़ित दीपक और उसका परिवार भय के साए में जी रहा है।

पीड़ित ने मोहनलालगंज थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दी है और आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।इस संबंध में पुलिस का कहना है किजांच की जा रही है। जांच के उपरांत दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

## डॉ. पी.सी. मिश्रा क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन, निगोहां प्रेस क्लब बना विजेता



निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । निगोहां स्थित एसएनटी मैदान में आयोजित डॉ. पी.सी. मिश्रा क्रिकेट टूर्नामेंट का शुक्रवार को रोमांचक समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में निगोहां प्रेस क्लब ने रानू प्रधान इलेवन को 9 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। सेमीफाइनल में निगोहां प्रेस क्लब ने पीसीएम टीम को 188 रनों के विशाल स्कोर के मुकाबले 89 रन पर समेटते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रेस क्लब ने 101 रन बनाए, जिसके जवाब में रानू प्रधान इलेवन 92 रन ही बना सकी। पुरस्कार वितरण समारोह में आयोजक अंकुर मिश्रा ने विजेता टीम को ट्रॉफी व 1,51,000 रुपये तथा उपविजेता को ट्रॉफी के साथ 1 लाख रुपये का पुरस्कार दिया। मैन ऑफ द सीरीज मो. सैफ और मैन ऑफ द मैच अनिकेत रहे। समापन समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मोर्या सहित धीरू पाण्डेय, नवीन मिश्रा समेत कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। हजारों दर्शकों की उपस्थिति और ऑनलाइन लाइव प्रसारण के साथ टूर्नामेंट ने क्षेत्र में क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह बढ़ाया।

## नववर्ष पर निगोहां थाने में पुलिस-चौकीदार संवाद



निगोहां , कैनविज टाइम्स संवाददात। निगोहां थाना परिसर में नववर्ष के अवसर पर शुक्रवार को ग्राम चौकीदारों के साथ एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसीपी मोहनलालगंज विकास कुमार पांडेय ने किया। एसीपी विकास कुमार पांडेय ने ग्राम चौकीदारों को पुलिस व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि वे गांव स्तर पर प्रशासन की आंख और कान हैं। उनकी सजगता और तत्परता से ही क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहती है। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त कराना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें ग्राम चौकीदारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और निर्णायक होगी। एसीपी ने निर्देश दिए कि गांवों में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, आपसी विवाद, अवैध गतिविधियों या अफवाह की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। बैठक के समापन पर एसीपी विकास पांडेय और थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए ग्राम प्रहरियों को कंबल वितरित किए।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में आरडीएसएस के लिए वर्चुअल सड़क सुरक्षा कार्यशाला

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददात । राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत दिनांक 02 जनवरी 2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात के निर्देशन में आरडीएसएस प्रोजेक्ट यूपी के अंतर्गत एक वर्चुअल सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह सत्र यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट्स एंड सर्विसेज लिमिटेड (वोल्टास की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) के कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 90 इंजीनियरों ने सहभागिता की।कार्यशाला का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षित यातायात व्यवहार को बढ़ावा देना रहा। सत्र को संबोधित करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त, ट्रैफिक श्री बी.के. पांडे ने कहा कि अधिकतर सड़क हादसे यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होते हैं। उन्होंने शराब पीकर वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग पर जोर दिया।रीजनल सेफ्टी मैनेजर (नॉर्थ) श्री विजय कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। वहीं ट्रैफिक इंस्पेक्टर महानगर श्री परमेश पाठक ने घने कोहरे व प्रतिकूल मौसम में वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की।हीरो मोटोकॉर्प ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क के विशेषज्ञ श्री सुमित मिश्रा ने सुरक्षित ड्राइविंग तकनीकों की जानकारी देते हुए कहा कि सही प्रशिक्षण और अनुशासन से दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संकल्प लिया। आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और जागरूकता ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है।

# अवैध कच्ची शराब बेचते महिला गिरफ्तार, दस लीटर शराब बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के इन्द्रजीतखेड़ा गाव में पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने मौके से करीब दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को उपनिरीक्षक संजय कुमार वर्मा अपने हमराही कांस्टेबल राकेश जायसवाल के साथ क्षेत्र में गश्त व संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान खास मुखबिर से सूचना मिली कि इन्द्रजीतखेड़ा गाव में एक महिला अपने घर के बाहर अवैध कच्ची शराब बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने एंटी रोमियो टीम की महिला कांस्टेबल साधना वर्मा तथा उपनिरीक्षक ज्ञान प्रकाश मिश्र को मौके पर बुलाया।पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही महिला भागने का प्रयास करने लगी, लेकिन महिला कांस्टेबल की तत्परता से उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान महिला के पास से दस लीटर की पिपिया में भरी कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में महिला ने अपना नाम रूबी पत्नी गोलू कंजड, निवासी इंद्रजीत खेड़ा मोहनलालगंज बताया महिला ने पुलिस के सामने स्वीकार किया कि वह अवैध कच्ची शराब बेचने के लिए लाई थी। शराब रखने व बेचने से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर पुलिस ने उसे आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत गिरफ्तार कर लिया। बरामद शराब में से एक लीटर नमूना लेकर सील किया गया तथा शेष शराब को कब्जे में लिया गया।गिरफ्तारी के दौरान उच्चतम न्यायालय व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। मौके पर मौजूद लोगों को गवाह बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन वे आगे आने से कतराते रहे। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# भटवारा प्रधान ने किया कंबल वितरण,अतिथियों को भेंट की शॉल

**मुख्य अतिथि उपयुक्त मनरेगा ने कही बच्चों को अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार देने की बात**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । विकास खंड गोसाईगंज की ग्राम पंचायत भटवारा के मजरा उदावत खेड़ा के प्रधान सुनील कुमार यादव की ओर से कंबल वितरण किया गया तो कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों को शॉल भेंट की गई।इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त मनरेगा लखनऊ, सुशील सिंह मौजूद रहे।

उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित लोगों से शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि सभी लोग बच्चों को अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कार दे तभी अच्छा समाज बन सकता है। इसी के बाद खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह ने ग्राम प्रधान के कंबल वितरण कार्यक्रम की सराहना की और प्रधान के कार्य को सराहनीय बताया। सहायक विकास योजना कमल किशोर शुक्ला ने कहा कि ग्राम प्रधान ने कंबल वितरण का काम निजी खर्चे से किया है।ऐसा बहुत होते देखा गया है।कार्यक्रम में राम सनेही,घनश्याम, राम नरेश,घनश्याम, सबीर,राम नरेश कयूम इम्तियाज किशोर,नौशाद वकील, शकील ,नूर अली, सहित सैकड़ों लोगों को कंबल दिए गए। अंत कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान सुनील कुमार यादव ने आयोजन में शामिल होने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपयुक्त मनरेगा लखनऊ,सुशील सिंह, के अलावा अतिथि खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह व सहायक विकास खंड विकास अधिकारी अधिकारी कमल किशोर शुक्ला, ए पी ओ गौरव त्रिपाठी, ग्राम विकास अधिकारी रविकांत पांडेय, पूर्व प्रधान फूल चंद यादव,दिलीप कुमार यादव,भूपेंद्र यादव के अलावा अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# मड़ियांव थाना बना अपराध नियंत्रण की मिसाल

**काम बोले, नाम नहीं की नीति पर खरे उतरते प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी के मड़ियांव थाना आज अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में एक मिसाल के रूप में उभरकर सामने आया है। इसकी सबसे बड़ी वजह हैं प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा, जो सोशल मीडिया प्रचार और दिखावे से दूर रहकर केवल परिणामोन्मुखी पुलिसिंग को प्राथमिकता देते हैं। 2001 बैच के इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा बीते ढाई वर्षों से मड़ियांव थाने की कमान संभाल रहे हैं।

वर्तमान में वे क्राइम ब्रांच लखनऊ के भी प्रभारी हैं। उनके कुशल नेतृत्व में न केवल मड़ियांव थाना क्षेत्र, बल्कि पूरे लखनऊ में कई बड़े और सनसनीखेज अपराधों का सफल अनावरण किया गया है।*वाहन चोरियों पर कड़ा प्रहार*बीते वर्ष मड़ियांव थाना क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोर गिरोहों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 43 मोटरसाइकिलें बरामद कीं। इसके बाद 17 अन्य चोरी की मोटरसाइकिलों की बरामदगी के साथ कई शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।यूपी के एक वरिष्ठ अधिकारी के आवास पर हुई चोरी समेत कई हाई-प्रोफाइल मामलों का भी सफल खुलासा किया गया।*गैंगस्टर एक्ट और जिला बदरी की कार्रवाई*अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए मड़ियांव पुलिस ने सात गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे दर्ज कर कई अपराधियों को जिला बदर किया, जबकि कई को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया।*क्राइम ब्रांच के प्रभारी रहते हुए बड़े एनकाउंटर* क्राइम ब्रांच लखनऊ के प्रभारी के रूप में शिवानंद मिश्रा की टीम वर्ष 2025 में हुए पांच बड़े पुलिस एनकाउंटरों में से चार में शामिल रही, जिनमें कई कुख्यात अपराधियों का अंत किया गया।दिसंबर 2024 इंडियन ओवरसीज बैंक के 42 लॉकर तोड़कर करोड़ों की चोरी करने वाले गिरोह से मुठभेड़।मार्च 2025 मलिहाबाद में दुष्कर्म व हत्या के मुख्य आरोपी अजय कुमार का एनकाउंटर

## सैरपुर पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक को किया गिरफ़्तार

बीकेटी,लखनऊ । शुक्रवार को लखनऊ कमिश्नरेट के थाना सैरपुर अंतर्गत पुलिस ने एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ़्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर उसके अन्य अपराधिक इतिहास के बारे में पता करने में लगी हुई थी।थाना प्रभारी सैरपुर मनोज कोरी के अनुसार पुलिस अन्य पेंडिंग मामलों की जांच में जुटी हुई थी तभी मुखबिर की ख़ास सूचना पर उ.नि.मोनू, का.राजू राणा,का.पंकज कुमार सैरपुर के निकट गिट्टी प्लांट के पास पहुंचे जहां एक संदिग्ध युवक हाथ में थैला लिए खड़ा हुआ था पुलिस को देखकर उसने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया और जमा तलाशी के दौरान उसके थैले से विंडीज़ कंपनी के बीस पाउच देशी शराब के बरामद हुए,वही पकड़े गए युवक की पहचान सैरपुर थाना अंतर्गत टंटापुरवा गांव निवासी नीरज यादव रूप में हुई है।

## अमरावती गौ सेवा ट्रस्ट की तरफ से निशुल्क कम्बल वितरण



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददात । अमरावती गौ सेवा ट्रस्ट इन दिनों गरीब असहाय बेघर बेसहारा जरूरत मंद लोगो को इस कड़ाके की ठंड से बचने के लिए निशुल्क कम्बल वितरण का कार्य जोरों से किया जा रहा कम्बल पाकर गरीब विकलांग असहाय लोगों मे काफी ज्यादा खुशी देखने को मिली ट्रस्ट के पदाधिकारी लोगो द्वारा बताया गया निशुल्क कम्बल वितरण कार्य और तेजी से किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक जरूरत मंद लोगो को इस कड़ाके की ठंड से राहत मिल सकेधीरेंद्र सिंह शिवमूर्ति अनूप यादव प्रिंस सिंह कोमल कुमार मनी राम बाबा व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे

# राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय लखनऊ क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**आंचलिक कार्यालय, लखनऊ के प्रशिक्षण हॉल में क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय लखनऊ क्षेत्र द्वारा एएसयूएसई एवं पीएलएफएस जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सर्वेक्षणों की उपयोगिता, महत्ता एवं इनके प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को आंचलिक कार्यालय, लखनऊ के प्रशिक्षण हॉल में क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र, रोजगार की स्थिति, श्रमबल की भागीदारी, उद्यमों की संरचना तथा विभिन्न आर्थिक गतिविधियों से संबंधित विश्वसनीय, अद्यतन एवं सटीक सांख्यिकीय आंकड़ों के संकलन में एएसयूएसई एवं पीएलएफएस सर्वेक्षणों की भूमिका को रेखांकित करना था। इन सर्वेक्षणों से प्राप्त आंकड़े केंद्र एवं राज्य सरकारों को नीति निर्धारण, योजनाओं के निर्माण, उनके प्रभाव के मूल्यांकन तथा भविष्य की विकास रणनीतियों को सुदृढ़ आधार प्रदान करते हैं। इस क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के विभिन्न कार्यालयों से लगभग 100 अधिकारी एवं क्षेत्र कर्मचारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुचिता गुप्ता उप महानिदेशक ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार, उप महानिदेशक, आंचलिक कार्यालय लखनऊ रहे। शिविर में पुरुषोत्तम वर्मा निदेशक आंचलिक कार्यालय लखनऊ, मोहम्मद तैय्यब उप निदेशक, आंचलिक कार्यालय लखनऊ, डिंपल यादव उप निदेशक क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ एवं अंशिका वाजपेयी सहायक निदेशक क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ मौजूद रही।

# डीएम ने सड़क सुरक्षा माह के तहत प्रचार प्रसार वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**31 जनवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा माह का हुआ शुभारम्भ**

**यातायात नियमों का पालन करने की अपील-सड़क सुरक्षा माह के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्रः डीएम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चलने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अटल बिहारी ऑडिटोरियम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ डीएम और एआरटीओ सर्वेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मां सस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए किए गए प्रयासों और जनवरी माह में विभिन्न विभागों के द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। डीएम ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत विद्यालयों द्वारा वीडियो, रील, ड्रामा, थिएटर, स्लोगन और संदेशों के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को 31 जनवरी के बाद नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। सीडीओ डा. अपराजिता सिंह ने इमरजेंसी केयर के मोबाइल नंबर की जानकारी दी। कहा कि दुर्घटना में घायलों को गोल्डन आवर में नजदीकी अस्पताल में पहुंचाएं। जिससे घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सके। एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार ने यातायात नियमों का उल्लंघन न करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि घरों और असपास के लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करें। टीएसआई विनय पांडेय ने कहा कि राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने पर सरकार द्वारा 25 हजार रूपए और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। कार्यक्रम के अंत में डीएम ने सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। साथ ही सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार के पांच वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, मोटरयान निरीक्षक विकास यादव, क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, आईएमए के सचिव संजीव कनौजिया आदि मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक

**विकास कार्यों व स्वच्छता पर दिए कड़े निर्देश, नगरीय निकायों में ओपन जिम, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स व स्वच्छता प्रतिस्पर्धा के कही बात**

**ई-रिक्शा रूट चार्ट, टैक्सी स्टैंड व अलाव व्यवस्था पर जिलाधिकारी के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को समस्त नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के विकास कार्यों एवं निकाय अन्तर्गत संचालित समस्त योजनाओं एवं 15 वॉ वित्त आयोग टाइड ग्रांट एवं अनटाइड ग्रांट की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगरीय निकायों में अवस्थापना सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था एवं आय के स्रोत बढ़ाये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकायों में ओपेन जिम एवं खेल के मैदान चिन्हित करते हुये उनका विकास कराया जाये। राजस्व के स्रोत बढ़ाने के लिये शापिंग कम्पलेक्स बनवाये जायें तथा सभी वार्डों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों के बीच स्वच्छता की भावना के विकास के लिये व्यापक स्तर पर प्रयास किये जायें तथा लोगों में जागरूकता बढ़ायी जाये। इसके लिये वार्डों में आपस में स्वच्छता संबंधी प्रतिस्पर्धा कराते हुये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले वार्डों के लोगों को सम्मानित भी किया जाये एवं रोलिंग ट्राफी भी दी जाये, जो अगले चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्ड को स्थानान्तरित की जाये। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले स्वच्छता कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाये। सभी नगरीय निकायों में स्थित शासकीय भवनों की स्थिति में सुधार हेतु कार्ययोजना बनाते हुये व्यापक स्तर पर कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नगरीय निकाय अवैध अतिक्रमण को हटवाये जाने, नजूल एवं सरकारी भूमियों पर से कब्जा मुक्ति कराये जाने हेतु व्यापक स्तर पर अभियान चलायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के चौराहों का चौड़ीकरण किया जाये तथा अवैध कब्जों को मुक्त कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि स्ट्रीट वैण्डरों के साथ बैठक करते हुये उनको सड़क से 150 मी0 दूरी पर दुकानें स्थापित करायें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ई-रिक्शा संचालकों का पंजीकरण कराते हुये रूट चार्ट निर्धारित किया जाये तथा उनको आई0डी0 कार्ड भी जारी किया जाये तथा ई-रिक्शा रूट चार्ट का निर्धारण कलर कोड के साथ किया जाये। स्थान का चिन्हीकरण करते हुये टैक्सी स्टैण्ड का संचालन सुनिश्चित किया जाये एवं उनको मूलभूत सुविधाएं मुहैय्या करायी जायें। जिलाधिकारी ने अलाव एवं रैन बसेरों की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देश दिये कि निर्धारित स्थलों पर अलाव की व्यवस्था रहे तथा ठण्ड के दौरान कोई भी व्यक्ति खुले में सोता हुआ न मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। रैन बसेरों में स्वच्छता, सुरक्षा सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। वीएचएसएनडी सत्र व्यापक स्तर आयोजित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बड़े बकायेदारों को चिन्हित करते हुये उनसे वसूली की जाये। सेवानिवृत्ति के दौरान दिये जाने वाले लाभों से संबंधित लम्बित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित समस्त अधिशासी अधिकारी एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अधिकारियों ने लिया संज्ञान, सकरन के समस्त धान तौल केंद्रों पर पारदर्शिता से किसानों में ख़ुशी

**यूपीएसयू के समस्त धान क्रय केंद्रों पर किसानों की समस्याओं को किया गया था उजागर, अधिकारियो ने कृषक समस्याओं का कराया निरस्तारण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता


कैनविज टाइम्स
जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के उपरांत भी सकरन में धान खरीद में जमकर की जा रही धांधली
खबर का असर

सकरन, सीतापुर। विकास खंड सकरन में स्थित यूपीएसयू व उपभोकता संघ के धान क्रय केंद्रों पर किसानों की समस्याओं को लेकर ख़बर प्रकाशन को उच्चाधिकारियों ने संज्ञान ले त्वरित समस्याओं का निरस्तारण कराते हुए पारदर्शी धान खरीद परिसंचालन कराया जिससे क्षेत्र के किसानों में ख़ुशी की लहर देखने को मिल रही है।

तौल केंद्र अरुआ व सांडा पर मौजूद किसानों ने बताया कि ख़बर प्रकाशन से अलाव, पीने के पानी सहित ट्रॉलियों को टोकन उपलब्ध करवा सहूलियत प्रदान की गई है इसी तरीके से बोहरा, क्योंटाना, अदवारी व लश्करपुर में समुचित सुविधाएँ देखने को मिली। किसानों ने समाचार पत्र परिवार को धन्यवाद किया।

## आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन की मासिक बैठक संपन्न

खैराबाद, सीतापुर। सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन कार्यालय पर मासिक बैठक हुई संपन्न। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह व कोषाध्यक्ष विजय पाल ने संयुक्त रूप से की। संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से विस्तार पर चर्चा की गई। और जल्द ही टीम का गठन कर फाउंडेशन को मजबूती मिलेगी। जनपद के समस्त ब्लाकों से आए हुए दिव्यांग, निराश्रित महिला एवं वृद्धाजन अपनी अपनी समस्या अध्यक्ष के समक्ष रखी और ध्यानपूर्वक सुनीं और जल्द उच्च अधिकारी से संवाद स्थापित कर समाधान कराया जायेगा। राजीव सिंह ने कहा कि दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार रोजगार के लिए दिव्यांग एवं निराश्रित महिलाओं को सरकारी राशन की दुकान, तहसील एवं ब्लाकों में कैंटीन के लिए जमीन मुहैय्या कराई जाए , जनपद में दिव्यांग आश्रय की स्थापना की जाए ।

## नैमिषारण्य मार्ग पर दर्दनाक बाइक हादसा, युवक की मौके पर मौत, साथी गंभीर घायल

नैमिषारण्य, सीतापुर। कल्ली चौराहा मार्ग पर हसनगंज गांव के पास एक बाइक हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया म्नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के औरंगाबाद निवासी 23 वर्षीय हर्ष मौर्य पुत्र छोटेलाल देर शाम अपने नैमिषारण्य निवासी सूरज पुत्र संजय के साथ बाइक से कल्ली चौराहा से नैमिषारण्य घर जा रहा था। हसनगंज के नजदीक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में हर्ष मौर्य की मौके पर मौत हो गई, जबकि सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल युवक को सीएचसी पहुंचाया, जहा उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया म्मृतक हर्ष ने घटना से 10 पहले अपने दोस्त को निखिल को बीबीपुर चौराहे पर से आकर ले जाओ , क्या पता था फोन काटने बाद दोस्त इस दुनिया में नहीं रह जाएगा , अक्सर सूरज हर्ष घूमने जाते रहते थे म्ग्रामीणों ने बताया बाइक सवार सवार कल्ली तरफ से नैमिषारण्य जा रहा था अचानक जंगली जानवर सामने आ गया जिससे बचने के लिए बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई म्प्रशांत सिंह चौकी इंचार्ज औरंगाबाद ने बताया पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# डीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों व योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

**बैठक में अनुपस्थित डायट प्रिंसिपल का स्पष्टीकरण तलब**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में डीएम ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि निपुण परीक्षा में बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत अनिवार्य होना सुनिश्चित किया जाए। ऑपरेशन कायाकल्प के तहतह सभी विद्यालयों में दिव्यांगजन, बालक-बालिका शौचालय, मूत्रालय, टायलीकरण, रसोईघर एवं बाउंड्री वॉल सहित अन्य संबंधित अपूर्ण पैरामीटर को जल्द पूर्ण कराया जाए। जर्जर भवनों की ध्वस्तीकरण एवं नीलामी का कार्य जल्द पूर्ण किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि ऐसे जर्जर भवनों में पढ़ाई ना हो। विद्यालय में पुस्तकों का वितरण शत-प्रतिशत होना चाहिए, अन्यथा वितरण न होने पर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने बैठक में अनुपस्थित होने पर डायट प्रिंसिपल के स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अपार आईडी बनने के लिए सबसे ज्यादा जलालाबाद, कलान एवं सदर में पेंडिंग होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि खंड शिक्षा अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर अगली बैठक तक बनवाना सुनिश्चित कराएं। कहा कि विद्यालयों में फल वितरण एवं न्यूट्रिशन पर विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सीडीओ ने रकेहटी गौशाला का किया औचक निरीक्षण

**निरीक्षरण के दौरान मिले कमियों पर सीडीओ ने दिये सख्त निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद में गौवंश संरक्षण और गौशालाओं की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार ने विकासखंड निघासन स्थित रकेहटी गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने गौशाला में मौजूद गौवंश की संख्या, उनके रखरखाव, चारे-पानी की उपलब्धता तथा ठंड से बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं की बारीकी से जानकारी ली।सीडीओ ने गौशाला परिसर का भ्रमण करते हुए वहां रह रहे गौवंश की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में सवाल-जवाब किए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि गौवंश को समय पर पर्याप्त चारा, स्वच्छ पेयजल और ठंड से बचाव के लिए उचित इंतजाम लगातार उपलब्ध कराए जाएं। इसके साथ ही साफ-सफाई, स्वास्थ्य परीक्षण और गौशाला की नियमित निगरानी पर विशेष जोर दिया गया।निरीक्षण के दौरान कुछ व्यवस्थाओं में और सुधार की आवश्यकता जताते हुए सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि गौवंश संरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर परियोजना निदेशक एस.एन. चौरसिया, खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए गौशाला की व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।सीडीओ के इस औचक निरीक्षण से संबंधित विभागों में हड़कंप मचा रहा और गौशाला की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने की कवायद तेज हो गई है।

# सड़क हादसों में घायलों को सरकार देगी 1.5 लाख तक का फ्री इलाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पदाधिकारियों के साथ एक अहम बैठक आयोजित हुई, जिसमें सड़क हादसा पीड़ितों के निःशुल्क इलाज को लेकर अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में तय किया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को निजी अस्पतालों में एक सप्ताह तक अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का इलाज पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इस इलाज पर होने वाला पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा, जिससे पीड़ित और उनके परिजनों पर किसी प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि दुर्घटना के बाद पहले कुछ घंटे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह व्यवस्था लागू की है ताकि घायल व्यक्ति को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज शुरू किया जा सके और उसकी जान बचाई जा सके। इसके साथ ही बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सड़क दुर्घटना के घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने वाले राहवीरों (गुड समैरिटन) को प्रोत्साहित करने के लिए 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह राशि पुलिस द्वारा आवश्यक सत्यापन (वेरिफिकेशन) के बाद प्रदान की जाएगी, ताकि कोई भी व्यक्ति बिना डर के घायल की मदद के लिए आगे आ सके।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर दोनों की हुई मौत



मिश्रिख सीतापुर। कस्बा मिश्रित के सिधौली मार्ग पर ग्राम काशीपुर झबरा के पास एक बाइक पर दो लोग जा रहे थे । जिसमें चालक हेलमेट लगाए हुए था । अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी । बाइक पर सवार दोनों की घटना स्थल पर मौत हो गई है । मिश्रित प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह , उपनिरीक्षक शिवकुमार यादव मौके पर पहुंच कर दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कराने के बाद पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है । तथा टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया है । उसकी तलास की जा रही है । मौके पर दोनों शवों की पहचान ग्रामीणों व्दारा नीरज कुमार उम्र 30 पुत्र राजा राम दूसरा नीरज के ताऊ का लड़का रामसेवक उम्र 35 पुत्र श्रीपाल निवासी महमदनगर नगर कुतुब नगर के नाम से हुई है । मृतक रामसेवक के भाई रामकिशन ने बताया यह दोनों लोग लखनऊ गए थे । वापस घर आ रहे थे कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया । कि मृतकों के घर वालों को सूचना देगी दी गई थी । घर वाले आ गए हैं टक्कर मारने वाला वाहन मौके से भाग गया है । वाहन का पता लगाया जा रहा हैं ।

## ज़िया चैंबर क्लब ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



सीतापुर। नए साल के पहले दिन की शुरुआत जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए ज़िया चैंबर क्लब के संस्थापक तनवीर अख्तर अंसारी के द्वारा कम्बल वितरित कर की गई। जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, लालबाग चौराहा, ट्रांसपोर्ट चौराहा, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, आंख अस्पताल आदि जगहों पर लगभग 100 कंबलों का वितरण जरूरतमंद लोगों को किया गया। जरूरतमंद लोग सर्द मौसम में कंबल पाकर बेहद प्रसन्न हुए। संस्थापक तनवीर अख्तर अंसारी के द्वारा कहा गया कि वास्तव में जरूरतमंद लोगों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इस पुनीत कार्य में डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी, ज़ैन सिद्दीकी, क्षितिज त्रिपाठी, मिलन यादव, अभय कुमार और अमन वर्मा ने अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की जिला पोषण समिति/विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैकर पर पंजीकृत सभी लाभार्थियों का चेहरा प्रमाणीकरण (एफआरएस) को एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण कराने एवं एफआरएस से अनुपूरक पुष्टाहार के वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एफआरएस के माध्यम से पोषाहार वितरण में परियोजना भावलखेड़ा की प्रगति कम पाए जाने पर नारजगी जताई और बाल विकास परियोजना अधिकारी भावलखेड़ा को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि बिना चेहरा प्रमाणीकरण के अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण न किया जाए। उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप पर समस्त लाभार्थियों की वजन, लम्बाई फीड करने, आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा प्रतिदिन केन्द्र खोलने, समस्त लाभार्थियों की आभा आईडी एवं अपार आईडी एक सप्ताह में बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना कार्यालय से पोषाहार रोस्टर के अनुसार मैप स्वंय सहायता समूह द्वारा ससमय उठान कराते हुए आंगनबाडी केन्द्र पर चेहरा प्रमाणीकरण के माध्यम से 10 जनवरी तक शत-प्रतिशत वितरण के निर्देश दिए। कहा कि अपूर्ण आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों को जल्द पूर्ण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता सहित समस्त संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, मुख्य सेविका एवं ब्लॉक समन्वयक मौजूद रहे।

# कोतवाली सदर में 5 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली सदर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में यह कार्रवाई अंजाम दी गई।प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली सदर के नेतृत्व में आज दिनांक 01 जनवरी 2026 को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 05 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान विशाल सक्सेना पुत्र स्वर्गीय प्रदीप कुमार सक्सेना, निवासी बाबूराम सर्राफ नगर, थाना कोतवाली सदर, जिला लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से भारी मात्रा में गांजा बरामद कर उसे मौके पर ही हिरासत में ले लिया।बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 03/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा अभियुक्त से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त से जुड़े अन्य पहलुओं पर भी गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि तस्करी के नेटवर्क और इससे जुड़े अन्य लोगों तक भी पहुंचा जा सके। इस पूरी कार्रवाई में उप निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला, हेड कांस्टेबल रामभवन यादव, हेड कांस्टेबल विजय कुमार, कांस्टेबल जोनी कुमार एवं कांस्टेबल अमरजीत की अहम भूमिका रही।

# 251 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ में सीडीओ अभिषेक कुमार हुए शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन खीरी। क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाले राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 251 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ का आयोजन निघासन क्षेत्र में भव्य रूप से किया गया।

इस महायज्ञ में जनपद के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार सिंह ने पहुंचकर विधिवत पूजन-अर्चन किया और यज्ञ में आहुति दी। उनके साथ कई प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।महायज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चारण और यज्ञाग्नि की दिव्य आभा से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। यज्ञाचार्यों द्वारा विधिवत हवन-पूजन कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र की समृद्धि, समाज में शांति, सद्भाव और नैतिक मूल्यों की स्थापना बताया गया।इस अवसर पर सीडीओ अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं तथा लोगों में सेवा, सहयोग और सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सामाजिक एकता को और अधिक सुदृढ़ करते हैं।महायज्ञ के दौरान साधु-संतों और वक्ताओं ने गायत्री मंत्र की महिमा, भारतीय संस्कृति के महत्व तथा राष्ट्र निर्माण में आध्यात्मिक मूल्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भी आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया।आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह विराट महायज्ञ राष्ट्रीय शौर्य, समृद्धि और विश्व कल्याण की भावना को लेकर आयोजित किया गया है, जिसमें निरंतर यज्ञ, प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन की ओर से भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।महायज्ञ में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, धर्माचार्यों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिससे पूरा निघासन क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया।

# एसएसपी बृजेश कुमार बने सिलेक्शन ग्रेड अधिकारी

**एडीजी और डीआईजी ने लगाए कंधे पर स्टार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। बदायूँ जिले के तेजतर्रार एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह को मिला सिलेक्शन ग्रेड। एडीजी रमित शर्मा और डीआईजी अजय कुमार साहनी ने पहनाए पदोन्नति के सितारे।

वहीं तेजतर्रार एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह को मिला सिलेक्शन ग्रेड। एडीजी रमित शर्मा और डीआईजी अजय कुमार साहनी ने पहनाए पदोन्नति के सितारे।बदायूँ के एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह के नाम अब एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पर उन्हें 'सिलेक्शन ग्रेड' में पदोन्नति दी गई है। नए साल पर शुक्रवार को बरेली जोन मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्हें प्रमोशन के प्रतीक



अतिरिक्त स्टार और कॉलर बैंड पहनाए गए। एडीजी और डीआईजी ने पहनाए पदोन्नति के सितारे समारोह के दौरान बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा और डीआईजी अजय कुमार साहनी ने एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह के कंधों पर श्वेत धातु के अतिरिक्त सितारे और कॉलर बैंड सुशोभित किए। अधिकारियों ने उन्हें इस नई जिम्मेदारी और उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

वहीं मुख्यालय विभाग के अधिकारियों ने एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व और जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे उनके सख्त अभियान की सराहना की। जानिए क्या होता है सिलेक्शन ग्रेड? भारतीय पुलिस सेवा में एक निश्चित कार्यकाल और शानदार सर्विस रिकॉर्ड के बाद अधिकारियों को सिलेक्शन ग्रेड दिया जाता है। इसके बाद अधिकारी के रैंक और प्रशासनिक शक्तियों में विस्तार होता है।

## एफपीओ, सहकारी समितियों व कृषकों को ऑयल एक्स्ट्रैक्शन यूनिट लगाने का सुनहरा अवसर

बदायूँ। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (आयल सीड्स) वर्ष 2025-26 योजनान्तर्गत कृषि विभाग के पोर्टल agridarshan.up.gov.in एवं upfposhaktiportal.gov.in पर पंजीकृत एफपीओ व सहकारी समितियों हेतु 10 टन क्षमता की ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट की स्थापना कराये जाने पर प्रोजेक्ट की कीमत का 33 प्रतिशत अधिकतम 990000 रुपए तक अनुदान अनुमन्य है।उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों हेतु मिनी ऑयल एक्ट्रैक्शन यूनिट (मूल्य का 50 प्रतिशत या अधिकतम रु0 200000 अनुदान अनुमन्य है) प्राप्त किया करने के लिये ऑनलाइन आवेदन 09 जनवरी 2026 तक कृषि विभाग के पोर्टल पर प्राप्त किया जायेगा, जो पूरी तरह से पारदर्शी हैं। उन्होंने बताया कि ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट (10 टन क्षमता) एवं मिनी ऑयल एक्ट्रैक्शन यूनिट के लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में जनपद स्तरीय गठित कमेटी के समक्ष ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा।

## सुपर-22 टीम का मुख्य उद्देश्य अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर कार्रवाई: सीओ सदर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। सुपर-22 टीम का मुख्य उद्देश्य अपराधों की प्रभावी रोकथाम, अपराधियों पर सतत निगरानी, संवेदनशील एवं चिन्हित हॉट-स्पॉट क्षेत्रों में सक्रिय पुलिसिंग, रात्रि गश्त को प्रभावी बनाना तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं संगठित कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

यह बात क्षेत्राधिकारी सदर प्रयांक जैन ने अपने कार्यालय में सदर सर्किल के तहत समस्त थानों के कर्मचारियों की सुपर-22 टीम के संबंध में हुई समीक्षा एवं समन्वय बैठक के दौरान कही। उन्होंने उपस्थित समस्त कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी, अनुशासन एवं तत्परता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। कहा कि आपसी समन्वय एवं सूचना-साझाकरण को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना समय रहते प्राप्त कर प्रभावी कार्यवाही की जा सके। क्षेत्राधिकारी सदर ने यह भी निर्देशित किया कि सुपर-22 टीम लगातार क्षेत्र में नियमित भ्रमण करें, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर सतर्क दृष्टि रखें, स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करें। कहा कि जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना प्राथमिकता में रखा जाए। बैठक में सीओ सदर ने लंबित अपराधों का जल्द अनावरण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए सक्रिय प्रयास करने पर विशेष बल दिया। बैठक के अंत में उन्होंने सभी कर्मचारियों से कहा कि वो उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करते हुए कानून-व्यवस्था, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में अपना सक्रिय योगदान सुनिश्चित करें।

# नया बैंड भी आती थी दिखाने, पर गैर से निकाह बताने नहीं आई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। तिलहर क्षेत्र में पिज्जारो कैफ़े की ओर से ओपन माइक मुशायरा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे युवा शायर अर्शीयान खां 'अर्श' ने सुनाया कि अरसा हुआ के मुझको सताने नहीं आई, कहने के लिए भी वो मनाने नहीं आई।

बालों का नया बैंड भी आती थी दिखाने, पर गैर से निकाह बताने नहीं आई। फरमान चिश्ती ने सुनाया कि खुद तो बर्बाद हो गया लेकिन, मेरी बिगड़ी बना गया कोई। सलमान वारिस- यह तो दुनिया है बिछड़ना भी यहां लाजिम है, साथ रहकर भी कोई साथ नहीं रहता। इसके अलावा अजीम, सैफ, साद, शादाब हैदर वाहिदी, फैजान सहित अन्य शायरों ने अपने कलाम से मोहब्बत, जिंदगी, समाज और जज्बातों को बखूबी पेश किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी शायरों, अतिथियों और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। मुशायरे का कुशल संचालन फरमान चिश्ती ने किया। जबकि आयोजक मो. फरदीन और संयोजक सलमान वारिस रहे।

# चन्दौसी में सीआईसी कप क्रिकेट चैंपियनशिप आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कार्यक्रम के शुभारम्भ में सामूहिक रूप से राष्ट्र गान गाया गया, ततपश्चात मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया**

संभल । चन्दौसी इंटर कॉलेज के मैदान पर स्व बाबू ब्रज किशोर गुप्ता की स्मृति में होने वाले सीआईसी कप क्रिकेट चैंपियनशिप के 13 वें संस्करण के दूसरे दिन दो मुकाबले खेले गए। आज के मैच का प्रारम्भ एफआर इंटर कॉलेज के वसीमुद्दीन व विद्यालय के प्रबंधक प्रेम किशोर गुप्ता तथा प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार द्वारा क्रिकेट खेलकर किया गया।

इससे पूर्व सामूहिक रूप से राष्ट्र गान गाया गया, ततपश्चात मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।आज का पहला मैच सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली व सेक्रेड हार्ट स्कूल चन्दौसी के बीच हुआ।सेक्रेड हार्ट ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी की ओर निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट पर 130 रन बनाए।सेक्रेड हार्ट की ओर से धनंजय ने 43,संगम ने 29,समर्थ ने 28,सूरज ने 20 रन बनाए।नरोली की ओर से जुबेर ने 2,पीयूष ने 2,सुहेल व रवि ने 1,1 विकेट लिया।जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नरौली की पूरी टीम 12 वें ओवर की अंतिम गेंद पर 130 रनों पर आल आउट हो गयी और इस प्रकार दद्वद कप के इतिहास में पहली बार मैच टाई हो गया।मैच का निर्णय निकालने के लिए सुपर ओवर खेला गया।सुपर ओवर में नरोली ने 18 रन बनाए।जबकि सेक्रेड हार्ट स्कूल केवल 10 रन बना सका और मैच नरौली ने अपने नाम करके सेमि फाइनल में जगह पक्की की।इस मैच में जुबेर 38 रन व 2 विकेट को मैन ऑफ द मैच चुना गया इन्हें अम्बेडकर सेवा दल के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार बनती द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।आज दूसरा मैच सिल्वर स्टोन स्कूल व जगदीश सरन इंटर कॉलेज हनुमसन गढ़ी के बीच हुआ।इस मैच का प्रारम्भ प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार व अश्वनी शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया।इस मैच में हनुमान गढ़ी ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 8 विकेट पर 102 रन अर्जित किये।हनुम गढ़ी की ओर से दोजेंद्र ने 40,कृष्णपाल ने 23 व उज्ज्वल ने 14 रन बनाए,सिल्वर स्टोन की ओर से कुणाल ने 3,अनुज ने 2,लवव व रिहान ने 1,1 विकेट लिया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिल्वर स्टोन की टीम ने 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 104 रन बना कर मैच जीत लिया और सेमि फाइनल में स्थान बनाया।सिल्वर स्टोन की तरफ से रिहान ने 38,लव ने 25 व नितिन ने 21 रन बनाए।हनुमसन गढ़ी की ओर से दोजेंद्र आरुष व विशाल ने 1,1 विकेट लिया।इस मैच में केवल 12 रन देकर 3 विकेट लेने वाले कुणाल मैन ऑफ द मैच घोषित किये गए,इन्हें समाज सेवी सर्वेश चीनी द्वारा मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की गई।आज के मैचों में एम्पायर के रूप में राजू बनर्जी,अश्वनी शर्मा व बंटी राणा रहे।स्कोरिंग करन व बॉबी ने तथा कमेंट्री बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी व नरेंद्र कुमार ने की।टूर्नामेंट रेफरी व टीम कोच के रूप में अश्वनी शर्मा, टीम मैनेजर के रुप में चंद्रकांत रहे। नरौली के कोच चन्द्र प्रकाश,सेक्रेड हार्ट के कोच रशूल शर्मा,हनुमान गढ़ी के कोच महेंद्रपाल व सिल्वर स्टोन के कोच जगजीत सिंह रहे।आज के मैचों के दौरान सर्वेश चीनी,राशिद खान,चन्दौसी इंटर कॉलेज का समस्त स्टाफ मनोज कुमार गुप्ता,के पी सिंह,डॉओमप्रकाश,हरिओम शर्मा, अजय गुप्ता,डॉ वीना रानी,मनोज कुमार,प्रभुनाथ राम,नरेश पाल यादव,अमित वार्ष्णेय, जगदीश सिंह,मनमोहन गुप्ता,विक्रम सिंह, विनोद कुमार,आकाश कुमार,मुनीश कुमार भाटी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सघन मत्स्य पालन के लिये आन लाइन कर सकते है आवेदन

संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग विवेक कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना राज्य सेक्टर योजना के अन्तर्गत जनसामान्य को ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in दिनांक 24 जुलाई 2025 से दिनांक 31 अगस्त 2025 तक खोला गया था, योजना में पर्याप्त आवेदन न प्राप्त होने व लाभार्थी को बैक आउट होने के कारण योजना में ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल पुनः 29 दिसम्बर 2025 से दिनांक 7 जनवरी 2026 तक खोला गया है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने होंगे। योजनान्तर्गत परियोजना का विवरण, इकाई लागत आवेदन करने की प्रक्रिया आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण को विभागीय वेबसाइट http://fisheries.up.in पर देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना यदि भविष्य में कोई संशोधन होता है तो संशोधित प्रविधान इसके अतिरिक्त योजना के संबंध में मत्स्य विभाग में जनपदीय, मंडलीय व निदेशालय के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## पांचवे दिन की रामकथा सुन भावबिभोर हुए श्रोता

बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज, शरह बरौलिया के मैदान में चल रही श्रीराम कथा के पाँचवें दिन कथा व्यास प्रेममूर्ति पंकज मिश्र ने श्रीराम विवाह एवं परशुरामऽलक्ष्मण संवाद प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। धनुष यज्ञ, शिव धनुष भंजन और परशुराम के क्रोध को श्रीराम द्वारा शांत करने के प्रसंग सुनाए गए। कथा में चारों भाइयों के विवाह, सीता पंचमी का महत्व तथा श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनगमन प्रसंग का भी वर्णन किया गया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## स्काउट गाइड को सिखाये गए आपदा प्रबंधन के गुर

बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता। म्याऊ क्षेत्र के गंगाधर पाठक बाल विद्या मंदिर, गूरा बरैला में भारत स्काउट एवं गाइड संस्था द्वारा आयोजित शिविर के दूसरे दिन बच्चों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, तंबू निर्माण, गांठें बंधन, गैजेट्स ट्रेनिंग एवं मॉक ड्रिल का प्रशिक्षण दिया गया। खोज के चिन्हों की सहायता से स्काउट-गाइडों ने ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों की हाईक भी की। प्रधानाचार्य सुरभित पाठक ने कहा कि स्काउटिंग युवाओं में देशभक्ति का अनोखा जज़्बा पैदा करती है और कम संसाधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीना सिखाती है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने आपातकाल में धैर्य, सतर्कता और आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा रखने की सलाह दी। हाईक ऐतिहासिक सिद्ध बाबा मंदिर तक पहुंची, जहां आग व जल दुर्घटना से बचाव, टेंट निर्माण, भोजन तैयारी और विभिन्न गांठों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में शिक्षक व स्काउट-गाइड बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## जेल में कैदी की मौत को लेकर मैजिस्ट्रीयल जांच

मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला कारागार में विचाराधीन बन्दी सोमपाल पुत्र श्री फकीरा निवासी भैसिया थाना कटघर जनपद मुरादाबाद की दिनांक 08 नवंबर 2025 को मेडिकल कालेज, मेरठ में उपचार के दौरान हुई मृत्यु की घटना की मजिस्ट्रीयल जाँच नगर मजिस्ट्रेट श्री विनय पाण्डेय द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रकरण से सम्बन्धित बयान / साक्ष्य अथवा बयान और साक्ष्य कोई भी व्यक्ति अथवा संबंधित व्यक्ति / व्यक्तियों द्वारा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर मजिस्ट्रेट, कलेक्ट्रेट परिसर, जनपद मुरादाबाद में दिनांक 17 जनवरी 2026 तक पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे के मध्य उपस्थित होकर दिये जा सकते है।

## मऊ गांव स्थित शारदा नहर के रेगुलेटर में अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

रायबरेली। चंदापुर थाना क्षेत्र के मऊ गांव स्थित शारदा सहायक खंड 28 नहर के रेगुलेटर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव फंसा मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शव दिखाई देने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकालने के प्रयास शुरू किए। आपको बता दें कि, जानकारी के अनुसार, राहगीरों ने नहर के रेगुलेटर में शव फंसा हुआ देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इस समय नहर में पानी का स्तर कम होने के कारण शव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था। पुलिस का कहना है कि, शव काफी समय पुराना प्रतीत हो रहा है, जिससे उसकी पहचान में कठिनाई हो रही है। चंदापुर पुलिस के अनुसार, शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# माघ मेला गंगा स्नान पर्वों पर कानून-व्यवस्था व सुरक्षा के लिये मजिस्ट्रेट नामित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी**

बदायूँ। जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय द्वारा माह जनवरी 2026 से फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले माघ मेला 2026 के अंतर्गत गंगा स्नान पर्वों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न गंगा घाटों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती के आदेश जारी किए गए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार माघ मेले के दौरान पौष पूर्णिमा (03 जनवरी 2026), मकर संक्रांति (15 जनवरी 2026), मौनी अमावस्या (18 जनवरी 2026), बसंत पंचमी (23 जनवरी 2026), माघी पूर्णिमा (01 फरवरी 2026) एवं महाशिवरात्रि (15 फरवरी 2026) के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु मजिस्ट्रेटों को नामित किया गया है।गंगा स्नान के दौरान विभिन्न घाटों पर प्रथम पाली (रात्रि 02:00 बजे से प्रातः 10:00 बजे तक) एवं द्वितीय पाली (प्रातः 10:00 बजे से स्नान समाप्ति तक) में मजिस्ट्रेटों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। कछला गंगा घाट, कासगंज की ओर कछला घाट, कछला पुल सहित अन्य प्रमुख घाटों पर संबंधित तहसीलदार, उपजिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है।सभी नामित मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत गंगा घाटों पर निरंतर भ्रमणशील रहकर कानून-व्यवस्था, यातायात, स्वच्छता, भीड़ नियंत्रण एवं आपात स्थितियों पर विशेष सतर्कता बनाए रखें तथा संबंधित पुलिस एवं विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समन्वय स्थापित कर व्यवस्था को सुदृढ़ रखें।

# जेसीआई ने लगाया नि:शुल्क चाय-बिस्किट स्टॉल, जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जेसीआई ने कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क चाय और बिस्किट का स्टॉल लगाया। साथ ही नए अध्यक्ष नवनीश कटियार के निर्देश पर जरूरतमंदों को पुराने व गर्म कपड़े वितरित किए। जेसीआई सदस्य नितेश गुप्ता ने बताया कि कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए हर साल की तरह इस नए साल की शुरुआत संस्था ने चाय और बिस्किट बांटने से की। संस्था ने सुभाष टावर/घंटाघर पर स्वच्छता का संदेश देते हुए राहगीरों को चाय और बिस्किट वितरित की। साथ ही पुराने गर्म कपड़ों का वितरण किया। इस दौरान जेसीआई अध्यक्ष नवनीश कटियार, सचिव सचिन अग्रवाल, संयुक्त सचिव अमित वर्मा, कोषाध्यक्ष अमन मलिक, कार्यक्रम निर्देशक अभिनव ओमर, अंकित गुप्ता, सचिन बाथम, अमित शर्मा, भुवन बंसल, मयंक गर्ग, अभिषेक जायसवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचक नामावलियों की तैयारियों के संबंध मे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों को निष्पक्ष पारदर्शी व सुचितापूर्ण ढंग से करने के लिए कहा।

जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी युवाओं का मतदाता पहचान बने यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी 2026 को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक दाखिल किये जा सकेंगे।उन्होंने बताया कि नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि 06 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक होगी तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 06 मार्च 2026 को होगा।उन्होंने खण्ड शिक्षक निर्वाचक नामावलियों का कार्यक्रम के बारें में जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2026 (मंगलवार) को होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# शराब के नशे में धुत्त सिपाही ने दरोगा से की गाली-गलौज, सिपाही निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। शराब के नशे में धुत्त सिपाही ने दरोगा से गाली-गलौज और मारपीट की वहीं दरोगा सत्यपाल सिंह आपसी विवाद के दो पक्षों की बात सुन रहे थे, शराबी सिपाही त्रिवेश गंगवार दोनों पक्षों को हवालात में बंद करने लगा, वहीं जब दरोगा ने टोका, तो शराबी सिपाही ने उनसे भिड़ंत की और कहा कि रवानगी करा सको तो करा दो वरना मेरे जूते खा लेना, घटना के बाद एसएसपी ब्रजेश कुमार सिंह ने सीओ सिटी को जांच सौंपी है। आपको बता दें कि मामला थाना बिनावर में बुधवार देर रात शराब के नशे में धुत एक सिपाही ने थाने के अंदर जमकर हंगामा किया। सिपाही ने न केवल थाने आए फरियादियों के साथ अभद्र व्यवहार किया, बल्कि दरोगा से गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। दरोगा सतपाल सिंह ने इस संबंध में एसएसपी डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर आरोपी सिपाही के खिलाफ कानूनी




एवं विभागीय कार्रवाई की मांग की है। दरोगा सतपाल सिंह के अनुसार, बुधवार रात लगभग 11 बजे वह थाने के कार्यालय में ड्यूटी पर बैठे हुए थे। उसी दौरान कस्बा बिनावर के दो पक्ष अपनी शिकायत लेकर थाने पहुंचे। इसी बीच सिपाही त्रिवेश गंगवार शराब के नशे में धुत होकर थाने के कार्यालय में घुस आया और फरियादियों को हवालात में बंद करने का प्रयास करने लगा।दरोगा द्वारा समझाने पर आरोपी सिपाही आग-बबूला हो गया और दरोगा से अश्लील व आपत्तिजनक गालियां देने लगा। इतना ही नहीं, सिपाही ने मारपीट की धमकी देते हुए कहा कि मेरा ट्रांसफर हो गया है, तब भी मुझे कोई ताकत सहसवान नहीं भेज सकी, तू क्या मुझे कानून सिखाएगा। घटना से थाने में तैनात रात्रि ड्यूटी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। स्थिति बिगड़ती देख मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने आनन-फानन में बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घटना के बाद पीड़ित दरोगा ने जिला अस्पताल पहुंचकर अपना मेडिकल परीक्षण कराया और पूरे मामले की लिखित शिकायत थाना प्रभारी बिनावर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंपते हुए आरोपी सिपाही के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वही चर्चित सिपाही को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं हैं, वही सूत्र बताते हैं कि एसओ थाने के सारे आर्थिक कार्य इसी सिपाही से करता है, वही शराबी सिपाही का दरोगा से गाली-गलौज करने का मामला गंभीर होता जा रहा है। जिसको लेकर कभी भी कोई बड़ी कार्रवाई हो सकती है। वहीं एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दिए गए थे, जांच में सिपाही दोषी पाया गया है, सिपाही को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## घने कोहरे के बीच समाजसेवी द्वारिका सिंह एडवोकेट ने मुरैनी ग्राम में 500 गरीबो को वितरित किये कबंल



रायबरेली। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच समाजसेवी द्वारिका सिंह एडवोकेट ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए मुरैनी ग्राम पंचायत क्षेत्र में 500 गरीब, जरूरतमंद, विधवा एवं वृद्ध लोगों को कंबल वितरित किए। इस पुनीत कार्य से क्षेत्र के जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिली है। आपको बता दें कि, शुक्रवार को द्वारिका सिंह द्वारा मुरैनी ग्राम पंचायत के दो सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डेपारमऊ गांव स्थित दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में 100 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए, जबकि रजनियां/मुरैनी पुल के पास स्थित एक प्रतिष्ठान पर 400 जरूरतमंद महिलाओं एवं वृद्धों को कंबल भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। द्वारिका सिंह एडवोकेट ने बताया कि, उन्हें समाजसेवा की प्रेरणा अपने पिता स्वर्गीय भगवान बख्श सिंह से मिली, जो सदैव गरीबों की मदद को सबसे बड़ा पुण्य कार्य मानते थे। उन्होंने कहा कि, गरीब और असहाय व्यक्ति का दिया गया आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होता है। उन्होंने यह भी बताया कि, इस ठंड में कुल 2000 जरूरतमंदों को कंबल वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इस सामाजिक कार्य में सभी वर्गों, जाति और धर्म के लोगों का सहयोग मिल रहा है, जिससे उन्हें निरंतर सेवा करने का संबल मिलता है।

# वीडियो व एपीओ की मेहरबानी से मनरेगा में चल रहा फर्जी मस्टर रोल

## क्या खंड विकास अधिकारी की जानकारी में हो रहा करनैलगंज में मनरेगा में लूट, ब्लॉक करनैगंज के ग्राम पंचायत प्रतापपुर,राम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । जिस मनरेगा योजना से यूपी की तस्वीर बदलने का दावा किया जाता है,उसकी जमीनी हकीकत आप देखेंगे तो चौंक जाएंगे। लाखों-करोड़ों की जिस योजना ने बीजेपी को दोबारा उत्तर प्रदेश की सत्ता दिला दी, उस योजना में भ्रष्टाचार का दीमक लग गया है।केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा योजना केवल कागजी आंकड़ों तक सिमट कर रह गई है। विकास खंड करनैगंज में जिम्मेदार इस योजना में जमकर लूट - खसोट कर सरकारी धन का बंदरबांट कर अपनी जेब भरने में लगे हुए है असल में जो इसके हकदार हैं मनरेगा मजदूर वह मारे-मारे फिर रहें उनके घर के चूल्हे किसी तरह जल रहे

### गढ़, तरहटा, काशीपुर में बड़ा खेल...

है। तो वहीं जिम्मेदार इनके हक पर डाका डाल मौज कर रहे हैं,और बढ़िया घर में बैठ कर एसी की गर्म हवा खा रहे हैं अगर कोई ग्रामीण इसकी शिकायत करता है तो जिम्मेदार अधिकारी मामले की लीपापोती करके उसे ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। करनैगंज ब्लॉक में मनरेगा योजना में लूट - खसोट सरकारी धन का बंदरबांट अनवरत चलता रहता है बिना का म कराए ही अपने चहेते गिने - चुने मनरेगा मज दूरों के खाते में सारा पैसा भेजने के बाद उन्हें सिर्फ उसके बदले में पांच सौ रूपये मिलता है। इस तरह मनरेगा योजना गोंडा जिले के करनैल गंज विकास खंड में भ्रष्टाचार की भेट चढ़ रह रही है।मामला विकास खंड के काशीपुर




गाँव में 135 मजदूर का मस्टर रोल चल रहा है। न तो कार्य स्थल पर कहीं भी डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगा या गया है,ताकि ग्रामीण यह जान सके कि यह कार्य मनरेगा योजना से हों रहा हैं। विकास खंड करनैलगंज की प्रतापपुर, रामगढ़, तरहटा, ग्राम पंचायतों में लंबे समय से मनरेगा योजना में फ र्जी वाड़े का तड़का लगाने में विख्यात बीडीओ व एपीओ और तकनीकी सहायक विख्यात हो चुके हैं।आम चर्चा है कि एपीओ की जिस ब्लॉ क में तैनाती होती है, वहीं पर मनरेगा मजदूरों के हितों को रौंदकर उनकी फर्जी हाजिरी लग वाकर बगैर काम किए ही उनकी डबल रोल की

फोटो अपलोड करने का कोई अवसर नहीं छो ड़ते हैं।इससे न सिर्फ भ्रष्टाचार के तले श्रमिकों का हित कुचला जा रहा है,बल्कि बड़े पैमाने पर सरकारी धन की भी बंदरबांट की जा रही है।क हीं पर महिला व पुरुषों की हाजिरी पोर्टल पर अपलोड की गई,लेकिन पोर्टल पर बार - बार एक ही फोटो अपलोड कर कई मस्टर रोल में दिखाया जाता है,जो कि बड़े आश्चर्य की बात है इससे यह माना जाता है कि जिम्मेदार अधिका रियों ने निगरानी नहीं की है।वही एक पूर्व ग्राम प्रधान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ब्लॉक करनैलगंज वीडियो के आफिस में वर्षों से तैनात एक बाबू बहुत बड़ा खिलाड़ी है।उस पर आरोप है कि वह जांच से संबंधित फाइलों को दबाने,लीपा पोती करने में महारत हासिल कर रखा है।इससे साफ जाहिर होता है कि वह ब्लॉक करनैलगंज वीडियो,एपीओ,सचिव और तकनीकी सहायक,प्रधान और रोजगार सेवक की मिली भगत से करनैलगंज ब्लॉक क्षेत्र के

ग्राम पंचायतो में बड़े स्तर पर मनरेगा योजना में लूट मची हुई है और जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं।

# यातायात पुलिस ने गन्ना ढुलाई वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंड़ा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में थाना क्षेत्र मनकापुर अंतर्गत स्थित चीनी मिल दतौली परिसर में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन को सुनि श्चित किए जाने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उक्त कार्यक्र म में क्षेत्राधिकारी यातायात,एवं प्रभारी याताया त द्वारा संयुक्त रूप से चीनी मिल प्रबंधक के स हयोग से गन्ना ढुलाई में लगे वाहन चालकों को यातायात नियमों के संबंध में विस्तारपूर्वक जा नकारी दी गई। इस अवसर पर गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त ट्रक एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों को वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा,ओवर लोडिं ग से बचाव,रात के समय सावधानीपूर्वक वाहन संचालन,सड़क संकेतों के पालन तथा दुर्घटना ओं से बचाव हेतु आवश्यक उपायों के बारे में जागरूक किया गया।साथ ही सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए गन्ना ढुलाई में संलग्न वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप एवं पीछे रिफ्लेक्टिव कपड़ा लगाया गया, जिससे रात्रि के समय वाहनों की दृश्यता बढ़े और दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम किया जा सके।उक्त जागरूकता कार्य क्रम के दौरान कुल 52 वाहन चालक उपस्थित रहे, जिन्हें यातायात नियमों का पालन करने ए वं सुरक्षित वाहन संचालन हेतु प्रेरित किया गया अधिकारियों द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि सभी चालक अपने वाहनों के दस्तावेज पू र्ण रखें तथा नियमों का उल्लंघन न करें।याता यात पुलिस के द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएं गे,जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा स के और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# एसपी ने लिया मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था एवं तैयारियों का जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंड़ा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा थाना परसपुर क्षेत्र में पसका संगम तट पर आयोजित होने वाले ऐतिहासिक पसका पर्व मेला की तैयारियों के दृष्टिगत मेला परिसर एवं संगम स्थित स्नान घाटों का भ्रमण कर स्थ लीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा मेला क्षेत्र में की गई सुरक्षा व्यवस्था,यातायात प्रबंधन,श्रद्धालुओं के आवा गमन,स्नान घाटों की सुरक्षा,भीड़ नियंत्रण, बैरि केडिंग,प्रकाश व्यवस्था,पुलिस बल की तैनाती एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा मेला अवधि के दौरान कानून एवं शांति व्यव स्था बनाए रखने,किसी भी प्रकार की अव्यव स्था अथवा आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्य क दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक के द्वारा निर्देशित किया



गया कि मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा संगम तट एवं स्नान घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करते हुए निरंतर सतर्क दृष्टि रखी जाए।इसके अतिरिक्त यातायात व्यव स्था को सुचारू बनाए रखने हेतु निर्धारित रूट डायवर्जन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने, मेला की ओर आने-जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग, अवैध पार्किंग पर प्रभावी कार्रवाई तथा पैदल श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन हेतु वि शेष प्रबंध करने के निर्देश दिए गए।पुलिस अ धीक्षक के द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि मेला क्षेत्र में तैनात समस्त पुलिस एवं प्रशासनि क अधिकारी,कर्मचारी कर्तव्यनिष्ठा, संयम एवं विनम्रता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें,ताकि श्रद्धालु सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व का आनंद ले सकें।

इस अवसर पर प्रशिक्षु आईपीएस प्रदीप कुमार उपजिलाधिकारी कर्नलगंज नेहा मिश्रा,थानाध्य क्ष परसपुर एवं पुलिस,प्रशासन के अन्य अधि कारी,कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वेंटिलेटर पर चिकित्सा व्यवस्था: अस्पताल ही बीमार, तो फिर कैसे हो उपचार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंड़ा । प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक आए आए दिन उत्तर प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं को दुरुस्त करने का वादा किया करते हैं लेकिन ज ब पत्रकारों की टीमों ने जिला महिला अस्पताल और गोंडा मेडिकल कॉलेज का जायजा लिया तो हाल-बेहाल मिले। कहीं पर चिकित्सक व चिकित्साकर्मी मौजूद नहीं थे तो कहीं पर मरी जों को इलाज की उचित सुविधा नहीं मिल रही थी।पत्रकारों की टीमों के पड़ताल में चिकित्सा व्यवस्था की पोल उजागर हुई। चिकित्सकों के आगे मरीजों की कतार लगी हुई थी तो कहीं जांच कराने के लिए भटकते नजर आए।जिला महिला अस्पताल में गर्भवती महिलाएं अल्ट्रा साउंड के लिए भटक रही हैं। जिला महिला अ स्पताल गर्भवती महिलाओं का उपचार नहीं हो पा रहा है वह मजबूर




होकर प्राइवेट हॉस्पिटल में पहुंच रही हैं।

**भटक रहे थे परिजन, अव्यवस्थाओं का आलम**

गोंडा मेडिकल कॉलेज में पत्रकारों की टीम य हाँ पहुंची तो यहां पर अधिकांश चिकित्सकों के कक्षा के आगे मरीजों की कतार लगी हुई थी। कई कक्षों में चिकित्सक ही नहीं थे।उनको चि कित्साकर्मी उचित जवाब नहीं दे रहे थे। ब'चों के वार्ड में एसी नहीं चलने से शिशुओं को सर्दी में परेशानी हो रही थी।कई गद्दों पर बैडशीट बि छी हुई थी तो कइयों पर नहीं।शौचालयों में गंद गी का आलम था।पर्ची के लिए एक ही काउंटर काफी भीड़ जमा हुई थी।कतार में कई महिला एं तो थक कर बैठी नजर आई हैं।गर्भवती महि लाओं का घंटों इंतजार के बाद चिकित्सक के पास नम्बर आ रहा था। इसी प्रकार सर्जीकल वार्ड में भी हालात ऐसे ही देखे गए। यहां भी शौचालय में गंदगी का आलम था।सर्दी से ठंड बचाव के इंतजाम नहीं थे। दवा केन्द्र पर लम्बी कतार लग रही थी।

# पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने महाप्रबंधक को नये वर्ष की शुभकामना के साथ सौंपा संघ का वर्ष 2026 का कैलेंडर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर । पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ (घ्टखट्ट) के महामंत्री ने नए साल के अवसर पर केंद्रीय व मंडल पदाधिकारियों तथा महिला विंग के साथ पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक से मुलाकात की। इस दौरान संघ द्वारा महाप्रबंधक को पुष्पगुच्छ भेंट कर संघ का 'नया कैलेंडर-2026' प्रदान किया गया। इस अवसर पर रेलवे के विकास कार्यों पर एवं महाप्रबंधक महोदय द्वारा रेलवे और कर्मचारियों के वेलफ़ेयर से सम्बंधित उठाये गये कदमो पर विस्तृत चर्चा हुई। महाप्रबंधक द्वारा रेलवे कॉलोनियों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण करने और वहां तत्काल सुधार कार्य शुरू कराने के निर्णय की सराहना की गई। स्टेशन स्थित 'बायो टॉयलेट, जो लंबे समय से उपेक्षित था, उसे सही कराने और क्रियाशील बनाने के कार्य को एक बड़ी उपलब्धि बताया गया। गोरखपुर स्टेशन के मुख्य मुखौटे के सामने फैली गंदगी को साफ कराने और वहां के सौंदर्यीकरण हेतु महाप्रबंधक द्वारा दिए गए निर्देशों की प्रशंसा की गई, जिससे पूर्वोत्तर रेलवे की छवि बेहतर हुई है।




विभिन्न विभागों के कार्यालयों के भीतर स्थित गंदे शौचालयों की स्थिति पर महाप्रबंधक के कड़े रुख और वहां कराए गए सफाई व मरम्मत कार्यों को कर्मचारी हितमें एक बड़ा कदम बताया । कॉलोनियों में बढ़ी झाड़ियों की समस्या पर महिला पदाधिकारियों की शिकायत मिलते ही महाप्रबंधक ने तुरंत आदेश जारी किए, जिस पर आज से ही धरातल पर कार्य शुरू हो गया है। उनके इस त्वरित कार्यशैली और संवेदनशील नेतृत्व की संघ भारी सराहना करता है साथ ही महामंत्री ने आग्रह किया कि यदि 1 जनवरी 2026 के नए वेतन आयोग के लागू होने से पहले ट्रैक और सिग्नल विभाग सहित कई विभागों के कर्मचारियों की पदोन्नति जो लंबे समय से पत्राचार के बाद भी लंबित है, उसे पूर्ण कराया जाये यदि पदोन्नति समय पर नहीं हुई, तो नए वेतन आयोग के लागू होने पर कर्मचारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। महाप्रबंधक महोदय ने संघ को आश्वस्त किया कि पिछले वर्षों के जो भी कार्य शेष रह गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने स्वयं हर जगह का निरीक्षण कर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं ताकि कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिल सके। संघ के पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे की गरिमा को बढ़ाने और कर्मचारियों की समस्याओं को व्यक्तिगत रुचि लेकर हल करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# नए साल में गोरखपुरवासियों को बड़ी सौगात, जाम से राहत की दिशा में केंद्र का बड़ा कदम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर। नए साल की शुरुआत गोरखपुरवासियों के लिए राहत भरी खबर लेकर आई है। माननीय सांसद श्री रवि किशन शुक्ल के आग्रह पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने गोरखपुर महानगर की यातायात समस्या को गंभीरता से लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं।

एनएच-24 (वाराणसीऽगोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग) से गोरखपुर शहर के भीतर सीधे एवं सुगम आवागमन के लिए सिकंदरपुर चौराहा अथवा खोराबारऽतिवारी मार्ग को वैकल्पिक लिंक रोड के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव सांसद रवि किशन द्वारा केंद्रीय मंत्री से भेंट कर रखा गया था। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए केंद्रीय मंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार को प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के



दिशा-निर्देशों तथा अधिनियम 2000 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद परियोजना पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस पहल से गोरखपुर महानगर में बढ़ते ट्रैफिक जाम से राहत मिलने, आवागमन सुगम होने और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। गोरखपुरवासियों ने इसे नए साल का बड़ा तोहफा बताते हुए सांसद रवि किशन के प्रयासों की सराहना की है।

## एक कीर्ति चक्र व नौ शौर्य चक्र विजेताओं की वार्षिकी सैन्य सम्मान धनराशि स्वीकृत, सात लाख 15 हजार का हुआ आवंटन

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद एक बार फिर सैन्य सम्मान के स्तर पर देश के चुनिंदा जिलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराता दिखा है। जिले के एक कीर्ति चक्र विजेता और नौ शौर्य चक्र विजेताओं को राज्य सरकार की तरफ से अनुमन्य वार्षिकी धनराशि प्रदान किए जाने की स्वीकृति दी गई है। यह जानकारी शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने आदेश जारी करते हुए दी। जिलाधिकारी जीतेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन आदेश के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी शासनादेश के क्रम में यह कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि शासन की एलॉटमेंट ग्रिड रिपोर्ट के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद कानपुर नगर के लिए कुल 7 लाख 15 हजार रुपये का आवंटन स्वीकृत किया गया है। यह धनराशि नियमानुसार आहरित कर संबंधित लाभार्थियों को भुगतान किए जाने की प्रक्रिया में है। जिलाधिकारी ने बताया कि सूची के अनुसार कीर्ति चक्र विजेता शहीद मेजर अविनाश सिंह भदौरिया के परिजन को वार्षिकी के रूप में एक लाख 30 हजार रुपये प्रदान किए जाने की स्वीकृति दी गई है।

# नानपारा में खेल और फिटनेस को बढ़ावा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। नगर के नवाब अब्बन साहब आम की बाग में खेल प्रेमियों के लिए एक नई पहल की गई है। मशहूर यूट्यूबर तबरेज खान द्वारा खेल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यहां बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया गया है, जहां खिलाड़ी नियमित रूप से अभ्यास और मैच खेल रहे हैं। खेल के साथ-साथ आमजन की सेहत को ध्यान में रखते हुए इसी परिसर में जिम का निर्माण भी कराया जा रहा है, ताकि लोग नियमित व्यायाम कर स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें। इस संबंध में तबरेज खान ने बताया कि बैडमिंटन कोर्ट और जिम बनाने का विचार काफी समय से था, लेकिन व्यस्तताओं के कारण इसे मूर्त रूप नहीं दिया जा सका। अब समय निकालकर दोनों कार्यों को पूरा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने और खेलो इंडियाऽजीतो इंडिया जैसी योजनाओं से प्रेरणा लेकर यह कदम उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि मशहूर यूट्यूबर तबरेज खान पूर्व में मिस्टर लखनऊ का खिताब भी अपने नाम कर चुके हैं। नानपारा की सरजमीं पर खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए बैडमिंटन कोर्ट और जिम जैसी सुविधाएं स्थानीय युवाओं के लिए लाभकारी साबित होंगी।



## यातायात पुलिस ने एक सौ नब्बे वाहनों का किया चालान

अमेठी,राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के द्वितीय दिवस पर यातायात पुलिस द्वारा कस्बा अमेठी में यातायात नियमों की जानकारी देकर आम जनमानस को जागरुक किया गया और एक सौ नब्बे वाहनों का चालान कर दो लाख चालीस हजार रुपया जुर्माना योजित किया गया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु दो जनवरी को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के द्वितीय दिवस पर यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर कस्बा अमेठी में आमजनमानस को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाने व निर्धारित सीमा से अधिक सवारी न बैठाने की अपील की गयी तथा जागरूकता संबंधी पंफ्लेट वितरित किये गये।यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल एक सौ नब्बे वाहनों का चालान कर दो लाख चालीस हजार रुपया जुर्माना योजित किया गया।

# डीएम के औचक निरीक्षण में खुली स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। डीएम कुमार हर्ष एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट लम्भुआ गामिनी सिंगला द्वारा शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) लम्भुआ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति सामने आई, जिसमें कई गंभीर खामियां पाई गईं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, मरीजों के लिए भोजन एवं पेयजल व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, उपस्थिति पंजिका, ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, इमरजेंसी कक्ष, एनआईसीयू वार्ड, औषधि स्टोर रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। अधीक्षक सहित कई कर्मी अनुपस्थित निरीक्षण के समय सीएचसी अधीक्षक अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अधीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में कुल 20 संविदा कर्मियों में से 2 कर्मी अनुपस्थित, 1 मातृत्व अवकाश पर तथा 17 कर्मी उपस्थित पाए गए। अनुपस्थित कर्मियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बेडशीट, भोजन मेन्यू और सफाई पर फटकार विभिन्न वार्डों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों को प्रतिदिन उपलब्ध कराई जाने वाली बेडशीट/बिस्तर के रंग एवं मानक के बारे में जानकारी मांगी, लेकिन संबंधित कर्मी स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। इसी तरह मरीजों को दिए जाने वाले भोजन के मेन्यू की जानकारी भी संतोषजनक नहीं मिली। सीएचसी परिसर में साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था ठीक न पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए गए। स्टोर रूम में रजिस्टर नहीं मिला, एनआईसीयू बंद औषधि स्टोर रूम निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट स्टॉक रजिस्टर मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर उसे कड़ी फटकार लगाई गई। निरीक्षण में एनआईसीयू वार्ड एवं बेबी फीडिंग कक्ष में ताला लगा पाया गया। ओपीडी में उपस्थित चिकित्सक ने बताया कि निरीक्षण के दिन अब तक 22 मरीजों का उपचार किया गया है। एक्स-रे कक्ष में प्रतिदिन लगभग 20 एक्स-रे किए जाने की जानकारी दी गई।सीएचसी के सामने बने रैन बसेरे के निरीक्षण में बिस्तर अस्त-व्यस्त पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। जानकारी मिली कि रैन बसेरे में मरीजों के तीमारदारों के साथ वाहन चालक भी विश्राम करते हैं।

मरीजों को न हो असुविधा- निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केन्द्र पर आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने, साफ-सफाई सुनिश्चित करने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के सख्त निर्देश दिए गए।

# नए साल के जश्न पर बाइफरकेशन में दो गुट में खूब चले लात-घूंसे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नववर्ष के स्वागत को लेकर जहां एक ओर शहर और कस्बों में जश्न का माहौल रहा, वहीं दूसरी ओर अव्यवस्थाओं और अनुशासनहीनता ने उत्सव की रंगत फीकी कर दी। देर रात तक सड़कों, चौराहों और प्रमुख मार्गों पर युवाओं का हुजूम उमड़ा रहा। बाइफरकेशन में मामूली कहासुनी होने के बाद दो गुटों में जमकर मारपीट से खलबली मच गई। तेज रफ्तार वाहन, शोर-शराबा और नशे की हालत में हुड़दंग करते युवाओं ने कई जगहों पर हालात बिगाड़ दिए। इसी कड़ी में शहर के बाइफरकेशन क्षेत्र में उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब युवकों के दो गुट आमने-सामने आ गए। मामूली कहासुनी के बाद विवाद ने अचानक उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे चलने लगे। देखते ही देखते सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ और राहगीरों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों गुटों के युवक नशे की हालत में थे और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करते हुए मारपीट पर उतर आए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन झगड़ा इतना बढ़ चुका था कि किसी की हिम्मत बीच-बचाव करने की नहीं हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, तब जाकर स्थिति पर काबू पाया जा सका। पुलिस ने मौके से कुछ युवकों को हिरासत में लिया है और मामले की जांच की जा रही है। हालांकि, घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इस तरह की घटनाओं ने नए साल के जश्न पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे। चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की मौजूदगी कम दिखी, जिसका फायदा हुड़दंगी तत्वों ने उठाया। लोगों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसे अवसरों पर सख्त निगरानी और प्रभावी पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि जश्न शांति और सौहार्द के साथ मनाया जा सके। गुरुवार देर शाम बाइफरकेशन से नए साल का जश्न मना कर लौट रहे युवाओं की कार डगा मोड के पास खाई में घुस गई। इससे अफरा तफरी का माहौल मच गया। बमुश्किल कार को बाहर निकाला गया।

## जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद के कोल्ड स्टोरेज का किया निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला उद्यान अधिकारी मृत्युंजय सिंह, फूल कुमार उद्यान निरीक्षक के साथ जनपद के कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षक किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मै. निर्मल कोल्ड स्टोरेज पीलीभीत, मै0 श्याम कोल्ड स्टोरेज पीलीभीत एवं मै गर्ग शीतगृह पूरनपुर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वर्ष 2025 में आलू भण्डारण किया गया था। जिसकी शीत गृह स्वामतियों द्वारा शत–प्रतिशत स्वामिकों द्वारा शत–प्रतिशत निकासी कर ली गई है। वर्ष 2026 में आलू भण्डारण हेतु शीतगृह स्वामिको को तत्काल नवीनकरण हेतु कहा गया और शीतगृह में कमियों के निराकरण हेतु तत्काल कहा गया।

## शिवमंदिर में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब आयोजित हुआ विशाल भंडारा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील क्षेत्र के गांव जमुनियां खास से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर जंगल के निकट प्राचीन ओड़ाझार शिवमंदिर पर गुरुवार को सामाजिक विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमे गाँव क्षेत्र व गैर जनपदों के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी धर्मो के लोगों नें एक साथ में भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया शिवमंदिर पर पहुचने वाले श्रद्धालुओं ने नववर्ष के उपलक्ष्य में भगवान शिव के दर्शन किए एवं अपनी अपनी मनोकामनाएं रखी और भंडारे का आनंद लिया,यह कार्यक्रम नववर्ष के एक जनवरी को हर वर्ष किया जाता है,

जिसमे क्षेत्र के आस पास के गांव से श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ के भाग लिया और भंडारे मे हलवा पूड़ी चावल पुलाव सहित कई तरह की सब्जी का प्रसाद चखकर आनन्द लिया,कई दिनों से भंडारे की व्यबस्था में गांव के दर्जनों श्रद्धालु लगे हुए थे खास बात ये रही की भारतीय संस्कृति के अनुसार सभी धर्म जाति की महिलाएं पुरुषों ने भंडारे में सेवा का योगदान दिया प्रसाद ग्रहण किया, कई दिनों से लगभग दर्जन भर सेवादार लगाए गए थे, शिवमंदिर ओडाझार पर श्रद्धालुओं की समिति के कार्यकर्ताओं एव ग्रामीणों ने विशेष सहयोग किया जिसमें सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में प्रसाद चढ़ाने को लग गई क्षेत्र के हजारो हजारो श्रद्धलुओं ने प्रसाद ग्रहण किया शिवशंकर की कृपा से शांति व्यबस्था से कार्य सम्पन्न किया गया है!

## रोटरी परिवार ने नए साल का किया स्वागत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन के सभी सदस्यो ने रोटरी सदस्य राजेश गुप्ता के निवास पर एकत्र होकर सभी को आने वाले साल की शुभकामनाएं दी यहां सभी रोटरी सदस्य एवं रोटरी एन उपस्थित रहे कार्यक्रम निदेशक रो राजेश खन्ना एवं संजीव गुप्ता मिष्ठान रहे।फन गेम होजी सिंगिंग डांस, कपल डांस का सभी ने आनंद लिया, संदीप खंडेलवाल का सीटी परफॉर्मेंस भी लोगों को खूब रास आया संचालन डॉक्टर दिनेश गुप्ता संस्थापक अध्यक्ष एवं मधुर होड़ा ने किया।अधिक सर्दी के चलते अलाव की व्यवस्था भी की गई थी रोटरी परिवार के नए सदस्य चंद्रपाल जैन एवं राकेश गुप्ता का भी स्वागत किया गया अंत में पुरस्कार वितरण सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।अध्यक्ष नीरज गुप्ता सचिव राजेश रस्तोगी ने सभी का आभार प्रकट किया । यहां शैलेन्द्र गुप्ता,विनय गुप्ता आलोक सिंघल, श्याम मनीष, संजीव गुप्ता,अजय गुप्ता, दीपक बंसल संदीप पाटिल संदीप बन्नू आदि मेंबर रहे हैं।

## युवक को घर में घुसकर पीटा पुलिस से शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली क्षेत्र के गांव सुखदासपुर निवासी अजय पाल पुत्र केशव राम ने बताया वह अपने घर पर था। तभी गांव के रहने वाले धर्मपाल, सूरजपाल पुत्रगण लक्ष्मण प्रसाद व दीपक पुत्र धर्मपाल दरवाजे पर पहुंच कर गालियां देने लगे। विरोध करने पर सभी घर में घुसकर मारपीट पर आमदा हो गए। आरोपियों ने उसके घर का दरवाजा भी तोड़ दिया। घटना को लेकर पड़ोस के कई लोग पहुंच गए। तभी आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## श्री राम जानकी समिति का गठन:हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों पर बैठक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर के शिशु मोहन बाल विद्यालय पूरनपुर मे हिन्दू सम्मेलन की समिति के गठन को लेकर व हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों पर शुक्रवार को एक बैठक हुई इस बैठक में सर्वसम्मति से श्री राम जानकी समिति' का गठन किया गया बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 27 जनवरी को सुबह 11 बजे होगा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता ने बैठक का संचालन किया इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया है।

## राजामऊ नहर पुल पर तीन ट्रक आपस में टकराने से तीन लोग घायल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मोहनगंज क्षेत्र के रायबरेली अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित राजामऊ नहर पुल पर शुक्रवार सुबह घने कोहरे के कारण एक के बाद एक तीन ट्रक आपस में भिड़ गये। इस दुर्घटना में दो ट्रक चालक और एक खलासी गम्भीर रूप से घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिये अस्पताल भेजवाया और ट्रकों को हटवाकर यातायात दुरुस्त कराया। थाना क्षेत्र के राजामऊ नहर पुल पर दो ट्रकों की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के तुरंत बाद पीछे से आ रही तीसरी ट्रक चालक का संतुलन बिगड़ गया और वह दुर्घटनाग्रस्त ट्रकों से जा टकराई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों ट्रकों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। इस सड़क हादसे में घायल हुये लोगों की पहचान ट्रक कंडक्टर राज पुत्र महेश तथा चालक विकास पुत्र राम लखन निवासी ग्राम गोसड़ी जनपद फतेहपुर के रूप में हुई है।वहीं तीसरा घायल चालक भगवान जाट पुत्र शिवराज जाट निवासी अजमेर राजस्थान बताया गया है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।दुर्घटना के चलते कुछ समय के लिये पुल मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह मय हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर मार्ग को सुचारु कराने का कार्य किया। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने वाहन चालकों से कोहरे के दौरान सतर्कता बरतने और धीमी गति से वाहन चलाने की अपील की है।

## माघ मेला स्पेशल ट्रेन से प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं को डीएम ने फूलमाला पहनाकर किया रवाना

उरई। प्रयागराज में माघ मेला स्नान के सुचारु एवं सुरक्षित आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन उरई के सभागार में रेलवे अधिकारियों, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की। बैठक में श्रद्धालुओं की यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि, प्रयागराज में माघ मेला स्नान का शुभारंभ हो चुका है, जो 01 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान जनपद से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज जाएंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को स्टेशन परिसर में प्रवेश से लेकर प्लेटफॉर्म, ट्रेन में चढ़ने तथा यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसकी जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी। स्टेशन सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं आवश्यक सहायता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रेलवे स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्रों में कानून–व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती प्रभावी ढंग से की जाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पंचायत चुनाव की मतदाता सूची से कई दर्जन मतदाताओं के नाम गायब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत कोटवा की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में बीएलओ द्वारा बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने काफी संख्या में मतदाताओं के नाम काटने और विवाहित युवतियों के नाम अंकित करने का आरोप लगाते हुये बीएलओ द्वारा की गई मनमानी की शिकायत मुख्यमंत्री के साथ ही निर्वाचन आयोग और आला अधिकारियों से दर्ज कराई है। जिलाधिकारी द्वारा पंचायत सूची में पारदर्शिता का पाठ मातहतों को लगातार पढ़ाया जा रहा था और सख्त निर्देश दिये गये थे कि सूची में किसी भी मतदाता का नाम छूटने न पाये लेकिन खेवनहारों द्वारा बरती गई अनियमितता से कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगने लगा है। मतदाता सूची में अनियमितता के कारण चुनावी मैदान में किस्मत आजमाने वाले लोगों को एक बार फिर से जोर का झटका धीरे से लगा है और वह शिकायती पत्र लेकर ब्लाक और तहसील के अधिकारियों की चौखट की परिक्रमा कर रहे हैं लेकिन इनकी कोई व्यथा सुनने वाला नही है।विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत कोटवा के भाग संख्या चौदह और पन्द्रह की मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर मनमानी करने का मामला मुख्यमंत्री के दरवार तक पहुंच गया है।शिकायतकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के साथ ही निर्वाचन आयोग एवं आला अधिकारियों को भेजे गये शिकायती पत्र में लिखा है कि पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में जीवित मतदाताओं के नाम काट दिये गये हैं जो लोग मृतक है या जिन युवतियों की शादी हो गयी है उनका नाम नही काटा गया है जिन मतदाताओ का पिछली सूची में नाम था लेकिन अभी जो नयी मतदाता सूची जारी हुयी है उसमे नाम काट दिया गया है। बताते चलें कि भाग संख्या चौदह और पन्द्रह के कई दर्जन मतदाताओं का नाम सूची से उड़ा दिया गया है। इसके अलावा काफी संख्या में विवाहित युवतियों के नाम मतदाता सूची में आज भी अंकित देखे जा सकते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब मतदाता सूची में अनियमितता की जानकारी हुई तो हम सबके पैरों तले से जमीन खिसक गई।

# लेखपाल ने पशु आश्रय स्थल के इक्कीस केयर टेकरों को बांटा कम्बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी,मौसम के मिजाज बदलते ही शीतलहर ने अपना विकराल रुप धारण कर लिया है। इन दिनों सर्दी के मौसम से आम जनमानस काफी प्रभावित है। शीतलहर से निजात दिलाने के लिये हल्का लेखपाल ने पशु आश्रय स्थल खारा के इक्कीस केयर टेकरों को कम्बल वितरित कर राहत पहुंचाने का काम किया है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत खारा में संचालित पशु आश्रय स्थल में आवारा मवेशियों की देखभाल के लिये केयर टेकरों को नियुक्त किया गया है। क्षेत्रीय लेखपाल मानस शुक्ला ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश कुमार के साथ पशु आश्रय स्थल खारा के इक्कीस केयर टेकरों को कम्बल वितरित किया और शीतलहर से स्वयं को बचाने के लिये प्रेरित किया।क्षेत्रीय लेखपाल मानस शुक्ला ने बताया कि शासन के निर्देश पर तहसील प्रशासन द्वारा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को शीतलहर से निजात दिलाने के लिये कम्बल वितरित किया गया और आम जनमानस को शीतलहर से बचने के लिये प्रेरित किया गया है।हल्का लेखपाल मानस शुक्ला ने बताया कि पशु आश्रय स्थल में तिरपाल का इंतजाम किया गया है और पशुओं को शीतलहर से बचाये रखने का काम किया जा रहा है। इन पशु आश्रय स्थलों के केयर टेकरों ने हल्का लेखपाल के हाथों कम्बल पाकर शासन के साथ ही तहसील प्रशासन के कार्यों की सराहना की है। नायब तहसीलदार अमीषा यादव ने बताया कि गरीब परिवारों को तहसील प्रशासन द्वारा अनवरत कई वर्षो से कम्बल वितरित किये जा रहे हैं और गरीब परिवारों को शीतलहर से बचाने की जिम्मेदारी तहसील प्रशासन द्वारा लगातार निभाई जा रही है। उन्होंने बताया कि हल्का लेखपालों को अपने अपने कार्य क्षेत्र का अनवरत भ्रमण करने का निर्देश दिया गया है और इसमें लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

# एड्स जैसी घातक बीमारियों से जागरूक करने का निरंतर चलाया जा रहा अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। आज से कई दशक पहले जब समाज के दबे-कुचले लोगों के लिए, समाज में व्याप्त कुरीतियां मिटाने के लिए,शिक्षा और संस्कार तथा नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को सकारात्मक जामा पहनाने को लेकर प्रताप सेवा समिति समाजिक संस्था का निर्माण किया गया था तब शायद आज की स्थिति का अंदाजा नही था,की प्रताप सेवा समिति समाज के लिए लाइफ-लाइन साबित होगी,लेकिन इसके पीछे समर्पण और संस्था की नींव से जुड़े लोगों का दृढ़संकल्प था,जो आज सेवा के क्षेत्र में प्रताप सेवा समिति का कोई जोड़ नही है,एचआईवी/एड्स से बचाव या नशा मुक्त समाज,प्रताप सेवा समिति का मुख्य उद्देश्य बन गया है।

प्रताप सेवा समिति की रीढ़ विजय श्रीवास्तव ''विद्रोही'' शायद इसीलिए विद्रोही कहलाए गए, क्योंकि सेवा क्षेत्र में

### सेवा के क्षेत्र में प्रताप सेवा समिति ने गढ़े कीर्तिमान

लचरता पर उन्होंने अक्सर विद्रोह किया, यही 'विद्रोह' विजय श्रीवास्तव को विजय विद्रोही के नाम का तखल्लुस अता कर दिया और आज उन्हें''विद्रोही जी'' के नाम से जाना जाता है। प्रताप सेवा समिति के सचिव श्री विद्रोही नव वर्ष की शुरुआत पर अपने उन्हीं पुराने साथियों को प्रताप सेवा समिति के कार्यालय गोमती नगर पांचोपीरन पर ससम्मान बुलाते है,उनसे समिति के साल भर के सेवा क्षेत्र के कार्य पर चर्चा करके नये वर्ष में समाज के प्रति और बेहतर प्रतिशत कैसे दिया जाए इसपर एक-दूसरे से विचार विमर्श करते है,साथ ही सभी साथियों का सम्मान भी संस्था द्वारा किया जाता है। संस्था से जुड़े उन साथियों के योगदान को भी याद करके उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की जाती, जो आज हमारे बीच नही है, वृहस्पतिवार को प्रताप सेवा समिति के सचिव विजय विद्रोही ने नव वर्ष की शुरुआत पर संस्था पदाधिकारियों में उर्जा भरते हुए दोगुनी ताकत के साथ सेवा क्षेत्र में तन-मन व समर्पण भाव से एचआईवी/एड्स जैसी घातक बीमारी से समाज को जागरूक करने का संकल्प दोहराया। उक्त अवसर पर शिवमूर्ति पांडेय मजिस्ट्रेट बाल कल्याण समिति,आनंद सक्सेना एडवोकेट संस्था नियंत्रक,अखिलेश कुमार मिश्र संस्था अध्यक्ष, शरद श्रीवास्तव, जय श्रीवास्तव, विनोद मोदनवाल,दिनेश कुमार श्रीवास्तव, डां.अबसार,डां.एसके श्रीवास्तव, एसटीआई काउंसलर सीमा श्रीवास्तव, एसएसके मैनेजर प्रणीत श्रीवास्तव,वेद प्रकाश,अर्चना दूबे,राज पांडेय, अर्चना सिंह, इरफाना,पारो गुप्ता,सुप्रिया राज,अमित मिश्रा, अरुण सिंह, ममता तिवारी,सीमा कन्नौजिया, सोनम आदि समाजसेवी व गणमान्य उपस्थित रहे।

# प्रधान ने बीडीओ को सौपा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में ग्राम पंचायत अधिकारी को हटाने की मांग को लेकर प्रशासनिक संकट गहराता जा रहा है। ग्राम पंचायत के प्रधान जाने आलम ने इस संबंध में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) पूरनपुर को एक सख्त पत्र भेजकर ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार गुप्ता को तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायत से हटाने की मांग की है।पत्र में प्रधान ने उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत शेरपुर कलां के सभी निर्वाचित पंचायत सदस्यों ने पहले ही जिलाधिकारी पीलीभीत को शपथ पत्र सौंपकर सचिव के कार्य एवं व्यवहार पर गंभीर आपत्ति जताई थी। सदस्यों का आरोप है कि सचिव द्वारा पंचायत सदस्यों के साथ असभ्य, पक्षपातपूर्ण एवं अन्यायपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है, जिससे पंचायत की कार्यप्रणाली पूरी तरह प्रभावित हो रही है।प्रधान ने पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि यदि सचिव को तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायत से नहीं हटाया गया, ग्राम पंचायत में कोई भी विकास कार्य कराया गया तो उसे शपथ पत्र की भावना के विपरीत माना जाएगा। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत के सभी सदस्य अपने-अपने पदों से सामूहिक रूप से इस्तीफा देने को बाध्य होंगे। इसके साथ ही अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किए जाने की भी चेतावनी दी गई है।पत्र में पंचायत में शांति व्यवस्था बिगड़ने की आशंका जताते हुए कहा गया है कि वर्तमान स्थिति में सचिव की मौजूदगी से ग्राम पंचायत में तनाव की स्थिति बनी हुई है। प्रधान ने प्रशासन से मांग की है कि पंचायत हित एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्काल निर्णय लिया जाए।ग्राम प्रधान जाने आलम ने यह भी साफ किया है कि यदि समय रहते ग्राम पंचायत अधिकारी को हटाया नहीं गया, तो वे स्वयं अपना पद त्यागने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि जब तक सचिव को ग्राम पंचायत से नहीं हटाया जाता, तब तक पंचायत के विकास कार्य पूरी तरह से बंद रहेंगे।शेरपुर कलां पंचायत में इस घटनाक्रम के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। अब सभी की निगाहें खंड विकास अधिकारी और जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं कि इस गंभीर मामले में आगे क्या कदम उठाया जाता ।

# सड़क सहित अन्य कार्यों के लिए नगर पालिका को 7 करोड़ की संस्तुति चारों तरफ हो रही चेयमैन शैलेंद्र गुप्ता की प्रशंसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नव वर्ष 2026 के आगमन पर पूरनपुर नगर पालिका को शासन से बड़ी सौगात मिली है। नगर पालिका पूरनपुर के नागरिकों के लिए राहत भरी खबर है। विधायक बाबूराम पासवान के प्रयास से नगर क्षेत्र में सड़कों, नालियों और पथ प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शासन स्तर पर बड़ी पहल की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा नगर की आधारभूत समस्याओं को लेकर दिए गए पत्र के क्रम में जनप्रतिनिधि द्वारा प्रदेश सरकार तक मामला प्रभावी ढंग से उठाया गया, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है।बताया गया कि नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने नगर में जर्जर सड़कों, जल निकासी की समस्या और अपर्याप्त स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को लेकर संबंधित जनप्रतिनिधि को पत्र देकर अवगत कराया था। इसके बाद जनप्रतिनिधि ने नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ए.के. शर्मा को पत्र भेजकर अपनी विधानसभा पूरनपुर के अंतर्गत नगर पालिका पूरनपुर के विभिन्न वार्डों में पथ प्रकाश, सड़क और नाली निर्माण कार्यों की आवश्यकता से अवगत कराया। मंत्री ए.के. शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अंतर्गत नगर पालिका पूरनपुर के विकास के लिए कुल 500 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त किए जाने की संस्तुति की है। इसके साथ ही सड़कों, नालियों और पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए अलग से 200 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत किए जाने हेतु प्रमुख सचिव को आवश्यक कार्यवाही के लिए पत्र प्रेषित कर दिया गया है।सूत्रों के अनुसार, शासन स्तर पर प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और शीघ्र ही धनराशि की औपचारिक स्वीकृति मिलने की संभावना है। धनराशि स्वीकृत होते ही नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण, नाली सुधार और नई स्ट्रीट लाइटें लगाए जाने का कार्य शुरू किया जाएगा, जिससे वर्षों से चली आ रही समस्याओं से नगरवासियों को राहत मिलेगी। इस पहल से नगर की साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और रात्रि सुरक्षा में भी सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है।

स्थानीय लोगों ने इस प्रयास के लिए नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता और संबंधित जनप्रतिनिधि के प्रति आभार जताया है। वहीं जनप्रतिनिधि ने कहा कि पूरनपुर नगर के सर्वांगीण विकास के लिए वे लगातार शासन स्तर पर प्रयासरत हैं और भविष्य में भी नगर को अधिक सुविधाएं दिलाने का प्रयास जारी रहेगा। अंत में जनप्रतिनिधि द्वारा मंत्री ए.के. शर्मा का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से पूरनपुर नगर के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम आगे बढ़ा है।

### संस्थान में सुंदरकांड पाठ और हवन यज्ञ का हुआ आयोजन

सुल्तानपुर।धम्मौर, त्रिलोकपुर स्थित श्री राजहंस शिक्षण संस्थान में वृहस्पतिवार को नववर्ष के स्वागत में सुंदरकांड पाठ तथा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें यजमान की भूमिका स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर ज्ञान सिंह यादव ने निभाई। पं प्रमोद मिश्रा ने हवन यज्ञ का कार्य संपन्न कराया।

हवन यज्ञ के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सभी ने नव वर्ष में ज्यादा मेहनत ओर लगन से आगे बढ़ने का संकल्प लिया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर ज्ञान सिंह यादव ने सभी छात्रों व स्टाफ को नववर्ष की बधाई देते हुए कामना की कि नव वर्ष सभी के लिए खुशियां और समृद्धि लेकर आए।इस दौरान प्रबंधक अमर सिंह यादव, दीपचंद यादव,रामसुख मौर्य, विकास तिवारी, आंचल सिंह, प्रेमलता यादव आदि शिक्षक गण एवं छात्र मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# सेहत का नया साल

आज हम एक नये साल में प्रवेश कर रहे हैं। नववर्ष पर हम एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। मंगलकामनाएं अभिव्यक्त करते हैं। लेकिन नये वर्ष के आगमन के उत्साह में हम इकतीस दिसंबर को देर रात तक नये साल के जश्न में जुटे रहते हैं। इधर देश में प्रयोगधर्मी खानपान व नशीली पार्टियों का फैशन जैसा बन गया है। देर रात तक चलने वाली पार्टियों के बाद नये साल के पहले दिन ही हमारी नींद देर से खुलती है। फिर नये साल का पहला दिन ही सुस्ती और आलस्य के साथ शुरू होता है। कायदे से नये साल की शुरुआत एक ताजगीभरी सुबह के साथ होनी चाहिए। नये संकल्पों के लिए ऊर्जावान सुबह के साथ शुरू हो पहला दिन। निश्चित रूप से हमारा सामान्य जीवन व्यवहार बंधनों में नहीं बांधा जा सकता, लेकिन स्वस्थ जीवन के लिए कुछ नियम जरूरी भी हैं। दरअसल, नये दौर में हम, खासकर नई पीढ़ी एक अराजक जीवन जीने को अपनी शान समझती है। अमेरिका में हुए कुछ शोधों के बाद पता चला है कि सुबह जल्दी उठना और रात को जल्दी सोना हमारी सेहत की गारंटी होती है। यह पुरानी भारतीय अवधारणा ही है। भारतीय समाज में ब्रह्ममुहूर्त में उठने की प्रतिष्ठित परंपरा रही है। इस समय प्रकृति एकाग्रता-ध्यान हेतु शांत होती है। शरीर के मल स्वतरू बाहर निकलने की प्रक्रिया में होते हैं। यह तथ्यपरक है कि हम जितनी जल्दी नित्यकर्म से निवृत्त होते हैं, उतने जल्दी स्वस्थ होते हैं। नया साल न तो कोई जादू है और न ही चमत्कार करने वाला होता है। महज एक नये दिन मानक होता है। नया दिन बदलाव के संकल्प का और उससे जीवन को सुखमय बनाने का। यूं भी जब जनवरी के पहले दिन का आगमन होता है तो शीत का प्रकोप होता है, जिसके चलते जीवन की गति मंथर हो जाती है। संभवतः शीतजनित इस नीरसता व एकरसता को तोड़ने के लिए दुनिया में नववर्ष के उत्सव को बड़े पैमाने पर मनाने की परंपरा शुरू की गई होगी। सही मायनों में उत्सव का उल्लास हमारे तन-मन को स्वस्थ और मंगलमय बनाने के लिए होता है। लेकिन इस दौरान हम खानपान को लेकर अराजक व्यवहार करने लगते हैं। दरअसल, हमारा शरीर बेहद संवेदनशील व हमारी सेहत के प्रति सचेत होता है। शरीर का अपना उन्नत सुरक्षा-तंत्र लगातार हमारे स्वास्थ्य की फिक्र करता है। वह शरीर को सर्दी-गर्मी के अनुरूप अपना ताप नियंत्रित कर हमारे जीवन की रक्षा करता है। वह बार-बार संकेतों से हमें सचेत करता है। हम उसकी आवाज अनसुनी कर देते हैं। एक सीमा तक वह इसे बर्दाश्त करता है, लेकिन फिर असहाय होने की स्थिति में बीमार पड़ जाता है। अक्सर देखते हैं कि नये साल के जश्न, शादी-विवाह व मुफ्त की पार्टियों में हम जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं। लेकिन खाने-पीने की अराजकता पेट को लगातार परेशान करती है। उत्सव व पार्टी में हम सामान्य दिनों की तुलना में ज्यादा खा लेते हैं। योग दर्शन बताता है कि पेट को चार भागों में मानकर दो भाग खाने के लिये, एक पानी और एक आकाश तत्व के लिये रखें। आकाश तत्व यानी खाली रखने के लिए, जिससे पाचन की क्रिया सुगम होती है। हम किसी मशीन में भी कोई पदार्थ ठूंस-ठूंस कर भर दें, तो उसकी गति बाधित होती है। फिर पेट तो कोमलअंगी होता है। जापान के एक द्वीप में सौ से अधिक उम्र के सैकड़ों लोग मौजूद है, जिसने पश्चिमी शोधकर्ताओं को चकित किया। शोध में पता चला कि श्रमशील व प्रसन्न रहने वाले इस द्वीप के लोगों की एक खास आदत है, जब उन्हें लगता है कि खान पर्याप्त हो गया है, तो वे थाली का खाना उसी वक्त छोड़ देते हैं। यही उनकी लंबी उम्र का राज भी है। दरअसल, भूख हमारी शारीरिक जरूरत से अधिक मानसिक होती है। बढ़ती उम्र के साथ हमारे खाने की मात्रा में कमी होनी चाहिए। हम जीने के लिये खाएं, न कि खाने के लिए जीएं। अब चाहे नये साल की पार्टी हो या कोई पर्व-त्योहार, हमें संयमित भोजन का ही उपयोग करना चाहिए।

# समाधान, संकल्प और लोकतांत्रिक नवजागरण का उद्घोष हो

**भारत के लिए 2026 कई अर्थों में निर्णायक वर्ष है। आंतरिक राजनीतिक चुनौतियाँ हों या वैश्विक दबाव, नए साल में हमें कड़वे और कभी-कभी हिंसक अनुभवों का सामना करना पड़ सकता है। इसके बावजूद बीते वर्षों की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत शांति, अहिंसा, सौहार्द और सद्भावना के दीप जलाने का संकल्प दोहराएगा। प्रधानमंत्री का यह कथन विशेष अर्थ रखता है कि जहाँ 2025 सुधारों की बात अर्थात भारत के रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार रहने का वर्ष था, वहीं 2026 से 2047 तक का कालखंड भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की निर्णायक यात्रा है। यह यात्रा केवल आर्थिक आँकड़ों की नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और लोकतांत्रिक सुदृढ़ता की भी है। विभिन्न क्षेत्रों में किये जाने वाले सुधारों को प्रभावी बनाने के लिये यह अनिवार्य है कि राजनीति की ही भांति नौकरशाही के प्रत्येक स्तर पर सुधार हो। यह ठीक है कि केन्द्र सरकार से जुड़ी उच्च स्तर की नौकरशाही में बीते वर्षों में व्यापक बदलाव हुए है, लेकिन निचले स्तर पर उसका तौर-तरीका जस का तस है। सबसे चिन्ताजनक है कि नौकरशाही का भ्रष्टाचार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कारण अनेक कार्य-योजनाओं का जैसा परिणाम आना चाहिए वैसा नहीं आ रहा है। हालाँकि, यह स्वीकार करना होगा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और राजनीतिक मूल्यों में गिरावट को लेकर जो वातावरण बन रहा है, उसे गंभीरता से लेना आवश्यक है। लोकतंत्र केवल चुनावों का आयोजन भर नहीं है; यह संवाद, असहमति के सम्मान, संस्थाओं की गरिमा और संविधानिक मर्यादाओं का जीवंत तंत्र है। संसद लोकतंत्र का मंदिर है, पर पिछले वर्षों में संसद की कार्रवाई का बार-बार अवरोधित होना, हंगामे और गतिरोध लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करते हैं।**

नया साल 2026 अनेक आशाओं, अपेक्षाओं, उम्मीदों और संकल्पों के साथ हमारे सामने है। वर्ष 2025 जहाँ वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर इम्तिहान, अस्थिरता और इंतज़ार का साल रहा, वहीं 2026 से शांति, खुशहाली और प्रगति की बहाली की संभावना बनती दिख रही है। बीते वर्ष की घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि पुरानी समस्याओं के उत्तर पुराने तरीकों से नहीं मिल सकते। इसलिए 2026 में हमें बीते बस के सवालों के जवाब नए वक्त, नई सोच और नए विवेक में ढूंढने होंगे। यह वर्ष केवल कैलेंडर का बदलाव नहीं, बल्कि सोच, दृष्टि और प्राथमिकताओं के पुनर्निर्धारण का अवसर है। यह वर्ष समाधान, संकल्प और लोकतांत्रिक नवजागरण का उद्घोष बने, इसके लिये हमें तत्पर होना होगा, तैयारी करनी होगी। दुनिया के मोर्चे पर देखें तो रूस-यूक्रेन और इज़राइल-फ़िलिस्तीन के युद्धों के अतिरिक्त भी कम-से-कम दस बड़े संघर्ष ऐसे हैं, जहाँ मानवता निरंतर घायल हो रही है। आतंकवाद, नस्ली विद्वेष, धार्मिक कट्टरता और सत्ता-लिप्सा ने इंसानी खून को सस्ता बना दिया है। वर्ष 2025 में यह रक्तपात थमा नहीं, पर नए साल में इन युद्धों, संघर्षों और आतंकवादी हरकतों से मुक्ति की आकांक्षा केवल भावनात्मक कामना नहीं, बल्कि वैश्विक नैतिकता की अनिवार्यता बननी चाहिए। भारत, जिसने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का संदेश विश्व को दिया है, शांति और संवाद की इस वैश्विक पहल में एक बार फिर नैतिक नेतृत्व की भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते वर्ष में दुनिया को जता दिये है कि वे वैश्विक नेतृत्व करने एवं दुनिया को उन्नत बनाने की भूमिका निभाने में सक्षम है। भारत की अहिंसक सोच, सबको साथ लेकर चलने की प्रवृत्ति एवं सकारात्मक मानवीय नजरिया दुनिया के लिये उपयोगी हो सकता है। भारत के लिए 2026 कई अर्थों में निर्णायक वर्ष है। आंतरिक राजनीतिक चुनौतियाँ हों या वैश्विक दबाव, नए साल में हमें कड़वे और कभी-कभी हिंसक अनुभवों का सामना करना पड़ सकता है। इसके बावजूद बीते वर्षों की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत शांति, अहिंसा, सौहार्द और सद्भावना के दीप जलाने का संकल्प दोहराएगा। प्रधानमंत्री का यह कथन विशेष अर्थ रखता है कि जहाँ 2025 सुधारों की बात अर्थात भारत के रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार रहने का वर्ष था, वहीं 2026 से 2047 तक का कालखंड भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की निर्णायक यात्रा है। यह यात्रा केवल आर्थिक आँकड़ों की नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और लोकतांत्रिक सुदृढ़ता की भी है। विभिन्न क्षेत्रों में किये जाने वाले सुधारों को प्रभावी बनाने के लिये यह अनिवार्य है कि राजनीति की ही भांति नौकरशाही के प्रत्येक स्तर पर सुधार हो। यह ठीक है कि केन्द्र सरकार से जुड़ी उच्च स्तर की नौकरशाही में बीते वर्षों में व्यापक बदलाव हुए है, लेकिन निचले स्तर पर उसका तौर-तरीका जस का तस है। सबसे चिन्ताजनक है कि नौकरशाही का भ्रष्टाचार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कारण अनेक कार्य-योजनाओं का जैसा परिणाम आना चाहिए वैसा नहीं आ रहा है। हालाँकि, यह स्वीकार करना होगा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और राजनीतिक मूल्यों में गिरावट को लेकर जो वातावरण बन रहा है, उसे गंभीरता से लेना आवश्यक है। लोकतंत्र केवल चुनावों का आयोजन भर नहीं है; यह संवाद, असहमति के सम्मान, संस्थाओं की गरिमा और संविधानिक मर्यादाओं का जीवंत तंत्र है। संसद लोकतंत्र का मंदिर है, पर पिछले वर्षों में संसद की कार्रवाई का बार-बार अवरोधित होना, हंगामे और गतिरोध लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर करते हैं। नए साल में यह संकल्प लिया जाना चाहिए कि संसद अवरोध का मंच नहीं, बल्कि समाधान और विमर्श का केंद्र बने। सत्ता और विपक्ष-दोनों की यह साझा जिम्मेदारी है कि वे राष्ट्रीय हितों को दलगत राजनीति से ऊपर रखें। लोकतांत्रिक प्रणाली को एक नई ऊँचाई पर ले जाने के लिए राजनीतिक मूल्यों का पुनर्ज़ागरण आवश्यक है। पारदर्शिता, जवाबदेही, नैतिकता और जन-सरोकार-इन चार स्तंभों पर ही सशक्त लोकतंत्र खड़ा होता है। 2026 में राजनीति को केवल सत्ता-संघर्ष का अखाड़ा नहीं, बल्कि लोक-सेवा का माध्यम बनाने की आवश्यकता है। यदि राजनीति आम आदमी के दुःख-दर्द, रोज़गार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ती है, तभी लोकतंत्र में जनता का विश्वास मजबूत होगा। नया साल आम आदमी के जीवन में रोशनी बनकर आए-यह तभी संभव है जब हम समस्याओं का रोना रोने के बजाय समाधान की संस्कृति विकसित करें। महँगाई, बेरोज़गारी, सामाजिक विषमता और पर्यावरण संकट जैसी समस्याएँ केवल सरकारी घोषणाओं से नहीं सुलझेंगी; इनके लिए सामूहिक संकल्प और सहभागिता चाहिए। भारत की जनता में यह सामर्थ्य है कि वह झूठ को पहचानती है, सज्जनता को स्वीकार करती है और इंसानियत के मायने जानती है। हमारी सभ्यता की जड़ें अहिंसा और शांति में हैं-इसी बल पर हमें अपने समय की जटिल चुनौतियों का समाधान खोजना होगा। स्वास्थ्य के मोर्चे पर 2026 को विशेष सतर्कता का वर्ष बनाना होगा। महामारी के बाद की दुनिया ने यह सिखाया है कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा का प्रश्न है। खानपान की संस्कृति को नया आयाम देना होगा, स्थानीय, पौष्टिक और संतुलित आहार को बढ़ावा देते हुए। योग, ध्यान और जीवनशैली में संयम को अपनाकर ही हम स्वस्थ समाज की नींव रख सकते हैं। साथ ही 'स्वदेशी' के मंत्र को नई ऊँचाई पर ले जाना होगा-चाहे वह उत्पादन हो, उपभोग हो या तकनीकी नवाचार। आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं, मानसिक और सांस्कृतिक भी होनी चाहिए। सामाजिक जीवन में भी नए संकल्पों की आवश्यकता है। नशा, दिखावा और आडंबर हमारी सामाजिक ऊर्ज़ा को खोखला करते हैं। सादगी, संयम और मूल्यबोध को प्रोत्साहित करना समय की माँग है। विवाह और सामाजिक संस्कारों को बाज़ारू प्रदर्शन से मुक्त कर मानवीय संबंधों की गरिमा से जोड़ना होगा। यही नहीं, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, जल-संरक्षण और प्रकृति के साथ सहअस्तित्व-ये सभी नए साल के अनिवार्य संकल्प होने चाहिए। तकनीक और परंपरा के संतुलन के बिना इक्कीसवीं सदी का भारत आगे नहीं बढ़ सकता। आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल सार्वजनिक ढाँचे और हरित ऊर्ज़ा के क्षेत्र में भारत नए मानक स्थापित कर रहा है, पर इस प्रगति के साथ मानवीय संवेदनाओं का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। विकास का सही अर्थ वही है, जिसमें अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति भी स्वयं को सम्मानित और सुरक्षित महसूस करे। 2026 में हमें बड़े बदलाव के लिए छोटे-छोटे लेकिन ठोस कदम उठाने होंगे। नए संकल्पों के पौधे रोपने होंगे, विकास एवं विवेक के नए 'स्वास्तिक' रचने होंगे-पर इसके लिए मौसम और माहौल दोनों बनाना पड़ेगा। सकारात्मक सोच, सामाजिक विश्वास और राजनीतिक सद्भाव-यही वह वातावरण है, जिसमें परिवर्तन के बीज फलते-फूलते हैं। तैयारी के बिना संकल्प खोखले रह जाते हैं; इसलिए नीति, नियत और नियोजन-तीनों का समन्वय अनिवार्य है। अंततः नया साल 2026 हमें यह स्मरण कराता है कि इतिहास अवसर देता है, पर दिशा हमें स्वयं तय करनी होती है। यदि हम शांति को प्राथमिकता, लोकतंत्र को आचरण और समाधान को संस्कृति बना लें, तो यह वर्ष केवल एक कैलेण्डर नहीं, बल्कि एक युगांतकारी मोड़ सिद्ध हो सकता है। भारत यदि अपनी आत्मा-अहिंसा, सहअस्तित्व और करुणा के साथ आगे बढ़ता है, तो 2026 न केवल हमारे लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए आशा और प्रकाश का वर्ष बनेगा। दुनिया को नयी दिशा एवं दृष्टि देने में सक्षम होगा। -ललित गर्ग

# 2026 शायद हमें भूत और भविष्य, दोनों की सैर कराएगा

**एन. रघुरामन**

हममें से किसी ने भी बॉलीवुड या हॉलीवुड की किसी फिल्म में शायद ऐसा नहीं देखा होगा कि किसी कैदी को ड्रोन के जरिए सेल से उठाकर बाहर निकाल लिया गया हो। हां, कुछ एक्शन मूवीज में जरूर ड्रोन्स को भाग निकलने या रेस्क्यू ऑपरेशन का अहम हिस्सा बताया गया है।

2026 में यह हकीकत बन सकता है। यूके के प्रिजन गवर्नर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष टॉम व्हीटली ने इसी हफ्ते चेतावनी दी है कि सच में जल्द ही ऐसा हो सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि 100 किलोग्राम तक वजन उठा सकने वाले कृषि कार्यों के लिए बने ड्रोन्स किसी इंसान का वजन उठा सकते हैं। इनके जरिए कैदी जेल से भाग सकते हैं।डीजेआई का एग्रास टी100 ड्रोन ट्रांसपोर्ट करने के लिए आसानी से तोड़ा जा सकता है, फिर दोबारा जोड़कर जल्दी चार्ज भी किया जा सकता है। व्हीटली के मुताबिक चूंकि बड़े गिरोहों के पास काफी पैसा होता है, इसलिए संगठित गिरोह 20 हजार पाउंड खर्च कर ऐसे ड्रोन ले सकते हैं।उन्होंने चेताया कि 'लॉजिस्टिक तौर पर यह खतरा अब सामने है।' वजह है कि जेलों में ड्रोन डिलीवरी तकनीकी तौर पर इतनी एडवांस हो गई है कि अब यह लगभग 'उबर ईट्सश जैसी ही है। जेल अधिकारी भी मानते हैं कि कैदी केन्द्रीकृत स्रोत पर ऑर्डर देता है और लोकल ड्रोन ऑपरेटर डिलीवरी कर देता है।

2024 और 2025 के आंकड़े बताते हैं कि दुनियाभर में जेलों के आसपास ड्रोन दिखने और प्रतिबंधित सामान गिराने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। सुरक्षा विशेषज्ञ अब ड्रोन को जेलों की सुरक्षा के लिए प्राथमिक खतरा मान रहे हैं। मार्च 2025 में खत्म हुए वित्तीय वर्ष में इंग्लैंड और वेल्स की जेलों में ड्रोन से जुड़ी 1,712 घटनाएं दर्ज हुईं। यह पिछले साल के मुकाबले 43% ज्यादा और 2021 से करीब 1000% की भारी बढ़ोतरी है। अमेरिका में भी 479 ड्रोन घटनाएं दर्ज की गईं। जेल अधिकारियों का कहना है कि 'जेलों में ड्रोन डिलीवरी का पूरा इकोसिस्टम बेहद एडवांस्ड है, जो यूके में कमर्शियल ड्रोन गतिविधियों से कहीं आगे निकल चुका है।' जब तकनीक हमें आगे ले जाने और ऐसा कुछ दिखाने की कोशिश कर रही है, जो आज मौजूद ही नहीं है- उसी वक्त फूड इन्फ्लुएंसर्स हमें जानबूझकर 150 साल पीछे ले जाकर दिखा रहे हैं कि उस दौर के प्रभावशाली लोग क्या खाते थे। उन्हें क्या पसंद था, वो डिशेज कैसे बनती थीं और आज हम कैसे उनका स्वाद ले सकते हैं। वे इन डिशेज को सिर्फ हेल्दी ही नहीं, बल्कि संजोने लायक इतिहास बता रहे हैं। डॉनी डॉडसन ऐसे ही लोगों में से एक हैं, जिन्होंने करीब 18 महीने पहले 1776 की डिश 'होकेक्स' बनाना शुरू किया। यह शहद और मक्खन में लिपटा कॉर्नमील पैनकेक होता है। अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन को यह काफी पसंद था। डॉडसन के वीडियो को 1.6 मिलियन व्यूज मिले और आज डॉडसन के पास उस दौर के करीब 200 वीडियो हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपतियों पर अपनी सीरीज पूरी की और फिर प्राचीन मिस्र से लेकर विक्टोरियन इंग्लैंड तक की ऐतिहासिक रेसिपीज बनाने लगे। मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फास्ट फूड प्रेम पर उन्होंने कहा कि 'यह हमारे सांस्कृतिक पतन का संकेत है।' वे रेस्टोरेंट्स और किचन में काम करने वाले उस छोटे समूह का हिस्सा हैं, जो भूली-बिसरी रेसिपीज को दोबारा जिंदा कर रहा है। क्योंकि हमारी जिंदगी में कुछ चीजें ऐसी होती हैं, जो पीढ़ियों तक नहीं बदलतीं। उनमें से एक है खाना। इसीलिए यह आपके और मेरे जैसे लोगों को आकर्षित करता है। मेरे पास मीनाक्षी अम्मल की 'कुक एंड सी' शीर्षक वाली किताबों के कुछ वॉल्यूम हैं। 1951 में जब ये किताबें प्रकाशित हुईं तो उनकी उम्र 45 साल थी। इसमें उन्होंने 1900 से पहले हमारे दादा-पड़दादा के जमाने में बनाई जाने वाली रेसिपीज लिखी थीं। अचंभे की बात नहीं कि उनकी किताब न सिर्फ 2000 के बाद लोकप्रिय हुई, बल्कि आज भी अमेरिकी विश्वविद्यालयों में गाइड के तौर पर इस्तेमाल की जाती है।

## सेहत मंत्र

# सैर करना शुरू कीजिए सेहत के अच्छे दिन आ जाएंगे

सैर करना सेहत के लिए बहुत ही लाभकारी माना जाता है। फिर चाहे बात गर्भवती महिलाओं की हो या फिर वृद्ध व्यक्तियों की, हर किसी को थोड़ी देर सैर करने की सलाह अवश्य दी जाती है। हर व्यक्ति यह तो जानता है कि हमें प्रतिदिन सैर करनी चाहिए लेकिन इससे प्राप्त होने वाले लाभों के बारे में अमूमन वे अनजान ही होते हैं। तो चलिए जानते हैं सैर करने से होने लाभों के बारे में- प्रतिदिन वॉक करना आपके दिल के लिए बहुत ही लाभकारी माना जाता है। अगर आप प्रतिदिन वॉक करते हैं तो इससे आपको हृदय संबंधी रोग होने का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। इतना ही नहीं, कुछ अध्ययन इस ओर इशारा करते हैं कि यदि 65 या उससे अधिक उम्र के व्यक्ति सप्ताह में चार घंटे वॉक करते हैं तो वे लम्बे समय तक स्वस्थ बने रह सकते हैं। पैदल चलने और रक्तचाप का आपस में गहरा संबंध है। अगर आपको ब्लड प्रेशर की समस्या है तो आपको प्रतिदिन वॉक करना चाहिए। रोजाना एक घंटे वॉक करने से आपका ब्लडप्रेशर धीरे-धीरे नार्मल होने लगेगा। जब आप रोजाना वॉक करते हैं तो इससे आपका वजन धीरे-धीरे कम होने लगता है। जिसके चलते आपको कैंसर होने की संभावना भी काफी हद तक कम हो जाती है। इतना ही नहीं, जो लोग कैंसर पेशेंट हैं और कीमोथेरेपी आदि लेते हैं, वे भी अगर प्रतिदिन वॉक करते हैं तो उन्हें इलाज के दौरान अत्यधिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। वहीं वॉक करने से ब्रेस्ट कैंसर का रिस्क भी कम हो जाता है। शायद आपको जानकर हैरानी हो लेकिन वॉक करने से आपको सिर्फ शारीरिक लाभ ही प्राप्त नहीं होते, बल्कि यह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी काफी अच्छा होता है। दरअसल, जब आप वॉक को अपनी आदत बना लेते हैं तो इससे आपके दिमाग तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और ग्लूकोज पहुंचता है, जिससे आपका दिमाग बेहतर तरीके से काम करता है। यह ब्रेन के सेल्यूलर फंक्शन को बेहतर बनाने में काफी मददगार होता है। समय के साथ व्यक्ति के मसल्स और हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। ऐसे में वॉक करने से आपके बोन्स की डेंसिटी बनी रहती है।

## धर्म मंत्र

# भारतवर्ष में सर्वाधिक पूजे जाने वाले आराध्य देव हैं हनुमानजी

भगवान हनुमानजी इस कलियुग में महान शक्ति हैं, सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले इष्ट हैं, जो अष्ट सिद्धि और नव निधि के देने वाले हैं। इसलिए उनकी विश्वासपूर्वक जो पूजा करता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। उनको हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के 11वें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। भारतीय संस्कृति में मानव जीवन के लक्ष्य भौतिक सुख तथा आध्यात्मिक आनंद की प्राप्ति के लिए अनेक देवी देवताओं की पूजा का विधान है जिनमें पंचदेव प्रमुख हैं। पंच देवों का तेज पुंज श्री हनुमानजी हैं। माता अन्जनी के गर्भ से प्रकट हनुमानजी में पांच देवताओं का तेज समाहित हैं। अजर, अमर, गुणनिधि, सुत होहु- यह वरदान माता जानकीजी ने हनुमानजी को अशोक वाटिका में दिया था। स्वयं भगवान श्रीराम ने कहा था कि- 'सुन कपि तोहि समान उपकारी, नहि कोउ सुर, नर, मुनि, तुनधारी।' बल और बुद्धि के प्रतीक हनुमानजी राम और जानकी के अत्यधिक प्रिय हैं। इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। उनको मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात वायु से उत्पन्न होने वाला। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरों में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान।

## पर्यटन



# सर्दियों में घूमने के लिए बेहतरीन जगह है 'दक्षिण भारत के आगरा' नाम से मशहूर बीजापुर

बेंगलुरु से करीब 530 किलोमीटर दूर स्थित कर्नाटक राज्य के जिला बीजापुर का प्राचीन नाम विजयपुर है। आदिल वंश की राजधानी रहे इस शहर का इतिहास अपने स्वर्णिम अतीत की याद दिलाता है। कन्नड़ भाषा बोलता यह शहर पर्यटकों का भरपूर स्वागत करता है। साफ-सुथरी सड़कों और मुगलकालीन स्थापत्य कला वाले इस शहर में नवंबर से फरवरी के बीच र्यटन के मद्देनजर मौसम खुशगवार रहता है। बीजापुर को 'दक्षिण भारत का आगरा' इसलिए कहा जाता है, क्योंकि माना जाता है कि यहां पर बनी इमारत इब्राहिम रोजा से ही शाहजहां ने ताजमहल के डिजाइन की प्रेरणा ली थी। इब्राहिम रोजा आदिल शाह द्वितीय और उनकी रानी का मकबरा है। इसकी संरचना फारसी-मुस्लिम वास्तुकला का अनूठा चमत्कार है, जो चट्टान के एक स्लैब पर बनाई गई है। 360 फीट ऊंची इस इमारत में महीन नक्काशी का काम है। छतों और दीवारों पर अनगिनत कंगूरे और बेलबूटे बने हैं। कमल के फूल की पंखुड़ियां बनी हुई हैं। इसकी स्थापत्य कला अचंभित करती है। नक्काशी का जालीदार काम तो ऐसा है जैसे पत्थर की जगह कपड़े पर कशीदाकारी की गई हो। खिड़की-दरवाजों की लकड़ी और इमारत के पत्थरों पर किए काम में जैसे होड़ लगी हो। पत्थर ही लकड़ी और लकड़ी पत्थर होने का भ्रम देती है। मेहराब-आले-रोशनदान से सजी इस कलात्मक इमारत के दरवाजों और खिड़कियों पर लिखी आयतें फूल-पत्तियों जैसी लगती हैं। इसकी मीनार पर डायमंड कट पैटर्न बने हुए हैं। यह इमारत अगर सफ़ेद संगमरमर से बनी होती तो शायद ताजमहल की खूबसूरती के मुकाबले बीस ठहरती। शहर की सड़कें और स्त्रियांः कर्नाटक की सड़कें बेदाग हैं। ढूंढने से भी एक गढ्डा नहीं दिखेगा इन सड़कों पर। रात के काले आकाश-सी ये सड़कें धरती पर ऐसे बिछी हैं, जैसे रात का नशा धरती की आंखों में बाकी रह गया हो। हालांकि देश के दूसरे शहरों की तरह यहां भी आज सड़कों पर तिल रखने की जगह नहीं होती।

# सरकारी इमदाद नाकाफी , समाजसेवी आए आगे, उस्मान ने गरीब वंचितों को बांटे कबल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। लगातार बढ़ती ठंड ने गरीब और असहाय लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. ऐसे समय में ग्राम पंचायत सफदरगंज के समाजसेवी उस्मान सिद्दीकी उर्फ़ मुन्ना की पहल जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आयी। उन्होंने लगभग 2 सौ कंबल करीब एक हजार शाल एव 2 सौ गर्म टोपी का वितरण कर ठंड से जूझ रहे ग्रामीणों को सहारा दिया। नववर्ष के उपलक्ष मे हुए इस कार्यक्रम मे सबसे अधिक प्रभावित गरीब, बुजुर्ग, महिलाएं और कमजोर वर्ग के लोगों को प्राथमिकता दी गयी। ग्रामीणों ने समाजसेवी उस्मान सिद्दीकी उर्फ़ मुन्ना की इस पहल की सराहना की। कहा कि जब प्रशासनिक स्तर पर मदद सीमित है, तब समाज के जागरूक और सक्षम लोगों का आगे आना गरीबों के लिए उम्मीद की किरण बनता है।इस मौके पर उस्मान सिद्दीकी की धर्मपत्नी शमा प्रवीन ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए गरीब एव असहायों की दुवाए ली। कंबल वितरण मे समाजसेवी असगर अली व पंडित सीताकांत मिश्रा का विशेष सहयोग रहा। इसी क्रम मे पूर्व ग्राम प्रधान स्व. रामावती चौधरी की बहू पूनम चौधरी ने नववर्ष के उपलक्ष्य मे घर घर कैलेंडर व मिष्ठान का वितरण किया।

# धर्माचार्य, जनता जनार्दन के आशीर्वाद से अभिसिंचित हुए साकेंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। उच्च प्राथमिक विद्यालय निंदूरा प्रांगण में क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा आयोजित जन्मदिवस वर्ष गांठ समारोह मे संत एवं धर्म गुरुओं द्वारा क्षेत्रीय कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा को आशीर्वाद से अभिसिंचित किया गया। समझ में उपस्थित क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा श्री साकेन्द्र की ईश्वर से दीर्घायु की कामना से पुष्प वर्षा की गई। समझ में संत महापुरुषों की उपस्थिति का दृश्य देखते ही बना। आयोजन के शुभारंभ में विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने मंत्र उपचार के बीच दीप प्रज्वलित किया। जन्म दिवस समारोह में उपस्थित साधु-संतों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के माध्यम से विधायक के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सफलता व यशस्वी राजनीतिक जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह स्थल जय सियाराम के गगनभेदी उद्घोष से गूंजायमान हुआ। क्षेत्रीय नागरिकों मे



आंखों में एक उत्साह और समर्पण व अपनापन साफ झलक रहा था। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने विधायक श्री वर्मा संग जन्मदिवस का उत्सव हर्षोल्लास एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया। समारोह में विधायक का पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण, रोली-चंदन एवं पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। विधायक द्वारा उपस्थित समस्त साधु-संतों का रोली-चंदन, अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर विधिवत सम्मान किया गया। इसके उपरांत साधु-संतों एवं क्षेत्रवासियों को ससम्मान प्रसाद का वितरण भी किया गया। समारोह में परियोजना निदेशक राकेश कुमार सिंह, डीडीओ भूषण कुमार, खंड विकास अधिकारी निंदूरा आलोक कुमार वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी निंदूरा सुषमा सेंगर, खंड शिक्षा अधिकारी सूरतगंज संजय कुमार राय, प्रधानाचार्य आजाद इंटर कॉलेज फतेहपुर दिनेश चंद्र पांडे,सुनील विश्वकर्मा ,श्रीश रावत,विशाल सिंह, ओमकार वर्मा, हिमेश ठाकुर, रामचंद्र यादव, सुरेंद्र कुमार, रेखा वर्मा, लता गुप्ता, शालिनी शर्मा, चित्रलेखा चौधरी, नीतू चतुर्वेदी, मोहिनी त्रिपाठी, रामवीर सिंह सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

**जन्मदिवस पर शरद ने की शिव की अर्चना**

रामनगर से रामकुमार शुक्ला ने बताया कि भाजपा नेता पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने अपने जन्मदिवस के मौके पर महादेवा मठ में पहुंचकर श्री लोधेश्वरजी का जलाभिषेक पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।अगले क्रम में डाक बंगले पर केक काटने के बाद शरद ने गरीब व जरूरतमंद लोगों में कंबल वितरित किए।इस दौरान पूर्व विधायक के साथ चेयरमैन रामशरण पाठक व प्रवेश शुक्ला सहित अन्य क्षेत्रीय गणमान्य लोग व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हडियाकोल आश्रम में हुए 1500 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। श्रीराम वन कुटीर आश्रम हड़ियाकोल में चल रहे विशाल निःशुल्क नेत्र (मोतियाबिन्द) ऑपरेशन शिविर में रोगहरण श्रीहनुमानजी के आराध्य प्रभु श्रीराम के जयकारों से पूरा अस्पताल परिसर गुंजायमान है। हर मरीज एवं तीमारदार की जवान से एक ही शब्द जय श्रीराम हो गया काम निकल रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अवधेश यादव के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी.के. श्रीवास्तव, डी0पी0एम0 बाराबंकी, वरिष्ठ नेत्र अधिकारी टी0एन0 वर्मा, रामअचल जी शिविर का निरीक्षण करने पहुँचे। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी0के0 श्रीवास्तव ने बताया कि 28 दिसम्बर से शुरू हुए नेत्र (मोतियाबिन्द) आपरेशन शिविर में आज तक 1500 (पन्द्रह सौ) सफल आपरेशन आई0ओ0एल0 (लेन्स



प्रत्यारोपण) विधि से डॉ0 जैकब प्रभाकर जालंधर (पंजाब) की टीम ने कर दिये हैं। आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि आज श्रीरामवन कुटीर आश्रम के संस्थापक वीतरागी संत स्वामी रामदास जी महाराज के द्वारा पश्चिम बंगाल में घर-घर में राम-नाम को पहुँचाने के लिए गठित संस्था श्रीसीताराम सतसंग समिति कोलकाता के 14 सदस्यीय सदस्य आश्रम पर पहुँचे। सदस्यों में श्री पूरन राज उप्पल, श्रीमती कैलाश उप्पल, घनश्याम झांवर, सुशीला झांवर, सुशील पेरीवाल, सुमन पेरीवाल, सन्तोष डागा, राकेश पेरीवाल, शारदा पेरीवाल, सज्जन सुरेखा, महावीर लहोटी, चन्द्रकांत शर्मा, रमेश कुमार मुन्द्ढ़ा, राजेश हांडा यहाँ पर हो रहे मानव सेवा के कार्यों को देखकर ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की। आश्रम की कैण्टीन को सम्भालने के लिए आज खाजूवाला (बीकानेर राजस्थान) से पंकज पेड़ीवाल अपनी टीम के सदस्यों भवानी, सुचि, दर्शिता के साथ पहुँचकर भोजन व्यवस्था को सम्भाल रहे हैं। आज भी बड़ी संख्या में नेत्र के ऑपरेशन के मरीजों की ओ0पी0डी डा0 रमेश हुड्डा रोहतक हरियाणा की टीम ने किये।

# कड़ाके की ठड मंत्री सतीश ने गरीबों जरूरतमंदों को बांटे कंबल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शुक्रवार को महमूदाबाद के सद्भाव मंडप में तहसील प्रशासन द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम में एक हजार गरीबों को कंबल वितरित किए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार लगातार गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार गरीबों को निशुल्क राशन, आवास, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड से निःशुल्क इलाज और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी विभिन्न योजनाएं प्रदान कर रही है, जिससे देश विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा का तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा, खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार अन्नू सिंह और दिनेश पांडे ने बुके भेंट कर स्वागत किया।इस अवसर पर विरौली ग्राम प्रधान अनिल वर्मा सहित कई भाजपा पदाधिकारी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## पिथौरागढ़ के बेरीनाग में मिला बाराबंकी का युवक, डीएम की पहल से घर वापसी की तैयारी

रामनगर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद पिथौरागढ़ के बेरीनाग क्षेत्र से एक अहम सूचना के बाद प्रशासन की सक्रियता से बाराबंकी के लापता युवक का सुराग मिल गया है। रामनगर बाराबंकी निवासी श्री त्रिभुवन पाठक जी ने जिलाधिकारी महोदय, बाराबंकी को सूचना दी कि बेरीनाग में 'पूरन' नामक एक व्यक्ति मौजूद है, जो बाराबंकी जाने की बात कह रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी महोदय ने व्यक्तिगत रुचि दिखाते हुए उक्त व्यक्ति की तलाश के निर्देश दिए। जांच में उसकी पहचान ग्राम बिंदौरा परसपुर, तहसील रामनगर, जनपद बाराबंकी निवासी योगेन्द्र उर्फ पूरन पुत्र सत्यप्रकाश के रूप में हुई। योगेन्द्र विगत मार्च 2025 में कुर्सी थाना क्षेत्र के फतेहपुर में एक विवाह समारोह से लापता हो गए थे। तहसील प्रशासन, रामनगर ने पिथौरागढ़ जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर युवक के परिजनों को बुलाया और वीडियो कॉल के माध्यम से योगेन्द्र उर्फ पूरन से बातचीत कराई। पहचान की पुष्टि के बाद जिलाधिकारी बाराबंकी के निर्देशानुसार प्रशासन एवं पुलिस विभाग युवक को सुरक्षित वापस लाने की प्रक्रिया में जुट गया है। इसी क्रम में युवक के भाई श्री अमरेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ आज सुबह बेरीनाग, पिथौरागढ़ के लिए रवाना हो गए हैं। प्रशासन का कहना है कि आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर युवक को शीघ्र ही सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

## फंासी फंदे पर झूली किशोरी

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के बुढ़वल ग्राम में 17 वर्षीय किशोरी ने घर में फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली।परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

## नायक सागर को सेवानिवृत्ति पर विदाई

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर कार्यालय में शुक्रवार को सेवा निवृत्त सफाई नायक रामसागर को सम्मान पूर्वक विदाई दी गयी। आयोजित विदाई समारोह में नगरपंचायत अध्यक्ष रमंता रावत, चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत, अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी, वरिष्ठ लिपिक श्रीष मिश्रा,समेत नगर पंचायत के कर्मचारियों व सभासद जनों ने सेवा निवृत्त सफाई नायक रामसागर को फूल माला पहनाकर व अंगवस्त्र, देकर सम्मानित किया गया।नगरपंचायत अध्यक्ष रमंता रावत ने श्रीमद् भगवत गीता, तथा साइकिल देकर सम्मान में पूर्वक विदाई की।सभी ने सेवा निवृत्त सफाई नायक रामसागर के उज्जवल भविष्य एवं सुखमय जीवन की कामना कर विदाई दी। इस मौके पर नगर पंचायत के दुर्गेश मिश्रा,विपिन कुमार, विनय कुमार, समेत तमाम नगर वासी मौजूद रहे ।

## ग्राम चौपालों में शिकायतों का निस्तारण, जानकारी दी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड सिरौलीगौसपुर क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों में चौपाल का आयोजन किया गया। इन चौपालों में कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।पहली चौपाल ग्राम पंचायत रामपुर भवानीपुर में आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता प्रधान गजाला खातून संचालन सचिव मनीष शुक्ला ने किया। इस चौपाल में दो शिकायतें सामने आईं, जिनका तत्काल समाधान कर दिया गया।इसी क्रम में दूसरी चौपाल रसूलपुर ग्राम पंचायत में हुई। यहां प्रधान प्रतिनिधि रामतेज बाबा ने अध्यक्षता की संचालन सचिव आशीष यादव ने की रसूलपुर में तीन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। ग्राम सचिवों ने उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।पंचायत सचिव मनीष कुमार शुक्ला ने बताया कि रामपुर भवानीपुर की चौपाल में परिवार रजिस्टर से संबंधित दो शिकायतें आई थीं, जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ अन्य समस्याएं भी सामने आईं, जिन्हें आगे की कार्रवाई के लिए नोट कर लिया गया है।इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि नियाज अंसारी,अनस सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय टीम ने किया निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर का राज्य स्तरीय दो सदस्यीय कायाकल्प टीम ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं, ओपीडी, लैब और अन्य महत्वपूर्ण विभागों की जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण करने वाली टीम में डॉ. दिलीप वर्मा और राजेश यादव शामिल थे। उन्होंने चिकित्सालय की इमरजेंसी, एक्सरे वार्ड, ओपीडी, खून जांच लैब, ऑक्सीजन प्लांट, नेत्र विभाग, डेंटल विभाग और मरीजों के वार्डों का गहनता से जायजा लिया।

# लोक भारती की बैठक में सहभागी होंगे बाराबंकी के कृषक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। लोक भारती की प्रांतीय बैठक में बाराबंकी के प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक एवं विलुप्त नदियों पर काम करने वाले कार्यकर्ता सम्ममिलित होंगे। सुप्रसिद्ध तीर्थ नीमसार में आगामी 4 जनवरी 2026 को होने वाली लोक भारती अवध प्रांत की बैठक में बाराबंकी के लोक भारती के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।यह जानकारी देते हुए लोक भारती के जिला संयोजक राम लखन शुक्ल ने बताया बैठक नीमसार के बंबू गार्डन गयावर रोड मैं होगी उक्त बैठक में बाराबंकी से कल्याणी नदी पर काम करने वाले कार्यकर्ता एवं



प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक अधिक संख्या में सम्मिलित होंगे

## किसानों की समस्याएं भदौरिया का अनिश्चित धरना शुरू

रामनगर बाराबंकी। गणेशपुर चौराहे पर जनहित की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन भदौरिया गुट ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया।धरने का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर हाकिम सिंह भदौरिया रविंद्र सिंह व अवधेश यादव ने किया।संगठन ने आरोप लगाया कि दो माह पूर्व किसान चौपाल में उठाई गई समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।किसानों द्वारा चेतावनी दी गई कि मांगें न मानी गईं तो राष्ट्रीय राजमार्ग 927 पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।इस धरने में लालता तिवारी सहित संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता और सैकड़ों क्षेत्रीय किसान शामिल रहे।

# जनता का सेवक हूँ और सेवक बनकर करता रहूंगा कार्य: शरद अवस्थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फोटो 057

रामनगर बाराबंकी । पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी अपने जन्म दिवस के अवसर पर लोधेश्वर महादेव की विधि विधान से पूजन अर्चन कर जरूरतमंदों को कड़ाके की ठंड से निजात दिलाने के लिए कंबल वितरण किया। वही स्थानीय डाक बंग्ले पर नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक,मंडल अध्यक्ष रामनगर कमलेश शुक्ला,पूर्व मंडल अध्यक्ष महादेवा शैलेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व सभासद दयाशंकर,रविकांत पांडे,प्रधान महादेवा राजन तिवारी,विवेक सिंह,उमेश मिश्रा,शारदा अवस्थी पूर्व प्रधान अजय सिंह,दीपू अवस्थी,कमलेश पांडे, विष्णु पांडे,पप्पू यादव,कल्लू सिंह,राजेश अवस्थी,श्यामू अवस्थी सहित तमाम शुभचिंतकों की मौजूदगी में केक काटकर 56वा जन्मदिवस मनाया गया।सभी



शुभचिंतकों ने उनके दीर्घायु की मंगल कामना की।इस मौके पर विधायक शरद अवस्थी ने सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों के मान सम्मान में कोई कमी नहीं रहेगी मैं विधायक नहीं एक सेवक की हैसियत से क्षेत्र के विकास व खुशहाली के लिए अनवरत कार्य करता रहूंगा।

# नहर उफनाई, किसानों पर बरपा कहर, फ़सले जलमग्न





कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। नहर ओवर फ्लो होने से निंदूरा के मदीनपुर क्षेत्र में कई किसानों की कई बीघा फसल डूब गई। बुधवार की शाम नहर में पानी छोड़ा गया, शुक्रवार को सुबह जब किसान घरों से निकले तो उनकी फसल डूबी हुई दिखी। मदीनपुर स्थित खेतों के जलमग्न होने से किसान काफी परेशान हैं। किसान राकेश ने कहा कि उनकी तीन बीघा आलू की फसल बर्बाद हो गई है। जब जरूरत होती है तब पानी नहीं मिलता है। अब खेत में पानी भर गया है तो आलू के पौधे सड़ जाएंगे। हरिश्चंद्र की दो बीघा सरसों डूब गई है।इस समय सरसो में फूल आने लगे थे। इसी गांव के पुत्ती लाल ने कहा कि उनकी भी डेढ़ बीघा गेहूं की फसल डूब गई है।इसी तरह अन्य किसानों की भी फसल बर्बाद हो गई है। किसानों का कहना है कि धान के सीजन में तो जरूरत के बावजूद भी यह नहर नहीं चलती है। अब जब खेत को कम पानी की जरूरत है तो उसमें पानी भर गया है। किसानों का कहना है नहर की सफाई में सिर्फ खानापूर्ति की गई है।काई स्थानों पर नहर सिल्ट में जमा है, झाड़ी उग आई है जिस वजह से नहर ओवरफ्लो हो रही है।विभाग द्वारा नहर की सफाई न कराए जाने से यह दिक्कत आ रही है। पानी बंद भी नहीं होगा और खेत लगातार भरते जाएंगे। अन्य किसानों की भी फसल प्रभावित होने की आशंका है।अवर अभियंता नहर राजीव कुमार सिंह ने बताया कि नहर की टेल तक सफाई एक सप्ताह पहले कराई गई है।कुछ स्थानों पर किसानों द्वारा नहर की पटरियों की कटिंग की गई है जिसके चलते समस्या आ रही है।नहर पानी बंद करा दिया गया है।

# कोहरे कहर , ट्रक कार में भिड़ंत नशे में था ट्रक चालक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। गोण्डा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मसौली पशु बाजार शुक्रवार की देर शाम आमने सामने दो ट्रकों के बींच हुई टक्कर मे बाराबंकी की ओर से आ रही कार ट्रक मे भीड़ गयी गनीमत रही कार मे सवार सभी लोग सुरक्षित रहे एक ट्रक का चालक व खलासी अंशिक रूप से घायल हुए जिन्हे सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया जहा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

शुक्रवार की देर शाम मसौली पशु बाजार के निकट बाराबंकी की ओर से आ रहे ट्रक नम्बर यूपी 32 एच एन 4550 की रामनगर की ओर से आ रहे ट्रक नम्बर यूपी 51 ए टी 6393 के बीच जोरदार टक्कर हो गई है।इसी बीच बाराबंकी से रामनगर की ओर जा रही एक कार ट्रक के पीछे जा घुसी। गनीमत रही कार मे सवार चार लोग सुरक्षित रहे कार क्षतिग्रस्त हुई। ट्रक चालक तिलकराम पुत्र शंकर खलासी, महादेवराज



## बाल बाल बचे कार सवार ट्रक चालक जख्मी

पुत्र राम अचल निवासी गोण्डा, कोतवाली करनैलगंज के हीरापुर कमियार है। जिसको ऐम्बुलेंस से सीएचसी बड़ागांव में भर्ती करवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।वही दूसरे ट्रक का चालक सूरज पुत्र रिखाई यादव जनपद संत कबीर नगर, थाना दुधवारा नशे की हालत में था पुलिस ने उनको कब्जे में ले लिया है ।





# सजोर्ड मारिजने बने भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच

एजेंसी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को सजोर्ड मारिजने को भारतीय महिला हॉकी टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की। डच कोच सजोर्ड मारिजने एक बार फिर भारतीय सेटअप में लौटे हैं।

इससे पहले उनके कार्यकाल में भारतीय महिला हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया था, जो 36 वर्षों में ओलंपिक में टीम की दूसरी भागीदारी थी। मारिजने के साथ सहयोगी स्टाफ में अर्जेंटीना के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मटियास विला को एनालिटिकल कोच नियुक्त किया गया है। विला ने 1997 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था और 2000 सिडनी तथा 2004 एथेंस ओलंपिक में अर्जेंटीना का प्रतिनिधित्व किया था। वे पिछले दो दशकों से कोचिंग से जुड़े रहे हैं। इसके अलावा, टोक्यो ओलंपिक में टीम की फिटनेस और प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाने वाले डॉ.



वेन लोम्बार्ड भी साइंटिफिक एडवाइजर और हेड ऑफ एथलेटिक परफॉर्मेंस के रूप में भारतीय हॉकी में वापसी कर रहे हैं। उनके साथ रोडेट यिला और सियारा यिला भी साइंटिफिक एडवाइजर की भूमिका में सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा होंगे। भारत वापसी पर सजोर्ड मारिजने ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ऌभारत लौटकर बहुत अच्छा लग रहा है। 4.5 साल बाद मैं नई ऊर्जा और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ वापस आया हूं। मेरा लक्ष्य टीम के विकास में योगदान देना और खिलाड़ियों को विश्व मंच पर अपनी पूरी क्षमता हासिल करने में मदद करना है। मुख्य कोच के रूप में मारिजने की पहली बड़ी चुनौती एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप क्वालिफायर होगी, जो 8 से 14 मार्च 2026 तक हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजित की जाएगी। वे 14 जनवरी को भारत पहुंचेंगे, जबकि राष्ट्रीय कोचिंग शिविर 19 जनवरी से द्दक्रबेंगलुरु में शुरू होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, ऌहम सजोर्ड मारिजने और पूरे सपोर्ट स्टाफ का भारतीय हॉकी परिवार में स्वागत करते हैं। हम युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के आभारी हैं, जिन्होंने समय पर नियुक्ति सुनिश्चित की ताकि विश्व कप क्वालिफायर की तैयारियों में कोई बाधा न आए। फिटनेस पर विशेष जोर दिया गया है, जो टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन का अहम कारण रहा था। वहीं हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, हम सजोर्ड मारिजने और उनके सपोर्ट स्टाफ को शुभकामनाएं देते हैं। सजोर्ड टीम को अच्छी तरह समझते हैं और कोर ग्रुप के कई खिलाड़ी पहले उनके साथ खेल चुके हैं।

# मुंबई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल 2026 की जर्सी लॉन्च की, 'विकेट पल्स' थीम से झलकी मुंबई की रफ्तार

एजेंसी

मुंबई। डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस ने बुधवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 की आधिकारिक जर्सी का अनावरण किया। फ्रेंचाइज़ी की ओर से जारी बयान के अनुसार, नई जर्सी एक बार फिर मुंबई शहर और उसके लोगों से प्रेरित है, जो हमेशा गतिशील, ऊर्जा से भरपूर और आगे बढ़ते रहने का प्रतीक है।

टीम की पहचान की तरह ही यह जर्सी भी रोज़मर्रा की मुंबई की लय को दर्शाती है, जो कभी थमती नहीं। इस सीजन में भी आइकॉनिक ब्लू और गोल्ड रंगों को बरकरार रखा गया है, जिनके साथ कोरल टच जोड़ा गया है। ये रंग गति, मजबूती और निरंतर आगे बढ़ने की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं। नई जर्सी की मुख्य थीम विकेट पल्स है। जर्सी के आगे और पीछे सजा नीला रंग मुंबई की लगातार चलती ज़िंदगी से प्रेरित है—चाहे वह लोकल ट्रेन की रफ्तार हो या समंदर की लहरें। यह उस कभी न रुकने वाले जज़्बे को दर्शाता



है, जो मुंबई और मुंबई इंडियंस दोनों की पहचान है। वहीं सुनहरा रंग आत्मविश्वास और निरंतरता का प्रतीक है, जबकि हल्के कोरल एक्सेंट मुंबईवासियों के आपसी अपनापन और #OneFamily की भावना को खास बनाते हैं। यह जर्सी सिर्फ एक किट नहीं, बल्कि एक कहानी है—एक शहर और उसके लोगों की, उन खिलाड़ियों की जो इस धड़कन को मैदान पर जीते हैं और मुंबई इंडियंस पलटन के उस अटूट समर्थन की, जिसकी ऊर्जा टीम को मैदान के अंदर और बाहर प्रेरित करती है। इससे पहले, मुंबई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल 2026 से पहले क्रिस्टन बीम्स को स्पिन बॉलिंग कोच नियुक्त किया था। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर बीम्स 2017 वनडे वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के लिए तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज रही थीं। अपने करियर में उन्होंने 1 टेस्ट, 30 वनडे, 18 टी-20 अंतरराष्ट्रीय और 45 डब्ल्यूबीबीएल मैच खेले। कोचिंग के क्षेत्र में भी उनका अनुभव शानदार रहा है—वह डब्ल्यूबीबीएल और द हंड्रेड में कोचिंग कर चुकी हैं, ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 महिला टीम की कोच रही हैं और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में नेशनल डेवलपमेंट लीड की भूमिका निभा चुकी हैं। बीम्स ने कहा, झूलन गोस्वामी जैसी महान खिलाड़ी के साथ काम करना मेरे लिए एक शानदार मौका है। यह टीम सिर्फ जीतने की संस्कृति नहीं, बल्कि एक परिवार जैसी है। एक कोच के तौर पर ऐसे माहौल में आना किसी भी व्यक्ति का सपना होता है, जहां टीम एकजुट हो और जीतना जानती हो।

# संक्षिप्त समाचार

## नीरज और सचिन 2026 के पहले तीन महीने के लिए एआईयू के पंजीकृत परीक्षण पूल में

**नयी दिल्ली।** भारत के दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और सचिन यादव को इस साल के पहले तीन महीने के लिए विश्व एथलेटिक्स की डोपिंग विरोधी निगरानी संस्था एथलीट्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस सूची में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं, लेकिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहने वाले यादव को पहली बार इसमें जगह मिली है। एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता यादव ने विश्व चैंपियनशिप में चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया था जो फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण आठवें स्थान पर रहे थे। यादव ने 86.27 मीटर भाला फेंककर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए न केवल चोपड़ा को, बल्कि पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी पीछे छोड़ा था। नदीम 10वें स्थान पर रहे थे। उत्तर प्रदेश के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को भाला फेंक का अगला स्टार माना जा रहा है। आरटीपी अंतरराष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर के एथलीटों का सर्वोच्च स्तर का समूह है। इस सूची में शामिल खिलाड़ियों का परीक्षण बिना किसी पूर्व सूचना के किया जाता है। इन खिलाड़ियों को अपने घर के पते सहित ठिकाने की जानकारी देनी होती है। इसके साथ ही उन्हें प्रतिदिन 60 मिनट का ऐसा समय भी बताना होता है जिसके दौरान वे परीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## पाकिस्तान राष्ट्रीय हॉकी टीम के मैनेजर अंजुम सईद को बर्खास्त किया

**लाहौर।** पिछले महीने ब्राजील में अनुशासनहीनता की एक घटना पर पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने कड़ा रवैया अपनाते हुए पूर्व ओलंपियन अंजुम सईद को राष्ट्रीय टीम के मैनेजर पद से बर्खास्त कर दिया और वह एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण में यह भूमिका नहीं निभा पायेंगे। एफआईएच प्रो लीग का दूसरा चरण अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में होगा। पीएचएफ के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि अंजुम इस प्रतियोगिता के लिए अभ्यास शिविर में भी शामिल नहीं होंगे। सूत्र ने बताया, ''पिछले महीने अर्जेंटीना से राष्ट्रीय टीम के साथ स्वदेश लौटते समय अंजुम के अनुशासनहीन व्यवहार के कारण उन्हें टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया न भेजने का निर्णय लिया गया है। मुख्य कोच ताहिर जमां ऑस्ट्रेलिया में मैनेजर की भूमिका भी निभाएंगे। अंजुम को स्वदेश लौटते समय रियो डी जनेरियो में ब्राज़ील के अधिकारियों ने उस समय हिरासत में ले लिया था, जब विमान ईंधन भरने के लिए वहां रुका था। अंजुम को विमान में धूम्रपान करते हुए पकड़ा गया था, जिसके कारण एयरलाइंस के कर्मचारियों के साथ उनकी बहस हुई और फिर उन्हें एक दिन के लिए हिरासत में ले लिया गया और टीम के साथ वापस लौटने की अनुमति नहीं दी गई। अंजुम और उनके साथ रुका हुआ एक खिलाड़ी दो दिन बाद स्वदेश लौटे थे।

## मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल के मैच ड्रॉ रहे आर्सेनल ने चार अंक की बढ़त बनाई

**लंदन।** एर्लिंग हालैंड की मौजूदगी के बावजूद मैनचेस्टर सिटी को सुंदरलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच गोलरहित ड्रॉ खेला जिससे आर्सेनल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। लिवरपूल भी लीड्स के खिलाफ गोल करने में नाकाम रहा और उसे एनफील्ड में गोलरहित ड्रॉ खेलने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के अब 19 मैच में 45 अंक हैं जबकि मैनचेस्टर सिटी इतने ही मैच में 41 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। लिवरपूल के अब 33 अंक हो गए हैं और वह पहले की तरह चौथे स्थान पर है। एस्टन विला 39 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। गुरुवार को खेले गए सभी मैच ड्रॉ रहे। टोटेनहम ने ब्रेंटफोर्ड में गोलरहित ड्रॉ खेला। एक अन्य मैच में फुलहम ने क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 80वें मिनट में गोल करके मैच को 1-1 से ड्रॉ समाप्त किया।

## जोबर्ग सुपर किंग्स ने सुपर ओवर में डरबन सुपर जायंट्स को हराया

**जोहानिसबर्ग।** डोनोवन फ़ेरेरा (नाबाद 33) और रिचर्ड ग्लीसन (41 रन देकर तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की मदद से जोबर्ग सुपर किंग्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक रोमांचक मुकाबले में डरबन सुपर जायंट्स को सुपर ओवर में हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 205 रन बनाए। सुपर जायंट्स ने आठ विकेट पर 205 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया। सुपर जायंट्स की पारी की आखिरी गेंद पर फ़ेरेरा ने ईथन बॉश (09) को रन आउट कर दिया जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस तरह से एसए20 के इतिहास में पहली बार कोई मैच टाई रहा। ग्लीसन ने सुपर ओवर में केवल पांच रन दिए। इस तरह से जोबर्ग सुपर किंग्स को जीत के लिए केवल छह रन चाहिए थे। रिली रोसो ने नूर अहमद की पहली तीन गेंदों पर दो चौके लगाकर जोबर्ग सुपर किंग्स को लगातार तीसरी जीत दिलाई। इस जीत से वह 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। इससे पहले सुपर किंग्स की तरफ से महाराष्ट्र के पूर्व खिलाड़ी और अब अमेरिका के शुभम रंजने की 31 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। फ़ेरेरा ने 10 गेंदों में नाबाद 33 रन की तूफानी पारी खेली जबकि मैथ्यू डी विलियर्स (38) और कप्तान फाफ डु प्लेसिस (30 गेंदों में 47 रन) ने पहले नौ ओवरों के भीतर 89 रन की साझेदारी करके जोबर्ग को अच्छी शुरुआत दी थी। सुपर जायंट्स की तरफ से इवान जोन्स (43), हेनरिक क्लासेन (29) और एडेन मारक्रम (37) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## पाकिस्तान के पूर्व मुख्य कोच गिलेस्पी ने कहा कई ऐसे मुद्दे थे जब मुझे अपमानित किया गया

**कराची।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान के मुख्य कोच के रूप में अपने नौ महीने के छोटे कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कई मुद्दों पर उन्हें अपमानित किया जिनमें हाई परफार्मेंस कोच टिम नीलसन को बर्खास्त करना भी शामिल था। पीसीबी ने अप्रैल 2024 में गिलेस्पी को टेस्ट क्रिकेट के लिए अपना मुख्य कोच नियुक्त किया था। इस दौरान दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी गैरी कर्स्टन को सफ़ेद गेंद के प्रारूपों के लिए मुख्य कोच बनाया गया था। कर्स्टन ने हालांकि उसी वर्ष अक्टूबर में अपना पद छोड़ दिया था और फिर इसके बाद दिसंबर में गिलेस्पी ने भी इस्तीफा दे दिया था। तब पीसीबी ने नीलसन को बताया था कि टीम को दक्षिण अफ्रीका के 2024-25 दौरे से पहले उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं होगी। नीलसन को अगस्त 2024 में यह भूमिका सौंपी गई थी। गिलेस्पी से एक्स पर जब एक यूजर ने पाकिस्तान की टीम का मुख्य कोच पद छोड़ने के कारण के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, ''मैं पाकिस्तान टेस्ट टीम को कोचिंग दे रहा था। पीसीबी ने बिना मुझसे बात किए बिना सीनियर सहायक कोच को बर्खास्त कर दिया।

# पांचवें एशेज टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे उस्मान ख्वाजा

एजेंसी

सिडनी। पाकिस्तान में जन्में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने घोषणा की है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ रविवार से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने वाले पहले मुस्लिम खिलाड़ी ख्वाजा ने संन्यास की घोषणा करते हुए 'नस्लीय' रूढ़िवादिता की भी आलोचना की जिसका अनुभव उन्होंने अपने करियर के दौरान किया था। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज 39 वर्षीय ख्वाजा के लिए एससीजी का मैदान काफी भाग्यशाली रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवा टेस्ट उनके करियर का 88वां और आखिरी टेस्ट मैच होगा, जो उसी मैदान पर खेला जाएगा जहां से उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। ख्वाजा ने 2018 में एससीजी



में ही इंग्लैंड के खिलाफ 171 रन बनाकर एशेज में अपना पहला शतक बनाया था। एससीजी में ही उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ दो शतक लगाकर 35 वर्ष की उम्र में अपने करियर को नई दिशा दी। इसके बाद अगले दो वर्षों में ख्वाजा ने सात शतक जड़े। लेकिन वर्तमान श्रृंखला के पर्थ में खेले गए पहले एशेज टेस्ट में पीठ में दर्द के कारण वह पारी की शुरुआत नहीं कर पाए थे और इसके बाद चोट के कारण ब्रिस्बेन टेस्ट से बाहर रहने से टीम में उनके स्थान को लेकर सवाल उठने लग गए थे। एडिलेड में तीसरे टेस्ट मैच में उन्हें पहले टीम से बाहर रखा गया था, लेकिन स्टीव स्मिथ के अस्वस्थ होने के कारण ख्वाजा को वापसी का मौका मिला। एडिलेड में पहली पारी में 82 रन बनाकर उन्होंने मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट में अपनी जगह पक्की कर ली। पांचवें टेस्ट में 3-1 की बढ़त के साथ उतर रहे ऑस्ट्रेलिया ने एशेज बरकरार रखी है। ख्वाजा ने कहा कि उन्हें लगता था कि उनके पाकिस्तानी और मुस्लिम पृष्ठभूमि के कारण उनके साथ ''अभी भी थोड़ा अलग व्यवहार किया जाता है। ख्वाजा ने यहां पत्रकारों से कहा, ''मेरे साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वो अलग था, घटनाएं भी अलग थीं। मुझे पीठ में दर्द होता है जो मेरे बस में नहीं है लेकिन मीडिया और पूर्व खिलाड़ी मुझ पर टूट पड़ते हैं। मुझे लगभग पांच दिनों तक आलोचना का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, ''मुझे लेकर कई तरह की नस्लीय रूढ़िवादिता सामने आई, जैसे कि मैं आलसी हूं, पाकिस्तानी, वेस्टइंडीज के, अश्वेत खिलाड़ी३हम स्वार्थी हैं, हम सिर्फ अपनी परवाह करते हैं, हमें टीम की परवाह नहीं है, हम कड़ी मेहनत नहीं करते। ये वो बातें थीं जिनसे मैं अपनी पूरी जिंदगी जूझता रहा हूं। पर्थ मैच से पहले ख्वाजा की आलोचना हुई क्योंकि उन्होंने दो बार गोल्फ खेला और वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। कुछ लोगों का मानना था कि गोल्फ ही उनकी पीठ की समस्या का कारण हो सकता है। ख्वाजा ने कहा, ''मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकता हूं जब खिलाड़ी गोल्फ खेल कर चोटिल हो गए लेकिन आप लोगों ने उनके बारे में कुछ नहीं कहा। मैं आपको ऐसे भी उदाहरण दे सकता हूं जब खिलाड़ियों ने मैच से पहले की रात को खूब बियर पी और वे अस्वस्थ हो गए लेकिन उनके बारे में भी कुछ नहीं कहा गया लेकिन जब मैं चोटिल हुआ तो मेरी प्रतिबद्धता और एक व्यक्ति के रूप में मेरी छवि पर सवाल उठा दिए गए।

# सातवीं बार डकार रैली में भाग लेंगे भारतीय राइडर हरिथ नोआ

यानबू (सऊदी अरब), दो जनवरी (भाषा) भारत के अग्रणी रैली रेड राइडर हरिथ नोआ शनिवार से यहां शुरू होने वाली विश्व की सबसे मुश्किल मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता डकार रैली में लगातार सातवीं बार हिस्सा लेंगे। केरल का यह 32 वर्षीय राइडर तीन से 17 जनवरी तक होने वाली डकार रैली में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। यह प्रतियोगिता छठी बार सऊदी अरब में आयोजित की जा रही है। डकार रैली में राइडर इस बार लगभग 8,000 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इसमें लगभग 4,800 किलोमीटर में राइडर रेत के टीलों, पथरीले इलाकों और दुर्गम पठारों से होकर गुजरेंगे। इस दौरान केवल एक बार 10 जनवरी को राइडर को विश्राम करने का मौका मिलेगा। पांच बार के भारतीय राष्ट्रीय सुपरक्रॉस चैंपियन नोआ ने 2020 में डकार रैली में पदार्पण किया था। तब यह रैली पहली बार सऊदी अरब में आयोजित की गई थी।

# एनटीपीसी परमाणु योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की संभावनाओं पर कर रही विचार

एजेंसी

नयी दिल्ली। एनटीपीसी ऊर्जा उत्पादन में विविधता लाने की अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी और ईंधन के क्षेत्र में कई अंतरराष्ट्रीय सहयोगों की संभावनाओं का पता लगा रही है। सरकार के 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य के साथ एनटीपीसी देश भर में विभिन्न स्थानों पर करीब 30 गीगावाट की कंपनी के स्वामित्व वाली परमाणु परियोजनाएं स्थापित करने की योजना बना रही है। सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने 2032 तक दो गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एनटीपीसी ने वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियों रोसाटॉम और ईडीएफ के साथ गोपनीय समझौते किए हैं। इसका मकसद भारत में बड़े 'प्रेशराइज्ड वाटर रिएक्टर' परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना है। इसके अलावा, एनटीपीसी व होल्टेक इंटरनेशनल भविष्य की परमाणु परियोजनाओं में छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) की तैनाती की संभावनाओं का पता लगा रहे हैं। एसएमआर में मॉड्यूलर निर्माण, उन्नत सुरक्षा विशेषताओं और चरणबद्ध तरीके से तैनाती की उपयुक्तता जैसे कई संभावित लाभ हैं। कंपनी अमेरिका स्थित क्लीन कोर थोरियम एनर्जी (सीसीटीई) में अल्पांश इक्विटी निवेश पर भी विचार कर रही है जिसे रणनीतिक प्रारंभिक चरण का निवेश माना जा रहा है। यह निवेश आवश्यक जांच प्रक्रिया पूरी होने और संबंधित वैधानिक व नियामकीय मंजूरियों के अधीन होगा। एनटीपीसी साथ ही गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों में परमाणु संयंत्रों के लिए भूमि विकल्पों का सक्रिय रूप से मूल्यांकन कर रही है। परमाणु ऊर्जा नियामक, निदेशक मंडल से मंजूरी मिलने के बाद ही इन स्थानों को लेकर अंतिम निर्णय लेगा। वर्ष 1975 में एक थर्मल पावर जनरेटर के रूप में स्थापित एनटीपीसी लिमिटेड ने लगातार विस्तार किया है और ऊर्जा के नए स्रोतों में विविधता लाई है। एनटीपीसी वर्तमान में, राजस्थान में न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के साथ संयुक्त उद्यम (जेवी) में करीब 42,000 करोड़ रुपये के निवेश से एक परमाणु परियोजना स्थापित कर रही है। कंपनी ने इस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए हाल ही में किए गए विधायी परिवर्तनों के साथ परमाणु योजनाओं को गति दी है।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वापसी करके नया रिकॉर्ड बनाएगी वीनस

एजेंसी

मेलबर्न। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स पांच साल में पहली बार इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेगी और इस तरह से इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। उन्हें 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि 45 वर्षीय वीनस उस मेलबर्न पार्क में वापसी करने के लिए तैयार है जहां उन्होंने 28 साल पहले पहली बार हिस्सा लिया था। उन्होंने 1998 में दूसरे दौर में अपनी छोटी बहन सेरेना को हराया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी लिंडसे डेवनपोर्ट से हार गई थीं। वीनस ने नवंबर में घोषणा की थी कि वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन से दो सप्ताह पहले न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेलेंगी, जहां उन्हें वाइल्ड कार्ड मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों के अनुसार वीनस ने होबार्ट में होने वाले एक अन्य टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए भी पंजीकरण कराया है। वीनस ने इससे पहले आखिरी बार 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लिया था। वह यहां दो बार महिला एकल में उपविजेता रह चुकी हैं। वह 2003 और 2017 में फाइनल में सेरेना से हार गई थीं। वीनस ने कहा, ''मैं ऑस्ट्रेलिया में खेलने को लेकर बहुत उत्सुक हूं। वहां मेरी कई अविश्वसनीय यादें जुड़ी हैं। मुझे बहुत खुशी है कि मैं फिर से उस जगह लौट रही हूं जिसका मेरे करियर में बहुत महत्व रहा है। इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेकर वीनस इस टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। वह जापान की किमिको दाते के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी, जो 2015 में मेलबर्न पार्क में पहले दौर में हारने के समय 44 वर्ष की थीं।

# देश में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां दिसंबर में दो साल के निचले स्तर पर: पीएमआई

नयी दिल्ली। देश की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां दिसंबर में दो साल के निचले स्तर पर आ गईं। नए ऑर्डर में धीमी वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। शुक्रवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) नवंबर के 56.6 से दिसंबर में 55 पर आ गया। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में अर्थशास्त्र की कार्यकारी निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा, '' वृद्धि की गति धीमी होने के बावजूद भारत के विनिर्माण उद्योग ने 2025 का समापन अच्छी स्थिति में किया। नए व्यवसायों में आई तीव्र वृद्धि से कंपनियों को वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही में व्यस्त रहने की उम्मीद है और प्रमुख मुद्रास्फीति दबावों की कमी मांग को समर्थन देना जारी रख सकती है।'' एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई सर्वेक्षण द्वारा 'ट्रैक' किए गए कई मापदंडों में 2025 कैलेंडर वर्ष के अंत में वृद्धि की गति धीमी हो गई। दो वर्ष में नए ऑर्डर में सबसे कमजोर उछाल के बीच उत्पादन वृद्धि 38 महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गई। कुल बिक्री में आई मंदी का एक कारण अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में धीमी वृद्धि भी रही। नए निर्यात ऑर्डर में पिछले 14 महीनों में सबसे कम वृद्धि दर्ज की गई। दूसरी ओर एशिया, यूरोप और पश्चिम एशिया के ग्राहकों से बेहतर मांग देखने को मिली। सर्वेक्षण में कहा गया, '' वर्तमान अवधि में रोजगार सृजन की गति सबसे कम रही३'' कीमतों के मोर्चे पर सर्वेक्षण में कहा गया कि कच्चे माल की लागत में ऐतिहासिक रूप से नगण्य गति से वृद्धि हुई है। साथ ही, 'मूल्य मुद्रास्फीति' की दर नौ महीनों के निचले स्तर पर आ गई है।

# सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना चांदी के भाव में गिरावट जारी

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार तीन दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद सोने के भाव में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज भी गिरावट जारी है। कीमत में आई तेजी के कारण सर्राफा बाजार में आज हाजिर सोना 170 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 190 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। दाम चढ़ने के बाद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,35,070 रुपये से लेकर 1,35,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,23,810 रुपये से लेकर 1,23,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं भाव में गिरावट जारी रहने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी एक हजार रुपये सस्ती हो गई



है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण दिल्ली में ये चमकीली धातु आज 2,37,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,35,220 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,23,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,35,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,23,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,35,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,23,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,35,070 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,23,810 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,35,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,23,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,35,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,23,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,35,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,23,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भारत का युवा जाग गया है, वह अपने देश को समर्थ बनाना चाहता है : भागवत

एजेंसी



भोपाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने कहा कि भारत का युवा जाग गया है, वह अपने देश को समर्थ बनाना चाहता है। संघ अपने जन्म से ही लक्ष्य लेकर चल रहा है कि अपने धर्म-संस्कृति का संरक्षण कर, अपने भारत को परम वैभव पर लेकर जाना है। संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक यह प्रतिज्ञा करता है।

सरसंघचालक डा. भागवत ये बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के प्रवास के तहत यहां कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में युवाओं से संवाद में कह रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी देश सम्पूर्ण समाज के योगदान से ही बड़ा होता है। नेता, नीति और व्यवस्था, ये सब तब सहायक होते हैं, जब समाज गुणसम्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि अब भारत का युवा जाग गया है, वह अपने देश को समर्थ बनाना चाहता है।

दरअसल, संघ प्रमुख भोपाल में शुक्रवार और शनिवार को दो दिवसीय प्रवास हैं। उन्होंने आज पहले दिन कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में युवाओं से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से आयोजित इस 'युवा संवाद' कार्यक्रम में संवाद किया। इसमें मध्यभारत प्रान्त के 16 शासकीय जिलों के युवाओं को सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के साथ सीधे संवाद करने और उनसे प्रश्?न करने का अवसर मिला। इसमें उन्होंने कहा कि संघ युवाओं से आह्वान करता है कि वे संघ की शाखा में आएं या फिर संघ की योजना से चल रहे अपने रुचि के कार्य में जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें।

हमें गुणों को धारण करना होगा और अहंकार-स्वार्थ छोड़ने होंगे

सरसंघचालक ने कहा, ङ्कयदि हमें देश के लिए कुछ करना है तो इस मार्ग में हमें गुणों को धारण करना होगा और अहंकार व स्वार्थ छोड़ने होंगे। दुनिया में संघ ने ही एकमात्र ऐसी पद्धति दी है, जो अच्छी आदतें विकसित करती है। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवारजी हर क्षेत्र में कार्य करते थे। लेकिन उन्हें चिंता यह थी कि देश में एकता कैसे स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि इस भाव को उत्पन्न करने वाले संगठन का नाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है और दुनिया में कहीं दूसरी पद्धति नहीं है व्यक्ति निर्माण की।ङ्क

उन्होंने कहा कि संघ की शाखा देशभक्ति सिखाती है। यदि इसका अनुभव लेना है और उद्देश्य को जीना है तो शाखा एकमात्र जगह है। जहां कोई बंधन नहीं है। सरसंघचालक ने इस दौरान यह भी कहा कि ङ्कहम कई बार असुरक्षा और चिंता के साथ जीते हैं, लेकिन इसकी बजाय हमें भयमुक्त होकर जीना चाहिए। स्वयं से पहले देश को रखना चाहिए। अपने विकास से देश और परिवार प्रगति कर रहा है कि नहीं यह सोचना चाहिए। युवाओं को ही देश बनाना है और वे हर बात में आगे भी आते हैं।ङ्क

डा. भागवत ने यह भी कहा, ङ्कजब आप देश की बात करते हैं तो प्रश्नों के जवाब देने होंगे और उसके लिए योग्यता लानी पड़ेगी। संघ में आकर तैयार होना पड़ेगा। मैं युवाओं से आह्वान करता हूं कि वे आएं और संघ का अनुभव लें।ङ्क

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक विस्पुते और भोपाल करुणा धाम के प्रमुख सुदेश शांडिल्य महाराज ने युवाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर मंच पर मध्यभारत प्रांत के सह संघचालक डॉ. राजेश सेठी उपस्थित रहे।

सरसंघचालक ने युवाओं के प्रश्नों का विस्तार से दिया उत्तर

युवा संवाद में सरसंघचालक डा. भागवत ने युवाओं के पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। सौ वर्ष पूर्ण होने पर संघ की भूमिका पर उन्होंने कहा कि विश्व शक्ति की सुनता है और संघ संपूर्ण समाज को साथ लेकर धर्म की रक्षा करते हुए देश को नया रास्ता दिखाता है। भारत महाशक्ति एकत्रित कर रहा है। उन्होंने कुली फिल्म का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय युवा लाल कुर्ता या शर्ट पहनते थे। यानी फैशन फॉलो करते हैं। डॉ. भागवत ने कहा, ङ्कहम ऐसे युवाओं का निर्माण कर रहे हैं, जो समाज में सार्थक फैशन को बढ़ाएं।ङ्क सुरक्षा और करियर को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, ङ्कसुरक्षा की गारंटी कोई नहीं दे सकता। बिना चिंता जीवन जिएं। मनुष्य अलग है, क्योंकि वह रिस्क लेता है। दुनिया सक्सेस को देखती है, लेकिन जैसे ही उस पथ पर चलने की कोशिश करते हैं तो संघर्ष देखकर डर जाते हैं। इसलिए बेहतर करियर वह है, जिसमें आप उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएं और डर भी न लगे। सुविधा से सुख नहीं मिलता।ङ्क एआई के सवाल पर वे बोले, ङ्कहमें एआई को कंट्रोल करना है, न कि कंट्रोल होना है। उसका उपयोग विकास में करना है। हमें ऐसे युवाओं का निर्माण करना है जो एआई या अन्य तकनीक का उपयोग देश हित में करें।ङ्क

संघ उत्सव नहीं मना रहा, लोगों के दिलों तक पहुंचने पर काम कर रहा है : दीपक विस्पुते

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक विस्पुते ने संघ की सौ साल की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ को 100 वर्ष में खूब प्रसिद्ध मिली। लेकिन संघ का प्रचार विरोधियों ने नकारात्मक भाव में किया। इन्होंने कभी संघ को समझने का प्रयास नहीं किया। संघ वर्ष 1925 में नागपुर से प्रारंभ हुआ और जिस तरह भागीरथ गंगा पृथ्वी पर लेकर आए ठीक वैसे डॉक?टर केशव बलिराम हेडगेवार जी संघ कार्य को समाज के बीच लेकर गए। इसके पहले भारत में कभी इस तरह का प्रयास नहीं हुआ। विस्पुते का कहना था कि डॉक्टर साहब ने नागपुर की बजाय कोलकता को पढ़ाई के लिए चुना और स्वतंत्रता की लड़ाई में भाग लिया। लेकिन उन्हें महसूस हुआ कि देश के हिन्दू समाज को मानसिक गुलामी से मुक्त कराना होगा। उन्?होंने बताया कि संघ स्वामी विवेकानंद की तीन बातों का अनुसरण करते हुए काम करता है। पहली बात भारत के समाज को आर्गनाइजेशन सीखना पड़ेगा। दूसरा भारत में मेन मेकिंग यानी व्यक्ति के निर्माण की प्रक्रिया जरूरी है और तीसरी बात कि आने वाले 50 साल के लिए देश को प्राथमिकता पर रखकर भारत माता की आराधना करना चाहिए। संघ इसी विचार पर काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि संघ ने समयऽसमय पर जरूरत को देखकर अन्य संगठन खड़े किए। इसमें युवाओं के लिए अभाविप, मजदूरों के लिए मजदूर संघ, किसानों के लिए, सेवा कार्यों के लिए सेवा भारती जैसे संगठन खड़े किए। लोगों को भरोसा नहीं था, लेकिन डॉक्टर साहब और श्रीगुरूजी ने वह करके दिखाया। उन्होंने कहा कि संघ सौ वर्ष पूरे होने पर उत्सव नहीं मना रहा है, बल्कि डोर टू डोर, मेन टू मेन और हार्ट टू हार्ट पहुंचने की कोशिश कर रहा है। मेरा भी क्या योगदान देश और संघ के लिए हो सकता है, इसके लिए प्रयास करें।

संघ युवाओं को सामर्थ्यवान बना रहा है भोपाल करुणा धाम के प्रमुख सुदेश शांडिल्य महाराज ने युवाओं से कहा कि अक्सर हम सुनते हैं ङ्कसमरथ को नहीं दोष गुसाईङ्क। इसका यह मतलब नहीं है कि कोई बलवान है, उसको दोष नहीं दिया जाता। वास्तव समर्थ वह है जिसकी नीयत में दोष नहीं हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समर्थ बनेगा, तभी भारत विश्वगुरु बनेगा। इसलिए संघ का समर्थ होना जरूरी है। परोपकार, सद्चरित्र, जनकल्याण की भावना और यश के पीछे नहीं भागने की भावना कहीं दिखाई दे रही है, तो वह केवल संघ है। उन्होंने सूर्य, गंगा का उदाहरण देते हुए कहा कि सूर्य सबको बराबर रोशनी देता है। गंगा के जल में लोग स्नान भी करते हैं और गंदे नाले भी मिलते हैं। लेकिन वह अविरल बह रही है, क्योंकि उसमें सामर्थ्य है सभी को समाहित करने का। ऐसे ही युवाओं को सामर्थ्यवान बनना है। आगे बढ़ने के लिए पीछे का छोड़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कि भारत में युवाओं को सामर्थ्यवान बनाने का काम केवल संघ कर रहा है। उसकी शाखाओं में 100 साल से व्यक्ति का निर्माण हो रहा है। साथ ही ईश्वर की आराधना करें, वह आपको सामर्थ्य देता है।

# आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों से पानी साझा नहीं कर सकता भारतः एस. जयशंकर



चेन्नई। केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान को कड़े और स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जो देश लगातार आतंकवाद को बढ़ावा देता है, वह भारत से जल संसाधनों को साझा करने की मांग नहीं कर सकता। उन्होंने साफ किया कि भारत अपनी सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा।

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अपने नागरिकों को आतंकवाद से बचाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि विदेश नीति में यह स्पष्ट रूप से तय होना चाहिए कि कौन मित्र देश है और कौन शत्रु। भारत आतंकवाद को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं कर सकता।

एस. जयशंकर ने कहा कि जो पड़ोसी देश लगातार आतंकवाद का समर्थन करता है, उसके खिलाफ भारत को खुद को सुरक्षित रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का पूरा अधिकार है। इस अधिकार का उपयोग कैसे और कब किया जाएगा, यह पूरी तरह भारत का संप्रभु निर्णय है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि भारत को क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए, यह कोई बाहरी ताकत तय नहीं कर सकती।

विदेश मंत्री ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि कोई देश एक साथ भारत में आतंकवाद फैलाने का प्रयास भी नहीं कर सकता और भारत से उसके जल संसाधनों को साझा करने की अपेक्षा भी नहीं रख सकता। उन्होंने कहा कि एक देश ने यह तय कर लिया है कि वह इच्छानुसार, स्थायी रूप से और बिना किसी पछतावे के आतंकवाद को जारी रखेगा।

जयशंकर ने आगे कहा कि वर्षों से आतंकवाद को बढ़ावा देने के कारण पाकिस्तान को एक अच्छा पड़ोसी देश नहीं कहा जा सकता। ऐसे में वह पड़ोसी होने से मिलने वाले किसी भी लाभ की उम्मीद भी नहीं कर सकता। भारत अपनी सुरक्षा, संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाता रहेगा। विदेश मंत्री के इस बयान को भारत की सख्त और स्पष्ट विदेश नीति का संकेत माना जा रहा है, जिसमें आतंकवाद के मुद्दे पर किसी भी तरह की नरमी की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी गई है।

# पेज एक का शेष

## मध्य...

उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था।

इंदौर सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि दूषित पानी पीने से ही लोग बीमार पड़े और उनकी जान गई। दूषित पानी से प्रभावित 16 बच्चों समेत 201 लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। इनमें से 32 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। डॉ. हसानी का कहना है कि सैंपल की जांच रिपोर्ट में साफतौर पर पुष्टि हुई है कि दूषित पानी पीने से ही लोग बीमार पड़े और उनकी जान गई। वहीं, कलेक्टर शिवम वर्मा का कहना है कि डिटेल्ड रिपोर्ट का इंतजार है। मेडिकल कॉलेज में कल्चर टेस्ट भी किया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहना ठीक होगा।

इस मामले को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि साफ पानी अहसान नहीं, जीवन का अधिकार है। इस अधिकार की हत्या के लिए भाजपा का डबल इंजन, उसका लापरवाह प्रशासन और संवेदनहीन नेतृत्व पूरी तरह जिम्मेदार है। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर टिप्पणी करते हुए राहुल गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि घर-घर परेशानी है। गरीब पीड़ा में है, लेकिन भाजपा के नेता घमंड में चूर हैं।

उन्होंने लिखा कि इंदौर में पानी नहीं, जहर बंटा और प्रशासन कुंभकर्णी नींद में रहा। घर-घर मातम है, गरीब बेबस हैं और ऊपर से भाजपा नेताओं के अहंकारी बयान। जिनके घरों में चूल्हा बुझा है, उन्हें सांत्वना चाहिए थी, सरकार ने घमंड परोस दिया। लोगों ने बार-बार गंदे, बदबूदार पानी की शिकायत की, फिर भी सुनवाई क्यों नहीं हुई? सीवर पीने के पानी में कैसे मिला? समय रहते सप्लाई बंद क्यों नहीं हुई? जिम्मेदार अफसरों और नेताओं पर कार्रवाई कब होगी? ये 'फोकट' सवाल नहीं है। ये जवाबदेही की मांग है। मध्य प्रदेश अब कुप्रशासन का एपिसेंटर बन चुका है। कहीं खांसी की सिरप से मौतें, कहीं सरकारी अस्पताल में बच्चों की जान लेने वाले चूहे और अब सीवर मिला पानी पीकर मौतें। जब-जब गरीब मरते हैं, मोदी जी हमेशा की तरह खामोश रहते हैं।

कंाग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी मामले को लेकर केन्द्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत अभियान का ढिंढोरा पीटने वाले नरेन्द्र मोदी जी, हमेशा की तरह इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों को लेकर मौन हैं। यह वही इंदौर शहर है जिसने केंद्र सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण में लगातार आठवीं बार सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीता है। ये शर्मनाक बात है कि यहां पर भाजपा की उदासीनता के चलते लोग साफ पानी के मोहताज हैं।

उन्होंने लिखा है कि साल 2025 के अंत में इंदौर में गंदे पानी पीने से हुई मौतें हमारा प्रदेश, हमारी सरकार और हमारी पूरी व्यवस्था को शर्मिंदा और कलंकित कर गईं। प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहर का अवार्ड प्राप्त करने वाले नगर में इतनी बदसूरती, गंदगी, जहर मिला पानी जो कितनी जिंदगियों को निगल गया और निगलता जा रहा है, मौत का आंकड़ा बढ़ रहा है। जिंदगी की कीमत दो लाख रुपये नहीं होती क्योंकि उनके परिजन जीवन भर दुःख में डूबे रहते हैं। इस पाप का घोर प्रायश्चित करना होगा, पीडितजनों से माफी मांगनी होगी और नीचे से लेकर ऊपर तक जो भी अपराधी हैं उन्हें अधिकतम दंड देना होगा। यह मोहन यादव जी की परीक्षा की घड़ी है।

इधर, मामले में मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी स्टेटस रिपोर्ट शुक्रवार को मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में पेश की, जिसमें पानी से सिर्फ 4 मौत होने की बात कही है। सरकार की रिपोर्ट की यह स्थिति तब है, जब लोगों की 15 मौत हो चुकी है। इनमें पांच महीने के मासूम बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज की लैब रिपोर्ट में भी पानी में सीवेज मिलने की पुष्टि हो चुकी है। हाई कोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 6 जनवरी तय की है। वहीं, इंटर विनर (हस्तक्षेप कर्ता) गोविंद सिंह बैस की ओर से मीडिया में रिपोर्ट पब्लिश करने पर रोक लगाने की मांग की गई। इस पर कोर्ट ने कोई टिप्पणी नहीं की।

## जिंदगी ...

नहीं। जब आपकी नहीं चली तो आप पद पर बैठे हुए बिसलेरी का पानी क्यों पीते रहे? पद छोड़कर जनता के बीच क्यों नहीं पहुंचे? ऐसे पापों का कोई स्पष्टीकरण नहीं होता या तो प्रायश्चित या दंड!

## मायावती ...

पीने से अनेक निर्दोष नागरिकों की मौत हो गई। कई लोग बीमार हैं। ये घटना अति दुखद और चौंकाने वाली खबर काफी चर्चा में है। ऐसी गैर-ज़िम्मेदारी व उदासीनता को लेकर लोगों में स्थानीय स्तर पर ही नहीं बल्कि पूरे देशभर में व्यापक आक्रोश भी स्वाभाविक है।

उन्होंने आगे लिखा कि वैसे तो लोगों को खासकर साफ हवा और पानी आदि मुहैया कराना हर सरकार की पहली जिम्मेदारी होती है, लेकिन यहां अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था की तरह ही बुनियादी जनसुविधा के सम्बंध में भी सरकारी लापरवाही व भ्रष्टाचार आदि काफी घातक साबित हो रहा है। परिवार उजड़ रहे हैं, यह अति-दुखद व अति-चिन्तनीय। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की नागरिकों के जान से खिलवाड़ करने की शर्मनाक घटना की रोकथाम के लिये राज्य सरकार को सख्त से सख्त कदम उठाते रहने की जरूरत है। साथ ही, केन्द्र की सरकार को भी इसका उचित संज्ञान लेकर प्रभावी कार्रवाई जरूर करनी चाहिए ताकि देश के किसी अन्य राज्य में ऐसी दर्दनाक घटनायें ना होने पायें।

## प्रधानमंत्री...

ज्यादा लोकप्रिय बनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। यह हमारे युवाओं और हमारी समृद्ध संस्कृति के बीच रिश्ते को और गहरा करने का भी एक प्रयास है। मैं उन सभी लोगों की भी सराहना करना चाहूंगा जिन्होंने इन अवशेषों को वापस लाने के लिए काम किया।

संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस प्रतिष्ठित प्रदर्शनी का उद्घाटन भारत के सांस्कृतिक और कूटनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण होगा, क्योंकि प्रदर्शनी में रखी गई चीजों में ऐतिहासिक, पुरातात्विक और आध्यात्मिक महत्व के पवित्र अवशेष शामिल हैं, जिन्हें दुनिया भर के बौद्ध समुदाय पूजते हैं।

प्रदर्शनी में शामिल अवशेषों में हाल ही में स्वदेश लाए गए पवित्र अवशेष भी शामिल हैं, जिनका ऐतिहासिक, पुरातात्विक और आध्यात्मिक महत्व अत्यंत विशाल है और जिन्हें दुनिया भर के बौद्ध समुदायों द्वारा श्रद्धा के साथ देखा जाता है।

पिपरावा के ये अवशेष 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में खोजे गए थे और व्यापक रूप से माना जाता है कि ये भगवान गौतम बुद्ध के पार्थिव अवशेषों से जुड़े हैं, जिन्हें शाक्य वंश द्वारा सुरक्षित रखा गया था। इन अवशेषों की वापसी और सार्वजनिक प्रदर्शनी भारत के सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण के प्रयासों और बुद्ध की शांति, करुणा और प्रबोधन की सार्वभौमिक शिक्षाओं के प्रचार को दर्शाती है। प्रदर्शनी में पिपरावा के पवित्र अवशेषों और संबंधित प्राचीन वस्तुओं के साथ उनके ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और पुरातात्विक संदर्भ को उजागर करने वाले विशेष रूप से क्यूरेटेड प्रदर्शन शामिल होंगे। साथ ही, बौद्ध धर्म की जन्मभूमि के रूप में भारत की भूमिका को रेखांकित करने वाली व्याख्यात्मक प्रस्तुतियां भी प्रदर्शनी का हिस्सा होंगी। यह प्रदर्शनी विद्वानों, श्रद्धालुओं और आम जनता सभी के लिए एक समृद्ध अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

## भाजपा...

लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। अस्पताल के डॉ. विमल भारद्वाज ने बताया कि उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की गई, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण सफलता नहीं मिली।

दुखद संयोग यह रहा कि डॉ. श्याम बिहारी लाल ने एक दिन पहले ही अपना जन्मदिन मनाया था। वह फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर लगातार दूसरी बार विधायक निर्वाचित हुए थे। इसके साथ ही वह महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में प्रोफ़ेसर के रूप में लंबे समय तक सेवाएं दे चुके थे और शैक्षणिक जगत में उनकी अलग पहचान थी।

उनके निधन से भाजपा संगठन, विश्वविद्यालय परिवार और क्षेत्र के लोगों में गहरा शोक है। परिवार में पत्नी मंजूलता, दो बेटियां और एक बेटा हैं। एक बेटी बरेली में रक्षा संपदा अधिकारी के पद पर तैनात है।

## फिल्म...

करोड़ रुपये देकर सम्मानित करने की इच्छा व्यक्त की।

अमित जानी ने कहा कि इसका मतलब है कि शाहरुख खान ने हिंदू समाज की हत्या के लिए उस देश को अलंकृत किया है। उन्होंने सवाल उठाया कि इस देश का खाकर बांग्लादेश और पाकिस्तान इनके दिल में क्यों हैं? अमित जानी ने सलमान खान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सलमान खान जोधपुर में हिरण शिकार मामले में की गई गलती का खामियाजा भुगत रहे हैं और आज डर के साये में जीते हैं।

फिल्म निर्माता अमित जानी ने देवकीनंदन और संगीत सोम के बयानों का समर्थन करते हुए कहा कि वे दोनों लोग बिल्कुल सही कह रहे हैं और ऐसे लोगों को इस देश से खदेड़ देना चाहिए। उन्होंने बालासाहेब ठाकरे का भी उल्लेख किया और कहा कि अगर वे जीवित होते तो शाहरुख खान के लिए काफी मुश्किल होता।

## हमारी...

मिश्रा ने कहा कि जब कोई पत्थर उठता है सेना के ऊपर या कोई पत्थर चलता है पुलिस के ऊपर या कोई पत्थर चलता है मंदिर के ऊपर, वह पत्थर हाथ में बाद में आता है और दिमाग में पहले आता है।

जो नक्सली बंदूक उठाता है, कोई जिहादी आतंकवादी बंदूक उठाता है, डॉक्टर होकर भी बम बनके फटने को तैयार हो जाता है, वह बम हाथ में बाद में आता है, दिमाग में पहले उसे रखा जाता है। ये जो दिमाग में बंदूकें और बम रखने का ये जो वैचारिक आतंकवाद है, इस वैचारिक आतंकवाद पर सर्जिकल स्ट्राइक है ये दिल्ली का शब्दोत्सव।

मंत्री ने कहा, ''हमने भी ये संकल्प लिया है कि दिल्ली को नक्सली विचारधारा, झूठे इतिहास, धर्म विरोधी सोच, इससे मुक्ति दिलाने के लिए जो संभव होगा वह करेंगे और इसकी ये शुरुआत दिल्ली शब्दोत्सव से हम लोग कर रहे हैं। ''

उन्होंने घोषणा की कि यह आयोजन हर वर्ष होगा।

राजीव तुली ने कहा कि जब इस देश का समाज जागेगा और संगठित होगा, तो वह ऐसे भव्य, दिव्य, आध्यात्मिक, सामाजिक, साहित्यिक कार्यक्रम करेगा। इससे विश्व को पता चलेगा, कि भारत क्यों विश्व गुरु है या भारत को क्यों विश्व गुरु बनना चाहिए। तो वह चाहे कुंभ का आयोजन हो, चाहे इस साहित्यिक और सांस्कृतिक कुंभ का आयोजन हो।

सत्र का पहला दिन स्वावलंबन से शौर्य और भीतर का रणःआंतरिक मोर्चे की चुनौतियों पर केंद्रित रहा। सांस्कृतिक संध्या 6 बजे शुरू हुई, जिसमें माधवाज बैंड और हर्षदीप कौर ने प्रस्तुति दी। सत्र के दूसरे दिन (03 जनवरी) को 'हिन्दू इतिहास', 'मिथक का सत्य', 'सिनेमा में हिन्दू', 'वंदे मातरम और बंगाल' जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर सत्र होंगे। शाम 5:30 बजे से शुरू होने वाली सांस्कृतिक संध्या में प्रहलाद सिंह टिपाणिया और पांडवाज बैंड अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

उत्सव के अंतिम दिन 'संघ शक्ति कलियुगे' और 'देश की आंतरिक एवं बाह्म सुरक्षा पर उद्बोधन' जैसे समसामयिक एवं वैचारिक सत्र आयोजित होंगे। समारोह का समापन सत्र शाम 5:30 बजे साधो बैंड और गायक हंसराज रघुवंशी की प्रस्तुति के बाद किया जाएगा। 5:15 बजे तक होगा। इस मौके पर तीन दिन में 40 से अधिक पुस्तकों का लोकार्पण, ?छह बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम, दो बड़े कवि सम्मेलन, ओपन माइक (युवाओं के लिए), विभिन्न प्रकाशनों के बुक स्टॉल (सुरुचि, प्रभात, गरुण आदि), भोजन के फूड स्टॉल, 100 से अधिक वक्ता और कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्र शामिल होंगे। यह कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक चलेगा और प्रवेश निःशुल्क है।'

## मौसम....

क्योंकि अचानक बारिश और ठंडी हवाओं से फसलों को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ गया है।

किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है। किसान बलवीर सिंह,रावेंद्र सिंह ने बताया कि बारिश से गेहूं, आलू और सरसों की फसलें प्रभावित हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि पहले ही पाला और कोहरे ने फसलों, खासकर आलू की फसल को नुकसान पहुंचाया है और अब तंबाकू की फसल पर भी बारिश से संकट मंडरा रहा है। किसानों ने कहा कि यदि बारिश अधिक हुई तो फसलों की पैदावार घट सकती है और किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा।

किसान मौसम की इस अनिश्चितता से परेशान हैं और वे सरकार और कृषि विभाग से उचित सलाह और समय पर राहत उपायों की उम्मीद कर रहे हैं। वहीं आम लोग भी ठंड के कारण सुबह-शाम की यात्रा में परेशानी महसूस कर रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में सर्द हवाओं और बारिश के मिलाजुला प्रभाव से जिले का तापमान और गिर सकता है और किसानों को अपने खेतों और फसलों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सतर्क रहने की आवश्यकता है।

इस तरह फर्रुखाबाद में मौसम ने ठंड और बारिश के मिश्रित असर से लोगों और किसानों दोनों की चिंता बढ़ा दी है। आने वाले दिनों में स्थिति और चुनौतीपूर्ण होने की संभावना है। जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह ने बताया कि किसानों को अपनी आलू व सरसो की फसल पर छिड़काव करते रहना चाहिए।

## मनी लॉनड्रिंग....

के बयान को आधार मानते हुए चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी की गई है जो सही नहीं है। ईडी की जांच में चैतन्य बघेल ने लगातार सहयोग किया है, जांच में भी शामिल हुए हैं लेकिन एक बार भी उनका बयान नहीं लिया गया। सीधे उनकी गिरफ्तारी की गई है। उनका अपराध सिर्फ यही है कि वह पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे हैं।

## जीरो

सत्यापन15 अक्टूबर 2025 से शुरू हुए दूसरे चरण में 16 योजनाओं के अंतर्गत वंचित परिवारों का स्थलीय सत्यापन किया जा रहा है, जिसे 15 जनवरी तक पूरा किया जाना है। इस दौरान पीएम उज्ज्वला योजना, शौचालय सहायता योजना, जल जीवन मिशन के अलावा विद्युत कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए पात्र लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य पूरी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। सर्वे में सामने आए तथ्यों के आधार पर महिलाओं को बड़े पैमाने पर आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की तैयारी है। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में करीब 11 हजार बच्चों को पुनः नामांकन के माध्यम से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076: फीडबैक से नीति निर्माणराज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार योगी सरकार ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 को योजनाओं की समीक्षा का मजबूत आधार बनाया है। हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों और सुझावों के विश्लेषण से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नीतियां जमीनी जरूरतों के अनुरूप हों और किसी भी पात्र परिवार को वंचित न रहना पड़े।

## श्रीगंगानगर...

चक 10के अनूपगढ़, नीटू सिंह उर्फ रवनीत सिंह (21) निवासी डबली राठान हनुमानगढ़ और सतपाल सिंह (27) निवासी चक 04 एसटीआर घड़साना के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार जगनदीप सिंह के पास से 1019 ग्राम, नीटू सिंह के पास से 2048 ग्राम और सतपाल सिंह के पास से 1021 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। वहीं सतपाल के बैग से ड्रोन मिला, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान से हेरोइन मंगाने में किया गया था। पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उनसे गहन पूछताछ कर रही है, जिससे अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क और सीमा पार संपर्कों को लेकर बड़े खुलासे होने की संभावना है। बीएसएफ के सहयोग से आसपास के खेतों, रास्तों और संभावित ठिकानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इतनी बड़ी मात्रा में हेरोइन की बरामदगी के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। सीमा क्षेत्र में ड्रोन के जरिए बढ़ रही नशे की तस्करी को देखते हुए निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया कुम्हरार पार्क का निरीक्षण, सौंदर्यीकरण के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कुम्हरार पार्क परिसर को बेहतर ढंग से विकसित करने के लिये भारत सरकार को पत्र लिखने के लिये अधिकारियों को निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री श्री कुमार ने आज ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल कुम्हरार पार्क का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने निरीक्षण के क्रम में कुम्हरार पार्क परिसर में संरक्षित किए गए मगध साम्राज्य काल से संबंधित स्तम्भ के अवशेषों को देखा। उन्होंने पार्क में बुलंदीबाग उत्खनन, कुम्हरार उत्खनन, मौर्यकालीन अस्सी स्तंभों युक्त विशाल कक्ष आदि से जुड़ी जानकारी से संबंधित लगे बोर्ड का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ने कृष्णदेव स्मृति सभागार स्थित पाटलीपुत्र दीर्घा में कुम्हरार के मौर्य वास्तुकला, भौतिक सांस्कृतिक आयाम, कुम्हरार उत्खनन संबंधी भग्नावशेष, पाटलीपुत्र की कला, संस्कृतियों का प्रभाव आदि से संबंधित लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री कुमार को बताया कि कुम्हरार पार्क परिसर भारत सरकार के अधीन है, जिसका रखरखाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा किया जा रहा है। पूर्व में यहाँ किए गए उत्खनन में कई प्राचीन एवं ऐतिहासिक वस्तुएं एवं निर्माण संबंधी अवशेष मिले हैं। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने कुम्हरार पार्क परिसर को बेहतर ढंग से विकसित करने के लिये भारत सरकार को पत्र लिखने के लिये अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कुम्हरार पार्क काफी ऐतिहासिक और प्राचीन स्थल है, जो मगध साम्राज्य से जुड़ा हुआ है। कुम्हरार पार्क काफी बड़ा है, काफी तादाद में लोग यहाँ घूमने आते हैं। इस पार्क परिसर के साथ-साथ प्रदर्शों का रखरखाव और बेहतर ढंग से किया जाना चाहिये। इस स्थल से जुड़ी जानकारी को जानने और समझने के लिए इतिहास के विद्यार्थी तथा इतिहास में रुचि रखनेवाले लोग देश के अलग-अलग हिस्सों के अलावा अन्य देशों से भी यहाँ आते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुये इस पार्क परिसर का सौंदर्याकरण कराया जाना आवश्यक है। गौरतलब है कि वर्ष 1912-15 एवं 1951-55 में इस पुरास्थल की खुदाई के दौरान 80 स्तम्भयुक्त मौर्यकालीन एक विशाल कक्ष (सभागार) प्रकाश में आया, जिसके भू-विन्यास में स्तम्भों की 10 पंक्ति पूरब से पश्चिम एवं 8 पंक्ति उत्तर से दक्षिण हैं, स्तम्भों एवं पंक्तियों के मध्य लगभग 15 फीट का अंतराल है। सभागार दक्षिणाभिमुख है। पुरास्थल के चारों ओर हुई विकास गतिविधियों एवं भू-जल स्तर में वृद्धि के कारण भग्नावशेष जलमग्न हो गये। फलस्वरूप स्तम्भों व पुरावशेषों के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न हो गया।



# न्याय संहिता के क्रियान्वयन में दिल्ली पुलिस का दबदबा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। न्याय संहिता (नए कानूनों) के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में दिल्ली पुलिस ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नवंबर 2025 के लिए सीसीटीएनएस प्रगति डैशबोर्ड में दिल्ली पुलिस ने देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। खास बात यह है कि इससे पहले अक्टूबर में भी दिल्ली पुलिस प्रथम रही थी।

विशेष पुलिस आयुक्त देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा मॉनिटर किए जाने वाले इस प्रगति डैशबोर्ड में राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों का आकलन डेटा की गुणवत्ता, समयबद्धता, सटीकता और मात्रा के आधार पर किया जाता है। यह मूल्यांकन सीसीटीएनएस और इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) से जुड़े राष्ट्रीय स्तर के पोर्टलों पर किए गए कार्यों पर आधारित होता है। विशेष पुलिस आयुक्त ने बताया कि एनसीआरबी द्वारा तय 15 प्रमुख मानकों में पुलिस थानों का सीसीटीएनएस से जुड़ाव, डिजास्टर रिकवरी सेंटर की स्थापना, कोर एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर में एंट्री, पुराने रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण, स्टेट और नेशनल डेटा सेंटर में डेटा सिंकिंग, अदालतों में सीसीटीएनएस-जनित एफआईआर भेजना, नागरिक पोर्टल सेवाएं तथा आईसीजेएस की राज्य स्तरीय समितियों की नियमित बैठकें शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली पुलिस इससे पहले भी दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 में प्रगति डैशबोर्ड पर प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है। अक्टूबर-नवंबर 2025 में दोबारा नंबर-1 रहना दिल्ली पुलिस की निरंतर, सशक्त और अनुकरणीय कार्यशैली को दर्शाता है। इस उपलब्धि में क्राइम ब्रांच की सीसीटीएनएस टीम की भूमिका बेहद अहम रही। टीम ने डेटा एंट्री की सख्त निगरानी, जिलों के साथ रीयल-टाइम समन्वय, तकनीकी व प्रक्रियात्मक समस्याओं का समाधान तथा फील्ड यूनिट्स को लगातार मार्गदर्शन देकर उच्च स्तर की सटीकता और समयबद्धता सुनिश्चित की। विशेष पुलिस आयुक्त ने बताया कि सभी जिलों और यूनिट्स के अधिकारियों व कर्मचारियों ने तय समयसीमा का पालन, जांच से जुड़ी त्वरित अपडेट, रिकॉर्ड का सटीक डिजिटलीकरण और वरिष्ठ अधिकारियों व तकनीकी टीमों के साथ समन्वय कर इस सफलता को संभव बनाया। दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा ने क्राइम ब्रांच की सीसीटीएनएस टीम और सभी जिलों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों की पेशेवर प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए तकनीक-आधारित, नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग में इसी तरह उत्कृष्टता बनाए रखने का आह्वान किया।

# विपक्ष राजनीतिक लाभ के लिए बयान को तोड़-मरोड़ रहा: गिरधारी लाल साहू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड राज्य की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या के पति गिरधारी लाल साहू ने महिलाओं के सम्मान को लेकर उठे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि देश की समस्त बहन-बेटियां उनके लिए सम्माननीय हैं। राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से विपक्ष उनके बयान को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि उनके किसी वक्तव्य से किसी की भावना आहत हुई हो, तो वे इसके लिए क्षमा मांगते हैं। शुक्रवार को गिरधारी लाल साहू ने स्पष्ट किया कि हाल ही में सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के दौलाघट में आयोजित माताओं-बहनों एवं बुजुर्गों के स्वागत समारोह के दौरान उनके संबोधन को गलत संदर्भ में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मित्र की शादी से जुड़ा एक प्रसंग मात्र हास्य के रूप में साझा किया गया था, जिसे गलत अर्थों में लिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी दल इस विषय को अनावश्यक रूप से तूल दे रहे हैं, जबकि उनका सामाजिक जीवन महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित रहा है। उन्होंने बताया कि वे प्रतिवर्ष बरेली में श्रीरामलीला आयोजन के अंतर्गत 101 निर्धन बेटियों के विवाह में सहयोग करते आ रहे हैं और यह सेवा वर्षों से निरंतर जारी है। शाहू ने दोहराया कि सोमेश्वर विधानसभा ही नहीं, बल्कि प्रदेश और देश की प्रत्येक बेटी उनके लिए देवी स्वरूप है। दरअसल, उत्तराखंड सरकार में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वे यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि बिहार में लड़की 20-25 हजार में मिल जाती है।

# उत्तरकाशी जिले में पहली बार कैमरे में कैद हुआ दुर्लभ पक्षी सिरकीर मालकोहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में पहली बार दुर्लभ पक्षी सिरकीर मालकोहा की मौजूदगी दर्ज की गई है। अपर यमुना वन प्रभाग बड़कोट की वन विभागीय टीम ने दिसंबर माह में बड़कोट के आसपास के क्षेत्रों में इस पक्षी को अपने कैमरे में कैद किया। इससे पूर्व अक्टूबर माह में हिमालयन सिरो की भी उपस्थिति दर्ज की गई थी।

वन क्षेत्राधिकारी रवांई शेखर सिंह राणा ने बताया कि सिरकीर मालकोहा लंबी पूंछ वाली प्रायः जैतून-भूरे रंग की चिड़िया है, जिसकी पहचान इसकी अनोखी घुमावदार लाल चोंच से होती है। यह प्रजाति सामान्यतः उत्तराखंड के मैदानी जिलों में पाई जाती है और शुष्क झाड़ीदार वनों तथा एक हजार मीटर (यानी करीब 3,280 फीट) से नीचे की खुली वनभूमि में इसका आवास माना जाता है। ऐसे में बड़कोट क्षेत्र में इसका दिखना दुर्लभ होने के साथ-साथ शोध का महत्वपूर्ण विषय है। वनाधिकारी राणा ने बताया कि इस मौसम में इस पक्षी का दिखाई देना विशेष महत्व रखता है, क्योंकि पक्षियां अन्य जीवों की तुलना में जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यंत संवेदनशील होती हैं। उनका स्थानांतरण और उपस्थिति पर्यावरणीय बदलावों का संकेत देती है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता के लिहाज़ से उत्तरकाशी जनपद अत्यंत समृद्ध है। पक्षी विशेषज्ञों ने अब तक जिले में लगभग 370 प्रजातियों की चिड़ियां रिकार्ड की जा चुकी हैं। सिरकीर मालकोहा के दर्ज होने से जिले की पक्षी प्रजातियों की सूची में एक और इजाफा हुआ है। वन विभाग का मानना है कि अभी भी जनपद में कई अन्य दुर्लभ पक्षी प्रजातियों की मौजूदगी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। यह खोज उत्तरकाशी की जैव विविधता को समझने और संरक्षण के प्रयासों को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। इससे पूर्व बीते अक्टूबर माह में अपर यमुना वन प्रभाग की शीतकालीन लंबी दूरी गश्त के दौरान वन विभाग की टीम को हिमालयन सिरो दिखा था। यह एक शाकाहारी, मध्यम आकार का स्तनपायी है, जो बकरी, गाय और गधे का मिश्रण जैसा दिखता है।



# मनीष तिवारी ने श्री हरिमंदिर साहिब में माथा टेका

अमृतसर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद मनीष तिवारी ने शुक्रवार को यहां सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में माथा टेका। इसके बाद मीडिया कर्मियों से बात करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि आज वह सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में वाहेगुरु से सभी की अच्छी सेहत और भलाई के लिए अरदास करने आये हैं, ताकि वर्ष 2026 दुनिया, देश और विशेष रूप से पंजाब के लिए खुशहाली लेकर आये। लोग शांति, प्रगति और खुशियों से भरा जीवन जियें। श्री तिवारी ने कहा कि दुनिया भर में आंतरिक संघर्ष बढ़ रहे हैं और हर जगह टकराव का माहौल है। इसलिए वह अपने सहयोगियों के साथ सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब सभी की भलाई के लिए अरदास करने आये हैं। उन्होंने परमात्मा से प्रार्थना की कि दुनिया में शांति हो, देश प्रगति करे। इस अवसर पर पिछले वर्ष पंजाब को हुए नुकसान, खासकर बाढ़ के बारे में श्री तिवारी ने कहा कि पंजाब ने न केवल हाल के समय में, बल्कि सदियों से कठिनाइयों का सामना किया है, लेकिन पंजाब, पंजाबियों और पंजाबियत की यह बड़ी जीत है कि कितनी भी मुश्किलें और चुनौतियां आयी हों, पंजाबियों ने हर चुनौती का साहस के साथ सामना किया है।

# पटना में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़, कुख्यात मैनेजर राय को लगी गोली

पटना। पटना जिले के खगौल थाना क्षेत्र में पुलिस और अपराधियों की बीच गुरुवार की देर रात हुई मुठभेड़ में कुख्यात मैनेजर राय को गोली लगी है। वह हत्या व लूट के मामले में फरार चल रहा था। इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि खगौल थाना क्षेत्र अंतर्गत वांछित इनामी अपराधी मैनेजर राय के संबंध में पुलिस को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पटना पुलिस ने बिहार एसटीएफ के सहयोग से सघन तलाशी अभियान प्रारंभ किया गया। तलाशी के दौरान पुलिस की सक्रियता को भांपते हुए अभियुक्त भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस बल पीछा करते हुए उसे रुकने की चेतावनी दी, इसी दौरान अभियुक्त ने पुलिस बल पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस की ओर से आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें वांछित मैनेजर राय के घुटने के नीचे गोली लग गई।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड : मंत्री का भरोसा, सरकार बिना भेदभाव कर रही दायित्वों का पालन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। प्रदेश सरकार के मंत्री सुबोध उनियाल ने शुक्रवार को अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर राज्य सरकार की कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में हर प्रकार की जांच के लिए पूरी तरह तैयार है और बिना किसी भेदभाव के अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन कर रही है। पार्टी मुख्यालय में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि यह एक अत्यंत संवेदनशील विषय है, जिसे सरकार पूरी गंभीरता से देख रही है। उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद महिला अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। मंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से न्यायालय में मजबूत पैरवी की गई, जिसके परिणामस्वरूप अब तक किसी भी आरोपी को जमानत नहीं मिल पाई है। उन्होंने यह भी बताया कि न्यायालय ने सीबीआई जांच की मांग को खारिज कर दिया, जबकि उच्चतम न्यायालय ने भी इस संबंध में दायर याचिका को अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास इस मामले से जुड़े ठोस साक्ष्य हैं, तो उन्हें प्रस्तुत किया जा सकता है। सरकार गवाहों और संबंधित व्यक्तियों को पूरी सुरक्षा प्रदान करेगी। ऑडियो क्लिप से जुड़े मामलों की सत्यता की भी जांच की जा रही है। मंत्री सुबोध उनियाल ने दोहराया कि सरकार व्यक्ति की सुरक्षा और संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हर स्तर पर जांच के लिए तैयार है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, सह प्रभारी राजेंद्र सिंह नेगी तथा प्रवक्ता कमलेश रमन उपस्थित रहे।



# चंडीगढ़ में मेयर समेत तीन पदों के चुनाव की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़।द्ध चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पदों के लिए जनवरी के अंत होने वाले चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पिछले चुनावों में हुए विवादों को ध्यान में रखते हुए इस बार कुछ नई व्यवस्थाएं की जा रही हैं। नगर निगम के असेंबली हॉल में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही ऑब्जर्वर के बैठने की व्यवस्था में भी बदलाव किया जा रहा है। इस बार चुनाव हाथ खड़े करके कराए जाने की संभावना है। साथ ही, इस बात पर विशेष नजर रखी जाएगी कि चुनाव के दौरान कोई भी सदस्य किसी को प्रलोभन या धमकी न दे। फिलहाल मेयर चुनाव की तारीख घोषित नहीं हुई है, इसलिए नगर निगम की ओर से अभी नोटिफिकेशन भी जारी नहीं किया गया है। हालांकि, अगले कुछ दिनों में अधिसूचना जारी होने की संभावना है। तीनों पदों का कार्यकाल 29 जनवरी तक है। चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए डिप्टी कमिश्नर असेंबली हॉल का निरीक्षण करेंगे। डिप्टी कमिश्नर निशांत कुमार यादव आज नगर निगम पहुंच सकते हैं और दोपहर के समय व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। हॉल में मौजूद व्यवस्थाओं और आवश्यक सुधारों को लेकर वे अधिकारियों को दिशा-निर्देश देंगे। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त होने के बाद चुनाव से संबंधित नोटिस जारी किया जाएगा। उधर, नगर निगम चंडीगढ़ के वार्डों के परिसीमन को लेकर प्रशासन ने एक बड़ा और स्पष्ट फैसला लिया है।

# अभिनेत्री उर्मिला सनावर पर कसा शिकंजा, गिरफ्तारी वारंट की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर ऑडियो और वीडियो वायरल करने के बाद चर्चा में आई अभिनेत्री उर्मिला सनावर की कानूनी परेशानियां बढ़ गई हैं। विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमों को लेकर मिले नोटिसों की अनदेखी करना अब उन पर भारी पड़ता दिख रहा है। हरिद्वार पुलिस ने ज्वालापुर कोतवाली और झबरेड़ा थाने से जुड़े मामलों में सहारनपुर स्थित उनके आवास पर पहुंचकर दो अलग-अलग नोटिस चस्पा किए हैं। इसके साथ ही पुलिस ने संकेत दिए हैं कि अगला कदम गिरफ्तारी वारंट का हो सकता है।

उर्मिला सनावर के तथाकथित ऑडियो वीडियो में भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम का नाम सामने आने के बाद शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बहादराबाद थाने में उर्मिला सनावर और सुरेश राठौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसी प्रकरण में ज्वालापुर कोतवाली में भी एक मुकदमा दर्ज हुआ है। जानकारी के मुताबिक, उर्मिला सनावर को अब तक तीन नोटिस भेजे जा चुके हैं, लेकिन वह एक बार भी जांच में शामिल होने नहीं पहुंचीं। पुलिस का कहना है कि यदि वह निर्धारित समय सीमा में पेश नहीं होती हैं, तो कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उनकी तलाश में एसटीएफ को भी लगाया गया है। भाजपा से निष्कासित पूर्व विधायक सुरेश राठौर और अभिनेत्री उर्मिला सनावर से जुड़े वायरल ऑडियो सामने आने के बाद यह पूरा प्रकरण प्रदेशभर में सुर्खियों में आ गया है। ऑडियो सामने आने के बाद से ही उर्मिला सनावर और सुरेश राठौर दोनों फरार हैं। बताया जा रहा है कि पंजाब से उर्मिला का दो दिन पहले एक अंतिम वीडियो सामने आया था, जिसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं है। इससे पहले पुलिस ज्वालापुर स्थित सुरेश राठौर के आवास पर भी नोटिस चस्पा कर चुकी है। एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह के अनुसार एसआईटी इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। पुलिस टीमें सुरेश राठौर और उर्मिला दोनों की लोकेशन ट्रेस करने में जुटी हैं।



# लूटपाट के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (नॉर्दर्न रेंज-क्र) ने कंझावला थाना क्षेत्र में मोबाइल लूट के मामले में वांछित अपराधी को सात महीने बाद गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान बवाना निवासी अनिल (28) के रूप में हुई है। आरोपित को रोहिणी कोर्ट द्वारा भगोड़ा भी घोषित किया जा चुका था। जांच में पता चला है कि आरोपित नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाने का घोषित बदमाश (बीसी) भी है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने शुक्रवार को बताया कि कंझावला थाने में दर्ज लूट के मामले में आरोपित की गिरफ्तारी की गई है। आरोपित घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था और अलग-अलग ठिकानों पर छिपकर पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार, पिछले साल 25 मई को आरोपित अनिल ने अपने साथी दीपक के साथ मिलकर शिकायतकर्ता सईद से मोबाइल फोन लूट लिया था। वारदात के दौरान दीपक को मौके पर ही दबोच लिया गया था, जबकि अनिल लूटा गया मोबाइल लेकर फरार हो गया था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार लगातार तलाश और दबिश के बावजूद जब आरोपित हाथ नहीं लगा तो 6 दिसंबर को रोहिणी कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया। इसके बाद गुरुवार को क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूचना मिली कि आरोपित बवाना स्थित जेजे कॉलोनी में अपनी मां से मिलने के लिए आने वाला है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063